संस्थापक : श्रद्धेय राकेश भारद्वाज | समूह संपादक : रवि भारद्वाज | नई दिल्ली, गुरुवार 06 नवंबर 2025 ₹ 2 | www.actionindialive.com | Facebook.com/actionindialivee



हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने गुरु पर्व पर गुरुद्वारा बंगला साहिब में नवाया शीश और की अरदास।

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# एक्शन इंडिया

वर्षः 19 अंकः 306 पृष्ठः 12 RNI : DELHIN/2006/19302

actionindianews@gmail.com राष्ट्रीय संस्करण दिल्ली - हरियाणा - हिमाचल प्रदेश - उत्तराखण्ड - चंडीगढ़

RKB GROUP Rakesh Bhardwaj Group

# ऑपरेशन सिंदूर के बाद सेना को ज्यादा आजादी मिलीः आर्मी चीफ

## आज कोई भी देश अकेले सुरक्षित नहीं, साझा इनोवेशन ही सुरक्षा कवचः आर्मी चीफ जनरल उपेंद्र द्विवेदी

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्लीः** जनरल उपेंद्र द्विवेदी ने दिल्ली में इंडिया डिफेंस कॉन्क्लेव में अपनी बात रखी। कहा कि भविष्य में युद्ध एक तरीके या क्षेत्र तक सीमित नहीं रहेगा। आर्मी चीफ जनरल उपेंद्र द्विवेदी ने मंगलवार को कहा कि आज दुनिया में कई तरह के खतरे हैं और ये तेजी से बदल रहे हैं। ऐसे में कोई भी देश अकेले सुरक्षित नहीं रह सकता। अब सबको मिलकर काम करना होगा। उन्होंने कहा- रक्षा क्षेत्र में मिलजुलकर की गई खोज (इनोवेशन) ही सबसे मजबूत सुरक्षा कवच है। जनरल द्विवेदी मंगलवार को दिल्ली में हुए इंडिया डिफेंस कॉन्क्लेव 2025 में बोल रहे थे। इस कार्यक्रम में सेना के वरिष्ठ अधिकारी, रक्षा विशेषज्ञ और उद्योग जगत के लोग शामिल हुए। इस दौरान आर्मी चीफ ने कहा- सेना अब ड्रोन युद्ध, क्वांटम टेक्नोलॉजी, 6जी और स्पेस मिशन जैसे क्षेत्रों में तेजी से आगे बढ़ रही है। हम ऐसी तकनीकों पर काम कर रहे हैं जो नागरिक और सैन्य दोनों जगह उपयोगी हों। जनरल द्विवेदी ने बताया कि ऑपरेशन सिंदूर के बाद सेना को आर्थिक मजबूती मिली है, अब सेना को काम करने में ज्यादा आजादी और लचीलापन मिल रहा है। इसी वजह से नए हथियार और तकनीक को शामिल करने की प्रक्रिया तेज हो गई है। सेना ऑटोमेशन की तरफ बढ़ रही- भविष्य में होने वाली लड़ाई में मशीनें और टेक्नोलॉजी का बड़ा रोल होगा। सेना अब पूरी तरह ऑटोमेशन और मैन-अनमैन्ड टीम्स की तरफ देख रही है। इससे सैनिकों की उतनी ही संख्या से हमें ज्यादा काम मिल सके। यह तभी हो पाएगा, जब उद्योग हमारे साथ मिलकर नई तकनीक दें।

जंग विचारों को ताकत में बदलने की क्षमता पर निर्भर करेगी- आने वाले समय में युद्ध किसी एक तरीके या क्षेत्र तक सीमित नहीं रहेगा।

भविष्य की जंग इस बात पर निर्भर करेगी कि हम अपने विचारों को कितनी जल्दी असली ताकत और क्षमता में बदल पाते हैं।



### हम अपने दम पर भी मजबूत हो रहेः सेना प्रमुख

**सेना** प्रमुख ने कहा कि विचार से क्षमता तक पहुंचने का मतलब है कि निर्भरता से आत्मनिर्भरता और फिर आत्मनिर्भरता से शक्ति हासिल करना।

भारत ने कई आधुनिक हथियार बनाए हैं, जैसे आकाश एयर डिफेंस सिस्टम, तोप और जोरावर लाइट टैंक। ये उदाहरण बताते हैं कि भारत अब रक्षा के क्षेत्र में अपने दम पर मजबूत हो रहा है।

**जमीन ही जीत का असली पैमाना**

सेना प्रमुख ने कहा कि अब बेशक लड़ने का तरीका बदल गया है और अब झगड़े सिर्फ सीमा तक सीमित नहीं रहते। लेकिन चाहे युद्ध जैसा भी हो, अंत में जमीन ही जीत का असली पैमाना होती है।

### 'ऑपरेशन सिंदूर ने पूरे देश को एक सूत्र में बांधा'



**चीफ** ऑफ डिफेंस स्टाफ (सीडीएस) जनरल अनिल चौहान ने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर के बाद सेना ने कई अहम बातें सीखी हैं, जिन्हें अब नई थिएटर कमान व्यवस्था में शामिल किया जाएगा। दरअसल, थिएटर कमान व्यवस्था के तहत, सेना, नौसेना और वायुसेना की यूनिटें मिलकर एक संयुक्त कमान में काम करेंगी, ताकि किसी भी सुरक्षा चुनौती का जल्दी और बेहतर जवाब दिया जा सके। जनरल चौहान ने बताया कि अब सेना को 'न्यू नॉर्मल' के लिए हर समय तैयार रहना होगा। हमें पाकिस्तान की पूरी सीमा में अपनी निगरानी और जवाबी कार्रवाई की क्षमता रखनी होगी। यही हमारी नई हकीकत है।

**आर्मी चीफ बोले- हमने कभी नमाज के वक्त हमला नहीं किया**

जनरल उपेंद्र द्विवेदी 53 साल बाद अपने बचपन के स्कूल सरस्वती हायर सेकेंडरी स्कूल पहुंचे थे। इस दौरान आर्मी चीफ ने कहा- ऑपरेशन सिंदूर एक धर्म युद्ध था, यह आगे भी जारी रहेगा। हमने किसी भी निर्दोष को नुकसान नहीं पहुंचाया, न ही नमाज या किसी भी धार्मिक प्रार्थना के समय हमला किया। आर्मी चीफ उपेंद्र द्विवेदी ने बताया कि 1971-72 में चौथी क्लास में इस स्कूल में पढ़े हैं। इतने सालों बाद अपने स्कूल लौटकर वह भावुक हो गए। उन्होंने कहा- ऑपरेशन सिंदूर ने पूरे देश को एक सूत्र में बांधा।



काशी में देव दीपावली- 25 लाख दीये जगमगाए :यह पिछले साल से 5 लाख ज्यादा; थीम ऑपरेशन सिंदूर, विदेशी पर्यटक भी पहुंचे।

# हरियाणा के बाद बिहार में 'ऑपरेशन सरकार' चोरी की कोशिशः राहुल गांधी

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली।** कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष और लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने बुधवार को नई दिल्ली के इंदिरा भवन में एच फाइल्स नाम से प्रेस कॉन्फ्रेंस कर हरियाणा चुनाव में बड़े पैमाने पर वोट चोरी के गंभीर आरोप लगाए। उन्होंने यह भी आशंका जताई कि हरियाणा में जो हुआ, वही अब बिहार में भी दोहराया जा सकता है। यह प्रेस कॉन्फ्रेंस उस वक्त हुई, जब गुरुवार बिहार में पहले चरण की 121 विधानसभा सीटों के लिए मतदान होना है। राहुल गांधी ने आरोप लगाया कि हरियाणा में करीब 25 लाख फर्जी वोटर बनाए गए हैं और यह एक संगठित वोट चोरी का मामला है। उन्होंने दावा किया कि यह फर्जीवाड़ा किसी स्थानीय स्तर पर नहीं, बल्कि उच्च स्तर पर किया गया है। उन्होंने कहा कि हरियाणा में कुल लगभग दो करोड़ वोटर हैं, जिनमें से हर आठवां मतदाता फर्जी है। हरियाणा में 25,41,144 वोट फर्जी हैं। इनमें 5,21,619 डुप्लीकेट वोटर, 93,174 अमान्य पते, और 19,26,351 बल्क वोटर शामिल हैं। इसके अलावा फॉर्म-6 (नाम जोड़ने) और फॉर्म-7 (नाम हटाने) का भी बड़े पैमाने पर दुरुपयोग किया गया, लेकिन चुनाव आयोग ने अब इन आंकड़ों तक पहुंच रोक दी है। राहुल गांधी ने बताया कि यह मामला बेहद गंभीर है, क्योंकि इतनी बड़ी वोट चोरी के बावजूद कांग्रेस पार्टी सिर्फ 22,779 वोटों के अंतर से हारी।




# द.अफ्रीका के खिलाफ दो मैचों की टेस्ट सीरीज के लिए भारतीय टीम घोषित

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्लीः** भारतीय विकेटकीपर-बल्लेबाज ऋषभ पंत की टेस्ट टीम में शानदार वापसी हुई है। उन्हें दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ होने वाली दो मैचों की टेस्ट सीरीज के लिए टीम में शामिल किया गया है। साथ ही पंत को श्रेयस गिल की कप्तानी वाली टीम का उपकप्तान भी नियुक्त किया गया है। यह सीरीज 14 नवंबर से शुरू होगी। पंत इंग्लैंड के खिलाफ पिछली टेस्ट सीरीज में शुभमन गिल के उपकप्तान थे, लेकिन चौथे टेस्ट में उन्हें पैर की चोट लग गई थी, जिसके कारण वे सीरीज से बाहर हो गए थे। अब पूर्ण रूप से फिट होकर उन्होंने शानदार वापसी की है। अजीत अगरकर की अगुवाई वाली बीसीसीआई की वरिष्ठ चयन समिति ने 15 सदस्यीय टीम की घोषणा की। टीम से प्रसिद्ध कृष्णा और एन जगदीशन को बाहर किया गया है, जबकि पंत के साथ आकाश दीप को भी शामिल किया गया है। तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी को एक बार फिर चयनकर्ताओं ने नजरअंदाज किया है।



# हार की जिम्मेदारी से बचने का बहाना खोज रहे राहुलः बीजेपी

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्लीः** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी द्वारा पिछले साल हरियाणा विधानसभा के चुनावों में वोट चोरी का आरोप लगाये जाने पर पलटवार किया और कहा कि राहुल गांधी अपनी नाकामियों को छिपाने के लिए झूठे और बेतुके दावे कर रहे हैं ताकि बिहार में होने वाली कांग्रेस की करारी हार के जिम्मेदारी से बचने का बहाना मिल जाये। भाजपा मुख्यालय में बुधवार को आयोजित प्रेस वार्ता में केंद्रीय मंत्री और भाजपा नेता किरेन रिजिजू ने कहा कि कांग्रेस नेता राहुल गांधी अपनी नाकामियों को छिपाने के लिए झूठे और अतार्किक दावे कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि बिहार में दो दिन बाद मतदान है लेकिन आज राहुल गांधी हरियाणा की कहानी सुना रहे थे। इससे साफ है कि बिहार में तो मुद्दा बचा ही नहीं इसलिए ध्यान भटकाने एवं हार की जिम्मेदारी से बचने का बहाना खोजने के लिए हरियाणा का मुद्दा गढ़ा जा रहा है। श्री रिजीजू ने कहा कि राहुल गांधी कह रहे हैं कि एग्जिट पोल में कांग्रेस जीत रही थी।

साल 2004 के चुनाव के दौरान भी एग्जिट पोल और ओपिनियन पोल भाजपा और राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) को जिता रहे थे लेकिन मतगणना के नतीजों में राजग हार गया। हमने परिणाम को स्वीकार किया और संयुक्त प्रगतिशील गठबंधन (संप्रग) को बधाई दी लेकिन हमने चुनाव आयोग को गाली नहीं दी। लोकतंत्र में जीत और हार, दोनों को स्वीकार करना पड़ता है।




> राहुल गांधी अपनी नाकामियों को छिपाने के लिए झूठे और बेतुके दावे कर रहे हैं ताकि कांग्रेस की हार के जिम्मेदारी से बच सके

# लोकतंत्र के तीनों स्तंभ का काम करना जरूरीः सीजेआई गवई

**टीम एक्शन इंडिया**

**मुंबईः** मुख्य न्यायाधीश भूषण गवई ने कहा है कि लोकतंत्र के तीनों स्तंभ कार्यपालिका, विधायिका और न्यायपालिका। ये सभी नागरिकों के कल्याण के लिए अस्तित्व में हैं। कोई भी संस्था अलग-थलग रहकर कार्य नहीं कर सकती। साथ ही उन्होंने स्पष्ट किया कि संविधान के मूल सिद्धांत स्वतंत्रता, न्याय और समानता तभी साकार होंगे जब ये तीनों इकाइयां साथ मिलकर काम करें। सीजेआई गवई मुंबई में महाराष्ट्र नेशनल लॉ यूनिवर्सिटी (एमएनएलयू) के नए कैंपस के शिलान्यास कार्यक्रम में बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि न्यायपालिका के पास न तो ह्यतलवार की ताकतह्ल है और न ही ह्यशब्दों की ताकतह्ल। जब तक कार्यपालिका साथ न दे, तब तक न्यायपालिका को न्यायिक ढांचे और कानूनी शिक्षा के लिए उचित बुनियादी ढांचा उपलब्ध कराना कठिन हो जाता है। उन्होंने कहा कि कानून शिक्षा अब व्यवहारिक प्रशिक्षण के साथ आगे बढ़ रही है, इसलिए अधोसंरचना का मजबूत होना अत्यंत जरूरी है।

**सीजेआई ने महाराष्ट्र सरकार की सराहना की**

सीजेआई गवई ने उन आलोचनाओं को गलत बताया, जिनमें कहा गया कि महाराष्ट्र सरकार न्यायिक बुनियादी ढांचे को लेकर उदासीन है। उन्होंने कहा कि यह धारणा तथ्यों पर आधारित नहीं है। इसके विपरीत, राज्य सरकार और मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने हमेशा न्यायपालिका को सर्वोत्तम सुविधाएं उपलब्ध कराने में सक्रिय भूमिका निभाई है। उन्होंने कहा कि महाराष्ट्र में न्यायपालिका को जो बुनियादी ढांचा मिला है। सीजेआई गवई ने कहा कि कानून शिक्षा अब अधिक व्यावहारिक और सामाजिक दृष्टिकोण से विकसित हो रही है। उन्होंने डॉ. भीमराव आंबेडकर का हवाला देते हुए कहा कि एक वकील केवल कानून का जानकार नहीं होता, बल्कि वह एक सामाजिक अभियंता भी होता है जो समाज में न्याय की स्थापना करता है। उन्होंने कहा कि भारत में जो अधोसंरचना तैयार की जा रही है।



# बिहार विधानसभा चुनाव का पहला महासंग्रामः 121 सीटों के लिए आज मतदान



**टीम एक्शन इंडिया**

**पटना।** बिहार विधानसभा चुनाव-2025 के रण का शंखनाद अब निर्णायक चरण में प्रवेश कर चुका है। गुरुवार को पहले चरण में 18 जिलों की 121 सीटों पर मतदान होगा, जिसमें कुल 3.75 करोड़ से अधिक मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे। इन मतदाताओं में 1.76 करोड़ महिलाएं और 19 लाख से अधिक प्रथम मतदाता शामिल हैं, जो इस बार सियासत की दिशा तय करने में अहम भूमिका निभाने वाले हैं।

**पहले चरण में 122 महिला एवं 1192 पुरुष उम्मीदवार**

बिहार के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी विनोद सिंह गुंजियाल के अनुसार, इस चरण में कुल 1314 उम्मीदवार मैदान में हैं, जिनमें 122 महिलाएं और 1192 पुरुष उम्मीदवार शामिल हैं। मतदान सुबह 7 बजे से शाम 5 बजे तक होगा, जबकि दूरस्थ नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में समय घटाया गया है। कल जिनके भाग्य का फैसला होना है, उनमें दोनों उप-मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी और विजय कुमार सिन्हा का नाम शामिल है। इसके अलावा 15 मंत्रियों की भी किस्मत का फैसला पहले चरण में होना है, जिनमें विजय कुमार चौधरी, श्रवण कुमार, मंगल पांडे, मदन सहनी, नितीन नवीन, महेश्वर हजारी, सुनील कुमार, रत्नेश सादा, केदार प्रसाद गुप्ता, सुरेन्द्र मेहता, संजय सरावगी, डॉ. सुनील कुमार, जिवेश मिश्रा, राजू कुमार सिंह और कृष्ण कुमार मंटू है।

# राहुल देश में अराजकता फैलाने की कोशिश कर रहेः राजनाथ

**टीम एक्शन इंडिया**

**पटनाः** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने बुधवार को बांका में चुनावी सभा में आरोप लगाया कि कांग्रेस नेता राहुल गांधी देश में अराजकता फैलाने की कोशिश कर रहे हैं। क्योंकि, उन्होंने सशस्त्र बलों में आरक्षण की मांग की है। बिहार के जमुई जिले में एक जनसभा को संबोधित करते हुए सिंह ने कहा कि राहुल जी को क्या हो गया है? वे रक्षा बलों में आरक्षण का मुद्दा उठा रहे हैं। वह देश में अराजकता फैलाने की कोशिश कर रहे हैं। हमारी सेनाएं इन सब चीजों से ऊपर हैं। रक्षा मंत्री ने बिहार में चुनाव प्रचार के दौरान राहुल गांधी के हालिया मछली पकड़ने के प्रयास पर तंज कसते हुए कहा कि कांग्रेस नेता के पास अब कोई चारा नहीं बचा है, इसलिए उन्हें तालाब में कूदना पड़ा। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी को समझना चाहिए कि देश चलाना बच्चों का खेल नहीं है।

पहलगाम आतंकी हमले के जवाब में की गई प्रतिघाती कार्रवाई ऑपरेशन सिंदूर की सफलता के लिए सशस्त्र बलों की सराहना की।

**'भारत किसी को उकसाता नहीं है'**

राजनाथ सिंह ने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर को रोका गया है, बंद नहीं किया गया। अगर आतंकवादी फिर से भारत पर हमला करने की कोशिश करेंगे, तो हम कड़ी कार्रवाई करेंगे। भारत किसी को उकसाता नहीं है, लेकिन अगर कोई हमें उकसाएगा तो हम उसे बख्शेंगे नहीं।

**एनडीए कभी भेदभाव नहीं करता**

रक्षा मंत्री ने आरोप लगाया कि राष्ट्रीय जनता दल के शासनकाल में लोगों को डराया-धमकाया जाता था। कांग्रेस ने कभी नहीं चाहा कि सीमा क्षेत्रों में बेहतर सड़कें बनें। उन्होंने कहा कि बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार पर एक भी भ्रष्टाचार का मामला नहीं है।



## पाक के साथ क्रिकेट मैच हो सकता है तो करतारपुर कॉरिडोर क्यों नहीं खुल सकताः भगवंत

**चंडीगढ़।** पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान ने करतारपुर साहिब कॉरिडोर के मुद्दे पर केंद्र सरकार की आलोचना करते हुए कहा कि जब भारत-पाकिस्तान के बीच क्रिकेट मैच हो रहे हैं तो करतारपुर का कॉरिडोर भी खुला रहना चाहिए। इससे श्रद्धालुओं को सुविधा मिलेगी और दोनों देशों में व्यापार, रोजगार और आपसी भरोसे के नए रास्ते खुलेंगे। कांग्रेस अध्यक्ष राजा वडिंग की धर्म और जाति से जुड़ी टिप्पणी पर कहा कि मैं इस बारे में कुछ नहीं कहना चाहता। मैं गुरु के घर आया हूं। जो लोग इस तरह की भावना रखते हैं, उन्हें स्वयं इसका एहसास हो जाएगा कि वो गलत हैं। मैं उनके लिए भी प्रार्थना करता हूं कि परमात्मा उन्हें समझ और मार्गदर्शन प्रदान करें।



### हिमाचल प्रदेश सरकार को नागरिक-केंद्रित डिजिटल सेवा वितरण में उत्कृष्ट उपलब्धि के लिए सम्मानित किया गया

# हिमाचल प्रदेश को 'पीपल फर्स्ट इंटीग्रेशन अवार्ड ' से किया गया सम्मानित

**पंकज शर्मा**

**शिमला।** भारत सरकार के इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय द्वारा हिमाचल प्रदेश सरकार को नागरिक-केंद्रित डिजिटल सेवा वितरण में उत्कृष्ट उपलब्धि के लिए सम्मानित किया गया है। हिमाचल प्रदेश सरकार के डिजिटल टेक्नोलॉजीज और गवर्नेंस विभाग को 4 नवंबर, 2025 को नई दिल्ली में आयोजित 'डिजि लॉकर 2025' राष्ट्रीय कार्यशाला और सम्मेलन में 'पीपल फर्स्ट इंटीग्रेशन अवार्ड' प्रदान किया गया।

यह पुरस्कार हिमसेवा (ई-डिस्ट्रिक्ट) की 51 सेवाओं के साथ-साथ हिम परिवार और हिम एसेस कार्ड के सफल एकीकरण को मान्यता देता है, जो राज्य की डिजिटल परिवर्तन यात्रा में एक महत्त्वपूर्ण उपलब्धि है।

इस अवसर पर मुख्यमंत्री के नवाचार, डिजिटल टेक्नोलॉजी और गवर्नेंस के प्रधान सलाहकार गोकुल बुटेल ने कहा कि यह उपलब्धि मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंद्र सिंह सुक्खू के निरंतर मार्गदर्शन और दूरदर्शी नेतृत्व का परिणाम है, जिन्होंने शासन में डिजिटलीकरण और पारदर्शिता को प्राथमिकता दी है। उन्होंने कहा, "मुख्यमंत्री व्यस्त कार्यक्रम के बावजूद हर महीने डिजिटलाइजेशन पहलों की समीक्षा करते हैं, जिससे विभागों में डिजिटल परिवर्तन को तेजी से लागू करने में मदद मिली है।इ श्री बुटेल ने कहा "यह पुरस्कार राज्य सरकार की उस मजबूत प्रतिबद्धता को दशार्ता है जिसके तहत हम नवाचार और तकनीक के माध्यम से डिजिटल समावेशन और नागरिक सशक्तिकरण को बढ़ावा दे रहे हैं। उन्होंने पहल की प्रमुख विशेषताएं बताते हुए कहा 'हिम परिवार और हिम एसेस परियोजनाओं के तहत हमारा उद्देश्य एक एकीकृत डिजिटल पारिस्थितिकी तंत्र तैयार करना है, जिससे प्रत्येक नागरिक को पारदर्शी, कुशल और समावेशी सेवा वितरण सुनिश्चित हो सके। यह राष्ट्रीय सम्मान हिमाचल प्रदेश की डिजिटल गवर्नेंस में अग्रणी भूमिका को और मजबूत करता है।



> यह पुरस्कार हिमसेवा की 51 सेवाओं के साथ-साथ हिम परिवार, हिम एसेस कार्ड के सफल एकीकरण को मान्यता देता है

# सार्वजनिक भूमि पर अवैध कब्जा करने वालों को देना होगा हिसाब- सीएम

## माफियाओं को सीएम योगी ने दी चेतावनी, कहा- अवैध कब्जा कर समाज को डराने-धमकाने का काम करोगे तो लेने के देने पड़ जाएंगे, सीएम योगी ने लखनऊ में माफिया से मुक्त कराई गई जमीन पर दुर्बल आय वर्ग के 72 परिवारों को दिए फ्लैट

**टीम एक्शन इंडिया**

**लखनऊ:** कार्तिक पूर्णिमा के पावन पर्व पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने लखनऊ में माफिया से मुक्त कराई गई भूमि पर सरदार वल्लभभाई पटेल आवासीय योजना का लोकार्पण किया। जियामऊ, डालीबाग स्थित एकता वन में आयोजित भव्य समारोह में सीएम ने दुर्बल आय वर्ग के 72 परिवारों को फ्लैट के आवंटन पत्र वितरित किए। इस दौरान सीएम योगी ने कहा कि यह केवल आवास वितरण नहीं, बल्कि संदेश है कि माफिया से छीनी गई भूमि पर गरीबों का आशियाना बनेगा। उन्होंने कहा कि यह उन लोगों के लिए चेतावनी है जो माफिया को शागिर्द बनाते हैं, उनकी कब्र पर फातिहा पढ़ते हैं, वे गरीबों का शोषण करवाते हैं। अब यूपी में ऐसा नहीं चलेगा। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि अगर कोई गरीबों की जमीन पर कब्जा करेगा, अगर कोई सार्वजनिक भूमि पर अवैध कब्जा करके समाज को डराने-धमकाने का काम करेगा, तो लेने के देने पड़ जाएंगे। यह सरकार जनता के अधिकारों की रक्षा के लिए पूरी दृढ़ता के साथ खड़ी है। उन्होंने कहा कि यही नए भारत और नए



उत्तर प्रदेश की पहचान है, जहां विकास के साथ धर्म, संस्कृति और परंपरा का संगम है। मुख्यमंत्री ने लाभार्थी परिवारों से मुलाकात की, उन्हें गृह प्रवेश का सामान भेंट किया, नन्हीं बच्चियों को गोद में लेकर दुलार किया और चॉकलेट बांटी। इस दौरान आवास परिसर में सीएम योगी ने वृक्षारोपण भी किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सीएम योगी ने लोगों को कार्तिक पूर्णिमा की बधाई दी। उन्होंने कहा कि आज लाखों श्रद्धालु गढ़मुक्तेश्वर, टिकरी, सुखतीर्थ, बदायूं, प्रयागराज, काशी, अयोध्या में स्नान कर पुण्य लाभ ले रहे हैं। काशी में सायं देव दीपावली पर देवता दीप जलाएंगे। इस पावन अवसर पर लखनऊ में माफिया से मुक्त भूमि पर लाभार्थियों को आवास देना सौभाग्य है। उन्होंने कहा कि इस प्राइम लोकेशन पर लखनऊ विकास प्राधिकरण ने 10.70 लाख में फ्लैट दिए, इसकी कीमत बाजार में करीब 1 करोड़ रुपये है।

**जिन पात्र लोगों को अभी आवास नहीं मिला है, उनके लिए नई आवासीय स्कीम लाएगी सरकार**

उन्होंने कहा कि 8000 आवेदनों में 5700 आवदेन योग्य लोगों का था, इसमें से 72 को पहले आवंटन मिला है।

मुख्यमंत्री ने सभी 72 लाभार्थियों को आवास की सुविधा मिलने पर उन्हें और उनके परिवारों को बधाई देते हुए कहा कि इन लोगों को अब अपना सिर उठाकर सम्मानपूर्वक जीवन जीने का अवसर मिला है। यह प्रधानमंत्री आवास योजना से कवर होगा तो यह और सस्ता व लाभकारी होगा। उन्होंने कहा कि आज लखनऊ में कितना सुंदर वातावरण बना है, कितने अच्छे पार्क विकसित हो चुके हैं। सरकार चाहती है कि हर नागरिक खुशहाली से अपना जीवन व्यतीत करे और प्रदेश के विकास में भागीदार बने। सीएम योगी ने कहा कि यह तो सिर्फ शुरूआत है अब यह अभियान पूरे प्रदेश में बड़े पैमाने पर चलाया जाएगा ताकि हर गरीब, हर जरूरतमंद को उसका सम्मानजनक आवास मिल सके।

**2017 से तय किया था कि यूपी की नकारात्मक छवि बदलेंगे- सीएम योगी**

माफियाओं पर जीरो टॉलरेंस नीति पर जोर देते हुए सीएम योगी ने कहा कि 2017 से तय किया था कि यूपी की नकारात्मक छवि बदलेंगे। अपराध-अपराधियों पर जीरो टॉलरेंस नीति लागू करेंगे।

8.5 वर्षों में बिना रुके, बिना झुके माफियाओं पर कार्रवाई की। माफिया संविधान का अपमान करते, कानून का मजाक उड़ाते, अधिकारी भी उनके सामने झुक जाते थे। यही नहीं पूर्व सरकारें भी ऐसे माफियाओं के सामने घुटने टेकती थीं। उन्होंने कहा कि पूरब से पश्चिम, उत्तर से दक्षिण, बुंदेलखंड क्षेत्र और हर जगह माफिया हावी थे, लेकिन आज ऐसा नहीं है।

### माफियाओं को संरक्षण देने वालों को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने चेताया



सीएम योगी ने कहा कि उत्तर प्रदेश की जीरो टॉलरेंस की नीति ने इन माफियाओं की कमर तोड़ दी। सीएम योगी ने चेतावनी देते हुए कहा कि जो माफिया को सहानुभूति देते हैं, वे प्रदेश की क्षति कर रहे हैं। जालिम माफिया किसी के नहीं हैं इनसे गरीब, शोषित, व्यापारी, बहन-बेटियां सब असुरक्षित हैं। सरकार ऐसे माफियाओं और उन्हें प्रक्षय देने वालों के खिलाफ कार्रवाई करती रहेगी। विपक्ष पर तीखा प्रहार करते हुए सीएम योगी ने कहा कि जो लोग माफियाओं को शागिर्द बनाते थे और गरीबों का शोषण करवाते। आज उनकी कब्र पर फातिहा पढ़ते हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि आज माफियाओं की कब्जे वाली संपत्ति जब्त कर गरीबों को घर बनवाया जा रहा है। साथ ही उन्होंने सरकार की उपलब्धियों को गिनाते हुए कहा कि प्रदेश में अबतक 60 लाख गरीबों को आवास दिए हैं। इसके आलवा निवेश 15 लाख करोड़ जमीनी, 5 लाख पाइपलाइन, 45 लाख कुल। यूपी अनलिमिटेड पोटेंशियल वाला प्रदेश है। दंगे खत्म हुए और आज हर पर्व शांतिपूर्ण ढंग से मनाया जा रहा है। दुनिया भर से उद्यमी निवेश को तैयार हैं। उन्होंने का कहा कि एकता वन सरदार पटेल को सबसे बड़ी श्रद्धांजलि है। उन्होंने कहा कि कुकरेल-गोमती तट से माफिया मॉल हटाए, सौमित्र वन बनाया गया।

# कार्तिक पूर्णिमा पर उमड़ा आस्था का सैलाब, लाखों ने लगायी गंगा में डूबकी

**टीम एक्शन इंडिया**

**हरिद्वार।** कार्तिक पूर्णिमा स्नान पर्व पर तीर्थनगरी में देश के कई प्रांतों से आए लाखों श्रद्धालुओं ने हरकी पैड़ी समेत गंगा के विभिन्न घाटों पर पुण्य की डुबकी लगायी। भीड़ को देखते हुए पुलिस प्रशासन की ओर से सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए थे। कार्तिक पूर्णिमा के पावन पर्व पर धर्मनगरी हरिद्वार में आस्था और श्रद्धा का अनोखा संगम देखने को मिला। बुधवार तड़के से ही गंगा घाटों पर स्नानार्थियों की भीड़ उमड़ पड़ी। हर की पैड़ी से लेकर कुशावर्त, भीमगोड़ा, चंडीघाट, कनखल, दक्षेश्वर आदि गंगा घाटों पर श्रद्धालुओं का सैलाब दिखायी दिया। देश के कई राज्यों से आए श्रद्धालुओं ने गंगा में डुबकी लगाकर पुण्य लाभ अर्जित किया। स्नान के पश्चात श्रद्धालुओं ने देवदर्शन किए और दान आदि कर्म कर सुख-समृद्धि की कामना की। तीर्थनगरी के आश्रम, अखाड़ों में भी कार्तिक पूर्णिमा पर धार्मिक आयोजन हुए। गंगा स्नान पर्व पर श्रद्धालुओं की भीड़ के कारण गंगा तटों पर हर-हर गंगे और जय मां गंगे के जयकारों से वातावरण पूरी



- भीड़ को देखते हुए पुलिस प्रशासन की ओर से सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए थे

तरह भक्तिमय हो गया। स्नान के पश्चात श्रद्धालुओं ने दीपदान कर परिवार के सुख-समृद्धि की कामना की। नारायणी शिला मंदिर के मुख्य पुजारी पंडित मनोज त्रिपाठी ने बताया कि पौराणिक मान्यता के अनुसार इसी दिन भगवान शिव ने त्रिपुरासुर नामक राक्षस का अंत किया था। तभी से देवताओं ने पवित्र नदियों में स्नान और दान का विधान शुरू किया जो आज भी जारी है। वहीं भीड़ को ध्यान में रखते हुए प्रशासन ने सुरक्षा और व्यवस्थाओं को सख्त किया। पूरे मेला क्षेत्र को 11 जोन और 36 सेक्टर में विभाजित कर सुरक्षा बलों को तैनात किया गया। जल पुलिस, एसडीआरएफ, एनडीआरएफ और फ्लड रेस्क्यू टीमें गंगा घाटों पर तैनात किया गया। साथ ही ड्रोन कैमरों और अतिरिक्त सीसीटीवी से हर गतिविधि पर नजर रखी गयी। ट्रैफिक प्रबंधन के लिए रूट डायवर्जन और चेकिंग की व्यवस्था की गई है, ताकि श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की परेशानी न हो। गंगा स्नान को देखते हुए हरिद्वार आने वाली सड़कों के रूट को भी परिवर्तित किया गया।

# जातिसूचक टिप्पणी मामले में पंजाब कांग्रेस प्रमुख राजा वड़िंग पर एफआईआर दर्ज

**टीम एक्शन इंडिया**

**चंडीगढ़।** भारत के पूर्व गृहमंत्री के संबंध में बयान देकर विवादों में फंसे पंजाब कांग्रेस प्रधान एवं लुधियाना के सांसद अमरिंदर सिंह राजा वड़िंग के खिलाफ कपूरथला में एफआईआर दर्ज कर ली गई है। राजा के खिलाफ स्व. बूटा सिंह के बेटे सरबजोत सिंह सिद्धू ने पुलिस को शिकायत दी थी। दरअसल, राजा वड़िंग ने तरनतारन में चल रहे उपचुनाव के दौरान एक जनसभा में स्व. बूटा सिंह को लेकर विवादित बयान दिया था। उन्होंने कहा था- नाम सुणेया बूटा सिंह दा, काला रंग हुंदा सी, जमा काला, पठ्ठे पाउंदा सी पठ्ठे, कांग्रेस ने देश दा गृहमंत्री बणाया। हालांकि इस भाषण के दौरान वड़िंग ने रंघरेटे गुरु के बेटे का उदाहरण भी दिया था। इसके बावजूद विपक्षी दलों ने वड़िंग को पिछले कई दिनों से घेरा हुआ है। हालांकि, राजा वड़िंग माफी मांग चुके हैं, लेकिन तब भी मामला शांत नहीं हो रहा। अनुसूचित जाति आयोग ने वड़िंग पर कार्रवाई को लेकर तरनतारन के जिला उपायुक्त और एसएसपी से 7 दिन के भीतर जवाब मांगा है।



उत्तराखंड के राज्यपाल ने रीठा साहिब में मत्था टेका, गुरु नानक देव जी के उपदेशों को बताया मानवता का मार्गदर्शक।

# ठा. बांके बिहारी मंदिरः भीड़ के दबाव में फिर भिड़ गये पुलिसकर्मियों से श्रद्धालु

**लोकेश चौधरी**

**मथुरा।** वृंदावन के ठाकुर बांकेबिहारी मंदिर में गुरुवार को श्रद्धालुओं और पुलिसकर्मियों के बीच मंदिर में प्रवेश करने को लेकर कहासुनी हो गई। आरोप है कि श्रद्धालुओं ने आपा खो दिया और व्यवस्था में लगे पुलिसकर्मियों के साथ दुर्व्यवहार किया व हाथापाई की। इससे मंदिर परिसर में अफरा तफरी का माहौल बन गया। अतिरिक्त फोर्स बुलाकर झगड़ा करने वाले चार श्रद्धालुओं को चौकी लाया गया। जहाँ उनके खिलाफ कार्यवाही शुरू की। जनपद एटा के अलीगंज क्षेत्र से श्रद्धालु गुरुवार को बिहारीजी के दर्शन करने आये थे। गेट नम्बर दो से श्रद्धालु प्रवेश कर रहे थे, लेकिन मंदिर के अंदर श्रद्धालुओं की संख्या अधिक होने के कारण पुलिसकर्मियों ने गेट के बाहर उपस्थित श्रद्धालुओं को कुछ समय के लिये रोक दिया। इस

- आरोप है कि श्रद्धालुओं ने आपा खो दिया और व्यवस्था में लगे पुलिसकर्मियों के साथ दुर्व्यवहार किया व हाथापाई की

बात को लेकर अलीगंज के श्रद्धालुओं का पुलिसकर्मियों से विवाद हो गया। कहासुनी मारपीट में बदल गई। पुरुष और महिला श्रद्धालु पुलिसकर्मियों से उलझ गये। आरोप है कि पुलिसकर्मियों पर लात घूसे चलाये। पुलिसकर्मियों द्वारा अतिरिक्त फोर्स मंगाया गया तब जाकर श्रद्धालुओं को नियंत्रित किया जा सका। तीन पुरुष और एक महिला श्रद्धालु को पुलिस पकड़कर बांकेबिहारी मंदिर चौकी पर ले आई जहाँ उनके खिलाफ वैधानिक कार्यवाही की जा रही है। मंदिर के अंदर श्रद्धालुओं द्वारा किये गये हंगामा का वीडियो भी वायरल हो गया। बांकेबिहारी मंदिर में दर्शन के दौरान सुबह 10:53 बजे पर वहां आये लोगों ने ड्यूटीरत कांस्टेबल राघवेन्द्र सिंह के साथ मारपीट की है। वह अपने साथियों के साथ वहां भीड़ नियंत्रण और शांति व्यवस्था के लिए लिए तैनात थे। इस मारपीट के साक्ष्य भी सीसीटीवी फुटेज में हैं। तहरीर के आधार पर कार्यवाही की जा रही है।

# भारत-पाक सीमा पर त्रिशूल युद्धाभ्यास में ड्रोन आर्मी ने आसमान से दागे बम

**टीम एक्शन इंडिया**

**जोधपुर।** जैसलमेर से सटे भारत-पाकिस्तान बॉर्डर पर पहली बार ड्रोन आर्मी उतारी गई है। त्रिशूल युद्धाभ्यास के दौरान ड्रोन ने आसमान से बम दागे और दुश्मन के ठिकानों को तबाह किया। दरअसल, सेना ने एक ऐसा प्रोग्राम शुरू किया है, जिसका नारा है हर फौजी के पास चील (ईगल) जैसी नजर होगी। इसका मतलब है कि अब सेना खुद ही ऐसे ड्रोन बना रही है, जो जंग के मैदान में कमाल दिखा सकते हैं। ऑपरेशन सिंदूर के बाद पहली बार भारतीय सेना ने त्रिशूल अभ्यास के दौरान अपनी आसमानी सेना को भी अभ्यास में उतारा है और सेना अभ्यास ड्रोन के साथ दुश्मन को हर मोर्चे पर हराने के सफल प्रयोग कर रही है। यह पहल पूरी तरह से आत्मनिर्भर भारत की सोच पर आधारित है। दक्षिणी कमान ने इन ड्रोन को बनाने के लिए किसी और पर निर्भर न रहते हुए अपने अंदर ही एक पूरा सिस्टम तैयार कर लिया है। इसमें ड्रोन का डिजाइन बनाना, उसे विकसित करना और फिर बड़ी तादाद में बनाना है।

# मथुरा यातायात माहः एक महीने पुलिस पढाएगी यातायात नियमों का पाठ

**लोकेश चौधरी**

**मथुरा।** चार नवम्बर को जनपद में यातायात माह का विधिवत शुभारम्भ हो गया। धौली प्याऊ स्थित रेलवे ग्राउंड में आयोजित ब्रज रज उत्सव 2025 कार्यक्रम स्थल पर यातायात माह के शुभारम्भ पर भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर जिलाधिकारी चंद्र प्रकाश सिंह एवं एसएसपी श्लोक कुमार ने यातायात माह नवंबर 2025 का फीता काटकर शुभारंभ किया। यातायात जागरूकता रैली को हरी झंडी दिखाई। इससे पूर्व मां सरस्वती जी के चित्र पर माल्यार्पण व पुष्पर्पण किया तथा दीप प्रज्वलित किया। जिलाधिकारी सीपी सिंह ने यातायात माह के दौरान पुलिस और जिला प्रशासन की ओर से किये जाने वाले तमाम प्रयासों की जानकारी साझा की। इस दौरान आम लोगों से अपील की गई कि वह तेज गति से वाहन ना चलाएं। हाई सिक्योरिटी नम्बर प्लेट का ही प्रयोग करें और यातायात नियमों का अनुपालन करें। इस वर्ष केन्द्र सरकार की ओर से सडक दुर्घटनाओं की संख्या को आधा किये जाने के संकल्प के साथ काम किया जा रहा है। इस के लिए कई तरह की योजनाएं लाई गयी है। यातायात माह के दौरान लोगों को लगातार सतर्क किया जाता है। यातायात नियमों की जानकारी दी जाती है और दंडित भी किया जाता है। हालांकि यातायात माह का मुख्य उद्देश्य लोगों का यातायत नियमों और सडक पर अपनी और दूसरों की सुरक्षा कैसे की जा सकती है इसकी जानकारी दी जाती है। कार्यक्रम में राजीव सिंह पुलिस अधीक्षक नगर, राजकुमार अग्रवाल पुलिस अधीक्षक सुरक्षा, मनोज कुमार यादव पुलिस अधीक्षक यातायात आदि अधिकारियों की उपस्थिति रही।

### भाजपा का सीधे जनता से गठजोड़

# बिहार चुनाव हारने के डर से भूमिका तैयार कर रहे हैं राहुलः डॉ अरविंद शर्मा

**टीम एक्शन इंडिया**

**चंडीगढ।** सहकारिता, कारागार, निर्वाचन, विरासत व पर्यटन मंत्री डॉ अरविंद शर्मा ने कहा कि हरियाणा में लोकसभा चुनाव के दौरान पांच सीटे जीतकर खुश होने वाली कांग्रेस को विधानसभा चुनाव में जनता-जर्नादन ने लगातार तीसरी बार हरा दिया तो वो रोने लगे, जबकि दोनों बार मतदाता वही थे। कैबिनेट मंत्री डॉ अरविंद शर्मा ने कहा कि कांग्रेस और राहुल गांधी बिहार चुनाव में बडी हार को देखते हुए भूमिका तैयार कर रहे हैं कि उन्हें चुनाव हारने के बाद क्या बोलना है। राहुल गांधी द्वारा चुनाव आयोग और भाजपा की भूमिका को लेकर हरियाणा के संबंध में उठाए गए सवालों पर पलटवार करते हुए सहकारिता मंत्री डॉ अरविंद शर्मा ने कहा कि राहुल गांधी बिहार में बडी हार को देखकर घबरा गए हैं और हरियाणा के बहाने भाजपा और चुनाव आयोग में गठजोड का राग अलाप रहे हैं। कैबिनेट मंत्री डॉ अरविंद शर्मा ने कहा कि भाजपा का गठजोड सीधा जनता के साथ है, क्योंकि भाजपा ने गरीब, वंचित, जरूरतमंद के उत्थान की दिशा में जनता का भरोसा जीता है। चुनाव आयोग स्वायत्त संस्था है। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी द्वारा मतगणना से दो दिन पहले हमारी सब व्यवस्था है, पर राहुल गांधी द्वारा उठाए सवाल के जवाब में कैबिनेट मंत्री डॉ अरविंद



शर्मा ने कहा कि किसी को शक नहीं होना चाहिए कि भाजपा के पास व्यवस्था थी। मजबूत संगठन की व्यवस्था, पारदर्शी नीतियों की व्यवस्था, अंत्योदय भाव के साथ किसान, गरीब, मध्यम वर्गीय परिवारों, जरूरतमंद के उत्थान के लिए योजनाओं की व्यवस्था कांग्रेस की गुटबाजी, भेदभाव और भ्रष्टाचार की व्यवस्था पर भारी पडी। कैबिनेट मंत्री डॉ अरविंद ने कहा कि बिहार चुनाव में मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी द्वारा किए गए प्रचार और मंत्रिमंडल सहयोगियों द्वारा निभाई जा रही जिम्मेदारी के बीच गोहाना की जलेबी की मिठास भी बिहार पहुंच चुकी है।

उन्होंने कहा कि एनडीए गठबंधन बिहार में रिकार्डतोड बहुमत के साथ सरकार बना रहा है। एनडीए गठबंधन के जनता-जर्नादन में निरंतर बढ रहे विश्वास की बदौलत ही आज कांग्रेस और उनके सहयोगी दलों के पैर बिहार के चुनावी रण में उखडने लगे हैं।


# प्रवासी उत्तराखंडी हैं देवभूमि के सच्चे ब्रांड एम्बेसडरः मुख्यमंत्री धामी

**टीम एक्शन इंडिया**

**देहरादून।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने बुधवार को प्रवासी उत्तराखंडी सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि प्रवासी उत्तराखंडी देवभूमि के सच्चे ब्रांड एम्बेसडर हैं। प्रवासी उत्तराखंडी देवभूमि की संस्कृति, परंपराओं और मातृभूमि के गौरव को नई ऊंचाइयों तक पहुंचा रहे हैं। मुख्यमंत्री ने प्रवासी उत्तराखंडियों से आान किया कि वे भी राज्य के इस विकास अभियान में भागीदार बनें। इससे पहले मुख्यमंत्री धामी ने बुधवार को दून विश्वविद्यालय में राज्य स्थापना के रजत रजत जयंती समारोह के अंतर्गत आयोजित प्रवासी उत्तराखंडी सम्मेलन का शुभारंभ किया। इस अवसर पर प्रदेश के विभिन्न क्षेत्रों

- प्रवासी उत्तराखंडी सम्मेलन को मुख्यमंत्री ने किया संबोधित
- प्रवासियों से राज्य के विकास में भागीदार बनने का आान

में आई आपदाओं में जान गंवाने वालों के प्रति श्रद्धांजलि स्वरूप एक मिनट का मौन भी रखा गया। यहां मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तराखंड की विशिष्ट लोक संस्कृति, भाषा और बोली में झलकने वाली आत्मीयता हमें विश्वभर में जोड़ती है। उन्होंने कहा कि प्रवासी उत्तराखंडी जहां भी रहते हैं, अपने साथ देवभूमि की संस्कृति और अपनी मिट्टी की सुगंध लेकर चलते हैं। राज्य



सरकार ने प्रवासी उत्तराखंड परिषद का गठन इसी उद्देश्य से किया है ताकि उनके सुझाव और अनुभव राज्य के विकास की मुख्यधारा में शामिल किए जा सकें। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश के अनेक प्रवासी स्वयं अपने गांवों को गोद लेकर विकास में योगदान दे रहे हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के मार्गदर्शन में उत्तराखंड सरकार विकसित भारत, विकसित उत्तराखंड के लक्ष्य की दिशा में निरंतर आगे बढ़ रही है। उन्होंने कहा कि शिक्षा, स्वास्थ्य, सड़क, खेल, पेयजल और हवाई कनेक्टिविटी जैसे क्षेत्रों में राज्य ने उल्लेखनीय प्रगति की है। एक जनपद दो उत्पाद, हाउस ऑफ हिमालयाज, स्टेट मिलेट मिशन, नई पर्यटन नीति, वेड इन उत्तराखंड और सौर स्वरोजगार योजना जैसी योजनाओं से स्थानीय अर्थव्यवस्था में नई ऊर्जा आई है। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य ने सतत विकास लक्ष्यों में नीति आयोग की रैंकिंग में देश में प्रथम स्थान प्राप्त किया है। ईज ऑफ डूइंग बिजनेस में उत्तराखंड को एचीवर्स तथा स्टार्टअप रैंकिंग में लीडर्स श्रेणी प्राप्त होना राज्य के सुनियोजित प्रयासों का परिणाम है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार सांस्कृतिक मूल्यों और जनसांख्यिकीय संतुलन को बनाए रखने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। राज्य में देश का सबसे सख्त नकल-विरोधी कानून लागू किया गया है, जिसके परिणामस्वरूप पिछले चार वर्षों में 26 हजार से अधिक युवाओं को सरकारी सेवा प्राप्त हुई है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार भ्रष्टाचार के विरुद्ध जीरो टॉलरेंस की नीति पर कार्य कर रही है, जिसके तहत चार वर्षों में 200 से अधिक भ्रष्टाचारियों को जेल भेजा गया है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार का लक्ष्य है कि स्वर्ण जयंती वर्ष तक उत्तराखंड ऐसा राज्य बने जहां हर युवा को सम्मानजनक रोजगार मिले, पलायन रुके और प्रवासियों की गौरवपूर्ण वापसी हो। विकास भी, विरासत भी की भावना के साथ राज्य सांस्कृतिक समृद्धि और आर्थिक आत्मनिर्भरता की दिशा में अग्रसर है। पूर्व मुख्यमंत्री और महाराष्ट्र के पूर्व राज्यपाल भगत सिंह कोश्यारी ने कहा कि हमारी देवभूमि का रहस्य और विरासत ईमानदारी तथा परिश्रम में निहित है।

# सिख गुरुओं की दिव्य शिक्षाएं सम्पूर्ण मानवता के लिए अमर प्रेरणा हैं: रेखा

धर्म का सार सेवा में है और मानवता का सत्य प्रेम में: मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता

**अरदास**

संगत-पंगत परंपरा ने समाज को समानता और भाईचारे की डोर से जोड़ा : रेखा गुप्ता



**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली।** दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने बुधवार को श्री गुरु नानक देव जी महाराज के प्रकाश पर्व पर पटना साहिब स्थित तख्त श्री हरमंदिर जी में अरदास की। मुख्यमंत्री ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट एक्स पर इसके चित्र साझा करते हुए कहा कि संगत और पंगत की परंपरा ने समाज को समानता, विनम्रता और भाईचारे की डोर से जोड़ा है। श्री गुरु नानक देव जी महाराज की शिक्षाएं हमें सिखाती हैं कि धर्म का सार सेवा में है और मानवता का सत्य प्रेम में। मुख्यमंत्री ने कहा कि आज पावन प्रकाश पर्व के अवसर पर पटना साहिब स्थित तख्त श्री हरमंदिर जी में गुरु महाराज की वाणी का स्मरण करने का अवसर प्राप्त हुआ। इस अवसर पर पूर्व केंद्रीय मंत्री अनुराग सिंह ठाकुर तथा भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के साथी भी मौजूद रहे। मुख्यमंत्री ने कहा कि इस ऐतिहासिक और दिव्य धरती पर कदम रखते ही हृदय श्रद्धा, शांति और आत्मिक आनंद से भर उठा। सिख गुरुओं की दिव्य शिक्षाएं सम्पूर्ण मानवता के लिए अमर प्रेरणा हैं। यह पावन स्थान श्री गुरु गोविंद सिंह महाराज की स्मृतियों से जुड़ा है जिनका साहस, त्याग और धर्म के प्रति समर्पण युगों-युगों तक प्रेरणास्त्रोत बना रहेगा।

## विजेंद्र ने गुरुद्वारा में मत्था टेका, बोले- गुरु नानक देव जी का संदेश मानवता के पथ को आलोकित करता है



**नई दिल्ली।** गुरु नानक देव महाराज के पावन प्रकाश पर्व पर आज दिल्ली विधानसभा के अध्यक्ष विजेंद्र गुप्ता ने गुरुद्वारा बंगला साहिब में मत्था टेका। उन्होंने अरदास में भाग लेकर गुरु नानक देव जी की शिक्षाओं के प्रति गहरी श्रद्धा व्यक्त की। अपना अनुभव को साझा करते हुए उन्होंने कहा कि इस पवित्र स्थल की शांति और पवित्रता समाज और राष्ट्र की सेवा के लिए समर्पित होने की प्रेरणा देती है। हम सभी गुरु नानक देव जी के एकता, करुणा और विश्व बंधुत्व के आदर्शों को जीवन में अपनाने का संकल्प लें। गुरु नानक देव जी के दिव्य संदेश आज भी धर्मनिष्ठा और मानवता के पथ को आलोकित करता है। उनकी शिक्षाएं समय और धर्म की सीमाओं से परे हैं, जो हमें सत्य, विनम्रता और सेवा से युक्त जीवन जीने की प्रेरणा देती हैं। विजेंद्र गुप्ता ने गुरुद्वारा में आयोजित गुरु नानक देव महाराज के जीवन और विरासत को समर्पित विशेष प्रदर्शनी का भी भ्रमण किया। प्रदर्शनी में गुरु नानक देव के जीवन से जुड़े दुर्लभ अभिलेखीय फोटोग्राफ, पांडुलिपियां और उनके उपदेशों एवं यात्राओं से संबंधित दृश्य प्रस्तुत किए गए।

# कांग्रेस ने 'फूल वालों की सैर' आयोजित न होने पर एलजी और सीएम को घेरा

**उठाए सवाल**

यह आयोजन डीडीए और वन विभाग के प्रशासनिक पेच के बीच फंस कर रह गया: देवेंद्र यादव



**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली।** दिल्ली प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष देवेंद्र यादव ने फूल वालों की सैर आयोजित न होने पर दिल्ली के उपराज्यपाल विनय कुमार सक्सेना और मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता को घेरा है। दिल्ली में फूल वालों की सैर का आयोजन दो नंवबर को किया जाता है, इस बार दिल्ली विकास प्राधिकरण ने इसके आयोजन कि इजाजत नहीं दी। देवेंद्र यादव ने बुधवार को एक विज्ञप्ति जारी करते हुए कहा कि 200 वर्ष से भी ज्यादा समय से हर वर्ष आयोजित होने वाले फूल वालों की सैर त्यौहार इस वर्ष राजधानी में आयोजित नहीं हुआ। यह आयोजन डीडीए और वन विभाग के प्रशासनिक पेच के बीच फंस कर रह गया और आयोजकों को इसे रद्द करना पड़ा। फूल वालों की सैर का आयोजन रद्द होने पर भाजपा नेता अथवा मुख्यमंत्री या कोई मंत्री तक कुछ कहने से बच रहे है। देवेंद्र यादव ने भाजपा सरकार पर सदियों पुराने त्योहार ह्यफूल वालों की सैरह्न पर राजनीति करने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि जब सरकार के सामने प्रदूषण और बिजली और पानी की कमी जैसी कई समस्याएं हैं, भाजपा अपनी बुनियादी जिम्मेदारी निभाने में असफल तो रही है लेकिन उनका सांस्कृतिक कार्यक्रम बंद करना बेहद निराशाजनक है। देवेंद्र यादव ने कहा कि हिन्दु-मुसलमानों के बीच एकता की मिसाल रहे फूल वालों की सैर त्योहार को बंद करने के पीछे कहीं इसका मुगलों से जुड़ा इतिहास तो नहीं, क्योंकि भाजपा शैक्षणिक पाठ्क्रम से मुगल काल के इतिहास और जानकारी को खत्म करने की कवायद कर रही है। उन्होंने कहा कि 1811 से शुरू हुई फूल वालों की सैर को इससे पहले भी अंग्रेजों ने इसे 1942 बंद कर दिया था, जिसे प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहर लाल नेहरु ने 1962 में इसे फिर से शुरू किया।

## सचदेवा ने दी गुरु नानक देव के प्रकाश पर्व और देव दीपावली की शुभकामनाएं

**नई दिल्ली।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के दिल्ली प्रदेश अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने बुधवार को गुरु नानक देव के प्रकाश पर्व और देव दीपावली के पावन अवसर पर प्रदेशवासियों को शुभकामनाएं दीं। दिल्ली प्रदेश अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने सोशल मीडिया एक्स पर पोस्ट कर कहा कि सिखों के प्रथम गुरु, सत्य और मानवता के प्रकाश पुंज श्री गुरु नानक देव के प्रकाश पर्व पर कोटि-कोटि नमन। आपने दुनिया को एक ओंकार और नाम जपो, किरत करो, वंड छको का संदेश दिया। भेदभाव, अहंकार और अन्याय के विरोध में आपकी वाणी आज भी मार्गदर्शक है।

# स्वदेशी राष्ट्रीय गोधन शिखर सम्मेलन नई दिल्ली में हुआ प्रारंभ

**ऐतिहासिक**

छह दिवसीय गौ-आधारित सतत विकास आंदोलन की दिशा में एक ऐतिहासिक पहल




**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय गोधन महासंघ द्वारा आयोजित स्वदेशी राष्ट्रीय गोधन शिखर सम्मेलन 2025 का शुभारंभ नई दिल्ली के इंडिया गेट सर्किल स्थित मेजर ध्यानचंद राष्ट्रीय स्टेडियम में हुआ। यह छह दिवसीय शिखर सम्मेलन 5 से 10 नवम्बर 2025 तक आयोजित किया जाएगा और इसका प्रमुख विषय है, बायो ई3 पॉलिसी के माध्यम से आत्मनिर्भर भारत - पर्यावरण, अर्थव्यवस्था और रोजगार। सम्मेलन स्थल पर 600 से अधिक स्टॉल लगाए गए हैं, जिनमें पंचगव्य उत्पाद, जैविक खेती के समाधान, हरित ऊर्जा नवाचार और पर्यावरण अनुकूल तकनीकें प्रदर्शित की जा रही हैं। यह शिखर सम्मेलन उद्यमियों, किसानों और पर्यावरणविदों के लिए एक सशक्त मंच प्रदान कर रहा है, जहाँ गौधन आधारित अर्थव्यवस्था के नए अवसरों पर विचार-विमर्श किया जा रहा है। आज प्रातः इसका उद्घाटन श्री आलोक कुमार जी (अंतरराष्ट्रीय अध्यक्ष, विश्व हिंदू परिषद), श्री नायब सिंह सैनी (मुख्यमंत्री, हरियाणा), श्री संतोष तनेजा जी (संस्थापक, संकल्प) और सुश्री बंसुरी स्वराज जी (सांसद) की गरिमामयी उपस्थिति में संपन्न हुआ। राष्ट्रीय गोधन महासंघ के राष्ट्रीय संयोजक श्री विजय खुराना ने कहा, बायो ई3 पॉलिसी के माध्यम से हमारा लक्ष्य पर्यावरण, अर्थव्यवस्था और रोजगार के बीच एक सतत संतुलन स्थापित करना है। गौशालाएं अब केवल गायों की सेवा तक सीमित नहीं हैं, बल्कि वे ग्रामीण सशक्तिकरण की रीढ़ बन चुकी हैं, जो रोजगार सृजन, हरित नवाचार और भारत की आत्मनिर्भर यात्रा को आगे बढ़ा रही हैं। देशभर की गौशालाओं के माध्यम से 20 लाख से अधिक रोजगार के अवसर सृजित हुए हैं। वर्ष 2006 में जहां 9,500 गौशालाएं थीं, वहीं अब यह संख्या 2024 में बढ़कर 22,000 से अधिक हो चुकी है, जो गौ-आधारित उद्यमिता के निरंतर विस्तार को दर्शाती है।

# हत्या के मामले में दो वांछित आरोपित गिरफ्तार

**टीम एक्शन इंडिया**


**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस की क्राइम ब्रांच की ईस्टर्न रेंजझकटीम ने हत्या के मामले में दो वांछित आरोपितों रिंका और हर्ष को गिरफ्तार किया है। दोनों आरोपित लंबे समय से फरार चल रहे थे।

क्राइम ब्रांच के पुलिस उपायुक्त विक्रम सिंह ने बुधवार को बताया कि थाना साउथ रोहिणी क्षेत्र में पांच सितंबर को हबीब नामक युवक की हत्या कर दी गई थी। स्थानीय पुलिस ने उक्त मामले में मुकदमा दर्ज किया। जांच के दौरान पुलिस ने पाया कि हत्या में पांच युवक अमन राठौर, विक्की, अनिल (सभी निवासी बुराड़ी) और रिंका तथा हर्ष (दोनों निवासी गाजीपुर) शामिल थे। स्थानीय पुलिस ने पहले तीन आरोपितों को गिरफ्तार कर लिया था, जबकि रिंका और हर्ष फरार हो गए थे। दोनों लगातार दिल्ली-एनसीआर के अलग-अलग ठिकानों पर ठहरते हुए पुलिस की पकड़ से बचते रहे। पुलिस उपायुक्त ने बताया कि क्राइम ब्रांच की ईस्टर्न रेंजझक टीम के इंस्पेक्टर आशीष शर्मा को दोनों फरार आरोपितों की गतिविधियों के संबंध में गुप्त सूचना मिली कि वे मायूर विहार फेज-3 स्थित रेडफॉक्स होटल के पास आने वाले हैं। सूचना को पुख्ता कर पुलिस टीम ने इलाके को घेरकर जाल बिछाया। शाम के समय जैसे ही दोनों मौके पर पहुंचे, पुलिस ने उन्हें रुकने का इशारा किया। दोनों ने भागने की कोशिश की, लेकिन टीम ने पीछा कर दोनों को दबोच लिया।

# दो संगीन मामलों में घोषित आरोपी गिरफ्तार

**काबू**

आरोपित नितेश को अदालत से 14 दिन की अंतरिम जमानत मिली थी, लेकिन वह फरार हो गया। अदालत ने उसे भगोड़ा घोषित कर दिया




**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस की क्राइम ब्रांच की नॉर्दर्न रेंज-टीम ने लंबे समय से फरार चल रहे कुख्यात अपराधी नितेश दहिया उर्फ निटे को गिरफ्तार किया है। आरोपित दो संगीन मामलों अपहरण व हत्या (थाना बवाना) और दुष्कर्म व पॉक्सो एक्ट (थाना कंझावला) में घोषित अपराधी था। इसके अलावा गुरुग्राम पुलिस ने उसके खिलाफ गैर-जमानती वारंट भी जारी किया था। क्राइम ब्रांच के पुलिस उपायुक्त पंकज कुमार ने बताया कि साल 2018 में बवाना थाना क्षेत्र में एक युवक साहिल उर्फ गैब्सू के अपहरण व हत्या का मामला दर्ज हुआ था। जांच के दौरान मृतक की प्रेमिका के बयान में सामने आया कि साहिल को लड़की के पिता विजेंद्र और भाइयों राकेश, मनीष, लोकेश, नितेश दहिया और सौरभ ने मिलकर बेरहमी से पीटा और उसकी हत्या कर दी। बाद में शव को सोनीपत के सिलाना गांव के पास नहर में फेंक दिया गया। आरोपित नितेश को अदालत से 14 दिन की अंतरिम जमानत मिली थी, लेकिन वह फरार हो गया। अदालत ने उसे भगोड़ा घोषित कर दिया।

# दो नाबालिग लापता लड़कियों को खोजकर परिवार से मिलवाया




**बरामद**

एक बच्ची को अमृतसर (पंजाब) से और दूसरी को दिल्ली के नजफगढ़ इलाके से सुरक्षित बरामद किया

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस की क्राइम ब्रांच की एंटी ह्यूमन ट्रैफिकिंग यूनिट (एएचटीयू) ने दो अलग-अलग मामलों में लापता नाबालिग लड़कियों को सफलतापूर्वक बरामद कर उनके परिजनों से मिलाया है। एक बच्ची को अमृतसर (पंजाब) से और दूसरी को दिल्ली के नजफगढ़ इलाके से सुरक्षित बरामद किया गया। दोनों मामलों में पुलिस ने तकनीकी निगरानी और सतत प्रयासों से सफलता हासिल की। क्राइम ब्रांच के पुलिस उपायुक्त पंकज कुमार के अनुसार पहला मामला चाणक्यपुरी थाना क्षेत्र से 15 वर्षीय लड़की के लापता होने की रिपोर्ट 3 नवंबर को दर्ज की गई थी। मामले की गंभीरता को देखते हुए क्राइम ब्रांच की एएचटीयू यूनिट ने जांच अपने हाथों में ली। टीम को सुराग मिलने पर पुलिस अमृतसर (पंजाब) पहुंची और अमरकोट क्षेत्र में किराये के मकान से लड़की को बरामद किया। जांच में पता चला कि लड़की उसी इमारत में रहने वाले एक युवक के संपर्क में आई थी और उसके बहकावे में आकर घर से बिना बताए उसके साथ अमृतसर चली गई थी। पुलिस ने लड़की को सुरक्षित बरामद कर परिवार को सौंप दिया। वहीं दूसरा मामला अलीपुर थाना क्षेत्र का है। जहां 15 वर्षीय लड़की 31 जुलाई 2025 को लापता हुई थी। मामला दर्ज होने के बाद इंस्पेक्टर मनोज दहिया, महिला कॉन्स्टेबल अंजू और कॉन्स्टेबल धर्मराज की टीम ने जांच शुरू की। पुलिस ने परिजनों, रिश्तेदारों और परिचितों से पूछताछ की और कॉल डिटेल रिकॉर्ड का विश्लेषण किया। तकनीकी जांच से पता चला कि लड़की गुमनहेड़ा गांव, नजफगढ़ (दिल्ली) में रह रही है। टीम ने मौके पर पहुंचकर लड़की को बरामद किया। पूछताछ में सामने आया कि वह परिवार में झगड़े के कारण घर से चली गई थी और पिछले कुछ महीनों से अकेले रहकर घरेलू काम कर रही थी।

# युवा सम्मेलन डीयू के गार्गी कॉलेज में 7 नवंबर से

**सम्मेलन**

युवा सम्मेलन विमर्श संविधान: द सोल ऑफ भारत का तीन दिवसीय कार्यक्रम का आयोजन होने जा रहा



**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली।** भारत के संविधान की आत्मा और उसकी वर्तमान प्रासंगिकता पर युवाओं, बुद्धिजीवियों तथा परिवर्तनकर्ताओं के बीच सार्थक संवाद स्थापित करने के लिए युवा सम्मेलन "विमर्श 2025 संविधान : द सोल ऑफ भारत का तीन दिवसीय कार्यक्रम का आयोजन होने जा रहा है। यह सम्मेलन दिल्ली विश्वविद्यालय के कमला नेहरू कॉलेज एवं गार्गी कॉलेज में 7 से 9 नवंबर तक आयोजित होगा। तीन दिनों के इस आयोजन में विचार-सत्र, कार्यशालाएं, प्रदर्शनी, पुस्तक चर्चा, पैनल इंटरैक्शन, थीमैटिक स्टॉल, ओपन माइक, सांस्कृतिक प्रस्तुतियां, डॉक्यूमेंट्री स्क्रीनिंग और कलाकार संध्या जैसी विविध गतिविधियां शामिल होंगी। डॉ. मीनू रानी ने बुधवार को पत्रकार वार्ता को संबोधित करते हुए बताया कि "विमर्श" कार्यक्रम की शुरूआत 2016 में भारतीय मूल्यों पर विद्यार्थियों के संवाद के रूप में हुई थी। शुरू में 100 लोगों के साथ प्रारंभ हुआ यह आयोजन आज हजारों युवाओं से जुड़ चुका है। उन्होंने कहा मीडिया और विधि (लॉ) के माध्यम से युवाओं से जुड़ते हैं। यूनिट का कार्यक्रम 'भारत पूर्व' के नाम से मनाया जाता है, जबकि एनसीडब्ल्यूईबी का 'रितम' के माध्यम से। डॉ. मीनू रानी ने कहा कि युवाओं का कार्य केवल विमर्श तक सीमित नहीं, बल्कि समाज में परिवर्तन लाना है। निरंतर उद्देश्यों को प्राप्त करने के लिए युवाओं को प्रेरित करना आवश्यक है। उन्होंने युवाओं से अपील की कि यह सम्मेलन जियो-पॉलिटिक्स, जेंडर, कल्चर और आर्थिक स्थिति जैसे मुद्दों पर बड़े-बड़े विशेषज्ञों के साथ जुड़ने का सुनहरा अवसर है।

# अवैध रूप से भारत में रह रहा बांग्लादेशी गिरफ्तार

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली।** उत्तर पश्चिम जिले की विदेशी सेल ने अवैध रूप से भारत में रह रहे एक बांग्लादेशी ट्रांसजेंडर को महेन्द्रा पार्क थाना क्षेत्र से गिरफ्तार किया है। आरोपित के पास से दो बांग्लादेशी राष्ट्रीय पहचान पत्र बरामद किए गए हैं। पुलिस ने उसके खिलाफ विदेशी अधिनियम 1946 के तहत कार्रवाई करते हुए निर्वासन (डिपोर्टेशन) की प्रक्रिया शुरू कर दी है। पकड़े गए आरोपित की पहचा मो. सुमन मियां उर्फ पिंकी के रूप में हुई है। उत्तर पश्चिम जिले के पुलिस उपायुक्त भीष्म सिंह ने बुधवार को बताया कि जिले की विदेशी सेल को हाल ही में सूचना मिली थी कि महेन्द्रा पार्क क्षेत्र के पास गेट नंबर-2, एनएस मंडी के निकट एक संदिग्ध व्यक्ति घूम रहा है, जो संभवतः बांग्लादेशी नागरिक है। सूचना के आधार पर इंस्पेक्टर विपिन कुमार की देखरेख में एक टीम गठित की गई। टीम ने इलाके में निगरानी और तलाशी अभियान चलाया। इस दौरान संदिग्ध व्यक्ति को पकड़ा गया। पूछताछ में उसने पहले खुद को भारतीय बताया, लेकिन जवाबों में विरोधाभास और हावभाव से पुलिस को शक हुआ। जब उसके दस्तावेजों और डिजिटल प्रमाणों की जांच की गई तो यह साबित हुआ कि वह बांग्लादेश का रहने वाला है।

# विश्व कप स्टार शेफाली वर्मा ने संत राजिन्दर सिंह जी महाराज से आशीर्वाद लिया

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली।** भारतीय महिला क्रिकेट की प्रसिद्ध खिलाड़ी शेफाली वर्मा, जिन्होंने 2 नवंबर, 2025 को नवी मुंबई में हुए विश्व कप के फाइनल में दक्षिण अफ्रीका पर भारत की शानदार जीत में 87 रनों की महत्वपूर्ण पारी खेली और दो विकेट लिए। उन्हें इसके लिए प्लेयर ऑफ द मैच भी चुना गया। अपने इस शानदार प्रदर्शन के बाद वो दिल्ली में अपने आध्यात्मिक गुरु संत राजिन्दर सिंह जी महाराज से मिलीं। विजयी भारतीय टीम जब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मिलने नई दिल्ली पहुँचीं, तो उसके बाद 21 वर्षीय शेफाली वर्मा अपने परिवार



के साथ विजय नगर स्थित कृपाल आश्रम गईं, जहाँ उन्होंने सावन कृपाल रूहानी मिशन और साईंस ऑफ स्पिरिचुअलिटी के प्रमुख तथा विश्व-प्रसिद्ध आध्यात्मिक गुरु संत राजिन्दर सिंह जी महाराज से उनका दिव्य आशीर्वाद प्राप्त किया। शेफाली वर्मा और उनका परिवार लंबे समय से आध्यात्मिक गुरु के अनुयायी रहे हैं और हर टूर्नामेंट से पहले उनका आशीर्वाद लेते हैं। इस युवा खिलाड़ी का शुरूआत में विश्व कप टीम में चयन नहीं हुआ था, उन्हें चमत्कारिक रूप से तब टीम में शामिल किया गया जब उनकी साथी खिलाड़ी प्रतीक रावल चोट लगने के कारण टीम से बाहर हो गईं।

शेफाली वर्मा ने इस मौके का पूरा फायदा उठाया और फाइनल में एक निर्णायक पारी खेलकर भारत को पहली बार विश्व कप जिताने में अहम भूमिका निभाई। शैफाली वर्मा ने अपने जीवन में ध्यान-अभ्यास और की भूमिका पर जोर दिया और बताया कि कैसे यह उन्हें क्रिकेट के मैदान पर स्थिर और केंद्रित रखता है।

# डेंगू-मलेरिया-चिकनगुनिया को लेकर आआपा का आरोप भ्रामक राजनीतिक है : महापौर

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली।** दिल्ली में डेंगू, मलेरिया और चिकनगुनिया के झूठे आंकड़े प्रस्तुत कर आम आदमी पार्टी (आआपा) नागरिकों को भ्रमित और गुमराह करने का प्रयास कर रही है। करने का कार्य कर रही है। इस संबंध में पार्टी द्वारा लगाए गए आरोप पूर्णतः भ्रामक, निराधार एवं राजनीतिक रूप से प्रेरित हैं। पार्टी हताशा में आकर गलत तथ्यों के माध्यम से इस प्रकार की राजनीति करना दुर्भाग्यपूर्ण है। यह बातें दिल्ली के महापौर राजा इकबाल सिंह ने बुधवार को कही। महापौर ने कहा कि दिल्ली नगर निगम नागरिकों के स्वास्थ्य की सुरक्षा के लिए चौबीसों घंटे निरंतर कार्यरत है। डेंगू, मलेरिया एवं चिकनगुनिया




के नियंत्रण हेतु निगम के स्वास्थ्य विभाग द्वारा पूरे शहर में व्यापक फॉगिंग, एंटी-लार्वा स्प्रे एवं जनजागरूकता अभियान चलाए जा रहे हैं। इस विषय पर राजनीति करना अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण है। महापौर ने कहा कि इस वर्ष अक्टूबर माह में डेंगू के केवल 377 मामले सामने आए, जबकि जब आम आदमी पार्टी दिल्ली नगर निगम एवं दिल्ली सरकार में सत्तासीन थी, अक्टूबर 2024 में डेंगू के 2,431 मामले तथा अक्टूबर 2023 में 2,003 मामले दर्ज किए गए थे। उन्होंने कहा कि इन आँकड़ों से स्पष्ट होता है कि आम आदमी पार्टी झूठे तथ्यों के आधार पर राजनीति कर रही है और नागरिकों में भ्रम फैलाने का प्रयास कर रही है।

उन्होंने कहा कि आम आदमी पार्टी के शासनकाल में केवल प्रचार-प्रसार पर धन व्यय किया गया, जबकि भाजपा लगातार जमीनी स्तर पर डेंगू, मलेरिया और चिकनगुनिया जैसी बीमारियों की रोकथाम के लिए कार्य कर रही है। यही कारण है कि इस वर्ष पिछली बार की तुलना में डेंगू के मामलों में उल्लेखनीय कमी आई है। महापौर ने बताया कि अब तक दिल्ली नगर निगम द्वारा 30,52,781 घरों में मच्छररोधी दवा का छिड़काव किया गया है। कर्मचारियों ने कुल 3,21,99,563 घरों का निरीक्षण किया है। मच्छरों की उत्पत्ति पाए जाने पर 1,43,440 कानूनी नोटिस जारी किए गए हैं और 28,028 मामलों में कार्रवाई की गई है। उन्होंने कहा कि इन आँकड़ों से यह स्पष्ट है कि दिल्ली नगर निगम मच्छर जनित बीमारियों के विरुद्ध ठोस एवं सतत कार्रवाई कर रहा है ताकि नागरिकों को डेंगू, मलेरिया एवं चिकनगुनिया जैसी बीमारियों से सुरक्षित रखा जा सके। महापौर ने यह भी बताया कि आम आदमी पार्टी ने नगर निगम के एमटीएस (पीएच) कर्मचारियों को हड़ताल के लिए उकसाने का प्रयास किया, ताकि दिल्ली में डेंगू, मलेरिया और चिकनगुनिया के मामलों में वृद्धि हो और उसे राजनीति करने का अवसर मिल सके। किंतु एमटीएस (पीएच) कर्मचारियों ने दिल्ली नगर निगम की भाजपा सरकार पर विश्वास व्यक्त करते हुए हड़ताल समाप्त कर दी।

## न्यूज फ्लैश

### भाजपा नेत्री सुनीता सतबीर (भोला) के बेटे की शादी पर पीएम मोदी ने भेजी बधाई

**सोनीपत:** सुनीता सतबीर (भोला) ने बताया की आगामी सप्ताह में मेरे बेटे अधिवक्ता शिवम सिंह का विवाह होना है इसमें प्रधानमंत्री मोदी जी ने अपना बधाई पत्र भेजा है। सुनीता ने आदरणीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र दामोदर दास मोदी जी , पत्र के माध्यम से मेरे बेटे शिवम की शादी पर शुभकामनाएं देने के लिए आपका हृदय से आभार प्रकट करती हूं। आपके नेतृत्व में और आपके सहयोग से सेवा, सुशासन और विकास के संकल्प को आगे बढ़ाने के लिए प्रतिबद्ध हूं।

### पति ने पत्नी व साले पर लगाया मारपीट का आरोप, पत्नी व साले के विरुद्ध केस दर्ज

**रादौर, 5 नवंबर (कुलदीप सैनी)** : पत्नी से बहस करना एक युवक को भारी पड़ गया। आरोप है कि पत्नी ने अपने भाई को बुलाकर युवक के साथ मारपीट की और उसे जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने युवक की शिकायत पर आरोपित पत्नी व उसके साले के खिलाफ विभिन्न धाराओं में केस दर्ज किया है। पुलिस को दी शिकायत में प्रिंस कुमार ने बताया कि रात्रि के समय किसी बात को लेकर मेरी अपनी पत्नी रुचि के साथ बहस हो गई थी। जिस पर उसने अपने भाई मोहित को फोन किया। सुबह करीब 10 बजे मेरा साला मोहित घर पर आया और आते ही मेरे साथ गाली गलौच शुरू कर दी। विरोध करने पर उसने अपने बैग में रखी लोहे की राड निकाली और मुझे मारना शुरू कर दिया। उसकी पत्नी ने भी अपने भाई के साथ मिलकर मेरे साथ मारपीट की। शोर सुनकर आसपास के लोग वहां पहुंचे तो दोनो वहां से फरार हो गए। लेकिन जाते समय वह उसे जान से मारने की धमकी देकर गए।

### गलत खानपान और निष्क्रिय जीवनशैली बढ़ते रोगों का प्रमुख कारण: पुलकित मेहता



**रादौर, 5 नवंबर (कुलदीप सैनी)** : सेठ जय प्रकाश पॉलिटेक्निक दामला में स्वास्थ्य जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विद्यार्थियों को एलोपैथिक, आयुर्वेदिक, आहार और न्यूट्रिशन के माध्यम से स्वस्थ जीवनशैली अपनाने तथा रोगों से बचाव के उपायों की जानकारी दी गई। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में रादौर के मेहता हॉस्पिटल के चिकित्सक डॉ. पुलकित मेहता ने छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि आज के समय में बढ़ते रोगों का प्रमुख कारण गलत खानपान और निष्क्रिय जीवनशैली है। उन्होंने बताया कि शुगर, थायरॉइड, गठिया जैसी बीमारियों का उपचार अब आधुनिक और पारंपरिक चिकित्सा पद्धतियों के संयोजन से संभव है। डॉ. मेहता ने छात्रों को नियमित व्यायाम, संतुलित आहार और मानसिक स्वास्थ्य पर ध्यान देने की सलाह दी।

# गुरु नानक ने किरत करो वंड छको का संदेश देकर कुरीतियों को दूर किया: विज

## एक पंक्ति में बैठकर लंगर खाने की परंपरा गुरू नानक देव जी ने चलाई थी : विज

**शीश नवाया**

- पंजाबी गुरुद्वारा साहिब में माथा टेका व सभी को पावन अवसर पर शुभकामनाएं दी



**टीम एक्शन इंडिया**
**मनीष कुमार**

**अम्बाला:** हरियाणा के ऊर्जा, परिवहन एवं श्रम मंत्री अनिल विज ने पहली पातशाही श्री गुरू नानक देव जी के प्रकाशोत्सव के उपलक्ष्य पर प्रातः पंजाबी गुरुद्वारा साहिब में माथा टेका व सभी को पावन अवसर पर शुभकामनाएं दी। गुरुद्वारा साहिब में आयोजित कार्यक्रम में ऊर्जा मंत्री अनिल विज ने श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए कहा कि बहुत शुभ दिन है, आज श्री गुरू नानक देव जी का प्रकट दिवस है। गुरू नानक देव जी ने अपनी शिक्षाओं से सामाजिक कुरीतियों को खत्म करने के लिए बहुत बड़ा काम किया है और उन्होंने किरत करो, वंड छको, एक साथ छोटे-बड़े खाओं, बिना जातपात के खाओं एक बहुत बड़ा अभियान शुरू किया। इसी प्रकार से उन्होंने अच्छे और बुरे पैसों से कमाई संपत्ति के बारे में उन्होंने भाई लालो और भाई मलिक भागो की कहानी सुनाकर समाज को बताया। आज बहुत अच्छा दिन है और सभी को इस दिन की लख-लख बधाईयां।

**एक पंक्ति में बैठकर लंगर खाने की परंपरा गुरू नानक देव जी ने चलाई थी : ऊर्जा मंत्री अनिल विज**

ऊर्जा मंत्री अनिल विज ने कहा कि आज सिख पंथ के पहले गुरू नानक देव जी का प्रकाश हुआ और जिस समय उनका प्रकाश धरती पर हुआ तो उस समय धरती काफी रूढ़ीवादी विचारों में फंसी व झूठ में लिपटी हुई थी। गुरू नानक देव जी ने इन सब चीजों से लोगों को खबरदार किया और समझाया कि यह रूढ़ीवादी हमारे धर्म के अनुसार नहीं है। उन्होंने बहुत सारी शिक्षाएं हमें दी। किरत करो वंड छकों, सच्ची ईमानदारी से काम करो बताया। उन्होंने कभी यह नहीं कहा कि लोग अपने काम धंधे छोड़ सब भगवान की पूजा में लग जाए। उन्होंने कहा कर्म करो और एक साथ बैठकर खाओं। एक पंक्ति में सभी बैठकर लंगर की जो परंपरा चली आ रही है वह गुरू नानक देव जी ने ही चलाई थी।

**गुरू नानक देव जी ने विश्व का दौरा किया व ज्ञान की रोशनी से सभी को रोशन किया : अनिल विज**

ऊर्जा मंत्री अनिल विज ने कहा कि भाई लालो व भाई मलिक भागो की कहानी भी बहुत सुनाई जाती है। भोजन रखा गया और दोनों ने गुरू नानक देव जी से कहा हमारे घर खाओं। मगर गुरू नानक देव जी ने जो गरीब भाई लालो के घर भोजन खाया क्योंकि वो उसकी मेहनत की कमाई का था जबकि दूसरे भाई की कमाई को उन्होंने ठीक नहीं कहा। ऊर्जा मंत्री अनिल विज ने कहा कि गुरू नानक देव जी ने जगह-जगह कल्याण के कई कार्य किए और विश्व का दौरा किया। दूर जाकर ज्ञान की रोशनी से सभी को रोशन किया। आज गुरू नानक देव जी का प्रकाशोत्सव है और वह दिल की गहराईयों से सभी को शुभकामनाएं देते हैं। वह यह भी कहते हैं हमें गुरू नानक देव जी के विचारों पर चलना चाहिए।

# सेफ सिटी टीम ने बस स्टैंड पर महिलाओं को किया जागरूक



**यमुनानगर, धर्मबीर-**

**महिला** थाना की सेफ सिटी टीम द्वारा बस स्टैंड यमुनानगर पर छात्राओं व महिलाओं को महिला सुरक्षा संबंधी जागरूकता दी गई। इस दौरान टीम की प्रभारी एएसआई नीलम ने उपस्थित महिलाओं को ह्लदुर्गा शक्तिह्व ऐप मोबाइल में इंस्टॉल करवाया और इसके उपयोग की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने बताया कि किसी भी आपात स्थिति में यह ऐप पुलिस से त्वरित सहायता प्राप्त करने का प्रभावी माध्यम है। एएसआई नीलम ने कहा कि महिलाएं व छात्राएं असुरक्षित स्थिति महसूस होने पर ऐप में दिए गए लाल बटन को दबाकर तुरंत मदद मांग सकती हैं, जिससे पुलिस टीम कुछ ही मिनटों में मौके पर पहुंच जाती है। उन्होंने बताया कि यह ऐप गूगल प्ले स्टोर से डाउनलोड किया जा सकता है और इसके माध्यम से पुलिस को पीड़ित की लोकेशन स्वतः प्राप्त हो जाती है। टीम ने महिलाओं को हेल्पलाइन नंबर 1091, 181 और आपातकालीन नंबर 112 के उपयोग की जानकारी भी दी।

**जानकारी दी**

- हेल्पलाइन नंबर 1091, 181 और आपातकालीन नंबर 112 के उपयोग की जानकारी भी दी

# 21 से 35 वर्ष के युवाओं के लिए बेरोजगारी भत्ता, आवेदन 30 नवंबर तक



**यमुनानगर, धर्मबीर** - उपायुक्त पार्थ गुप्ता ने बताया कि रोजगार निदेशालय, हरियाणा द्वारा बेरोजगारी भत्ता योजना हेतु ऑनलाइन आवेदन 1 से 30 नवंबर तक आमंत्रित किए गए हैं। पात्र अभ्यर्थी विभागीय वेबसाइट या सरल केंद्र के माध्यम से आवेदन कर सकते हैं। योजना के अनुसार आवेदक हरियाणा का मूल निवासी हो, परिवार पहचान पत्र व रिहायशी प्रमाणपत्र अनिवार्य हों तथा 1 नवंबर 2025 तक उसका रोजगार कार्यालय में पंजीकरण तीन वर्ष पुराना होना चाहिए। आवेदक की आयु 21 से 35 वर्ष के बीच और पारिवारिक वार्षिक आय तीन लाख रुपये से अधिक नहीं होनी चाहिए। संपत्ति की सीमा 10 लाख रुपये और कृषि भूमि अधिकतम दो हेक्टेयर निर्धारित की गई है। जिला रोजगार अधिकारी डॉ. अरुण कुमार ने बताया कि आवेदक कम से कम 12वीं पास हो तथा किसी भी कोर्स या प्रशिक्षण में संलग्न न हो। अधिक जानकारी के लिए जिला रोजगार कार्यालय से संपर्क किया जा सकता है।

# राहगिरी कार्यक्रम के माध्यम से आमजन को किया जागरूक




**टीम एक्शन इंडिया**
**मनीष कुमार**

**अम्बाला:** माननीय पुलिस महानिदेशक हरियाणा ओपी सिहँ भा0पु0से0 के निदेर्शानुसार, माननीय पुलिस महानिरीक्षक अम्बाला मण्डल पंकज नैन भा0पु0से0 के नेतृत्व एवम पुलिस अधीक्षक अम्बाला अजीत सिंह शेखावत भा0पु0से0 के कुशल मार्गदर्शन में हर्बल पार्क अम्बाला शहर में अम्बाला पुलिस ने साईबर जागरूकता अभियान चलाकर आम नागरिकों को साइबर अपराधों से बचने बारे जागरूक कर साइबर अपराधों  से बचाव के उपाय बताए।

इस कार्यक्रम में लगभग 260 आम नागरिकों, पुलिस अधिकारियों/कर्मचारियों व राहगिरों ने भाग लिया। साइबर जागरूकता कार्यक्रम के दौरान उपस्थितगणों को साइबर सैल अम्बाला के सहायक उपनिरीक्षक प्रदीप कुमार, साइबर थाना के मुख्य सिपाही नवदीप व टीम ने साईबर अपराधों से बचने बारे विशेष जानकारी दी। उन्होंने बतलाया कि किसी भी अनजान व्यक्ति की कॉल पर भरोसा करके आप अपने बैंक खाता/क्रैडिट/डेबिट कार्ड की जानकारी साझां ना करे। अपने फेसबुक, व्हटसएप्प का पासवर्ड समय-समय पर बदलते रहे। ओटीपी को किसी से भी शेयर ना करे, किसी भी अनजान व्यक्ति का वीडियो काल ना उठाएं। बिना जानकारी के लालचवशं ऑनलाइन सस्ते सामान को ना खरीदे। पुलिस वर्दी में वीडियो कॉल करके डिजिटल अरेस्ट करने वालों से ना डरें। चार धाम यात्रा के नाम पर ऑनलाइन हेलीकॉप्टर बुकिंग, होटल बुकिंग आदि के नाम पर साइबर ठगी करने वालों से सतर्क रहें। साइबर अपराध से बचने हेतू सतर्कता बरतें तथा दूसरों को भी जागरूक करें। पुलिस अधीक्षक अम्बाला ने बतलाया कि अम्बाला पुलिस द्वारा साइबर  जागरूकता अभियान लगातार चलाया जा रहा है। जिसका मुख्य उद्देश्य लोगों को साइबर अपराधों व धोखाधडी करने वाले ठगों से बचाना और जागरूक करना है। उन्होंने बतलाया कि साइबर अपराध घटित होने पर तुरन्त साइबर क्राईम हेल्पलाइन नम्बर 1930 पर कॉल करें व वेबसाइट एचटीटीपीएसरूध्ध्साइबर क्राईम डाट जीओवी डाट इन पर अपनी शिकायत दर्ज करवाएँ ताकि समय रहते उचित कार्यवाही की जा सके।

# पुलिस ने नशे से दूर रहने के बारे में व यातायात नियमों का पाठ पढ़ाया

**मनीष कुमार**

**अम्बाला:** अम्बाला पुलिस द्वारा नशे से दूर रहने बारे जागरूकता अभियान चलाकर आमजन को जागरूक किया जा रहा है। नशा मुक्त अम्बाला अभियान के दौरान एनडीपीएस सैल की टीम ने उप निरीक्षक अजय कुमार के नेतृत्व में सहायक उप निरीक्षक रणदीप सिहँ व अन्य ने थाना मुलाना क्षेत्र गाँव गगनपुर, सिंबला थाना नारायणढ क्षेत्र गांव मिजार्पुर में आमजन/युवाओं को नशे से दूर रहने व लड़ाई-झगडे से दूर रह कर अपनी पढ़ाई पर ध्यान देने बारे जागरूक कर देश की प्रगति में अपना योगदान देने के लिए प्रेरित किया और यातायात के नियमों की जानकारी भी दी। एनडीपीएस सैल की टीम ने आमजन/युवाओं को सम्बोधित करते हुए कहा कि अपनी उर्जा को पढ़ाई व अच्छे कार्यो में लगाकर अपने परिवार तथा राष्ट्र का नाम रोशन करें। कुसंगति से बचें क्योंकि बुरी संगत में पड़कर युवा बुरी आदतों का शिकार हो जाते है और अपना भविष्य अन्धकारमय बना लेते है। युवावर्ग नशे से दूर रहकर राष्ट्र निर्माण में योगदान दें, पढ़ाई में अपना मन लगाये, अपना व राष्ट्र का भविष्य अन्धकारमय होने से बचायें। नशा आदमी को अन्दर ही अन्दर से खोखला कर देता है जिससे उसमें सोचने-समझने की शक्ति नहीं रहती। युंवावर्ग बुरी संगत में पड़कर अपना तथा अपने परिवार का भविष्य अंधकारमय बना देता है।




**जागरूक किया**

- युवावर्ग बुरी संगत में पड़कर अपना तथा अपने परिवार का भविष्य अंधकारमय बना देता है

# कांग्रेस पार्टी में होता है सभी का सम्मान : कैलाशो सैनी

**लाडवा 5 नवम्बर (विजय कौशिक)** : आज प्रो॰संपत सिंह के कांग्रेस छोड़ ईनेलो पार्टी में शामिल होने पर पूर्व सांसद एवं प्रदेश कांग्रेस अनुशासन समिति सदस्य कैलाशो सैनी ने कहा कि संपत सिंह जी पिछले काफी समय से कांग्रेस एवं चौ॰भूपेन्द्र सिंह हुड्डा जी पर परिवारवाद एवं स्वयं की अनदेखी का आरोप लगा रहे थे जो की पार्टी सिद्धांतों के खिलाफ था अकसर डॉक्टर का पुत्र डॉक्टर और इंजीनियर का पुत्र इंजीनियर बनते हैं अगर नेता का पुत्र नेता बन जाये तो परिवारवाद कहाँ से आ गया बल्कि उन्होंने अपने पुत्र गौरव संपत सिंह को स्वयं आगे किया हुआ है और जिस पार्टी में वो गए हैं उस पर तो परिवारवाद का पूरा साया है उसकी तो सारी पीढ़ियाँ ही राजनीति में हैं यह तो कांग्रेस की अनुशासन समिति की बैठक की खबर प्रो॰संपत सिंह जी को लग गई थी तो किसी भी प्रकार की अनुशासनात्मक कार्यवाही से पहले ही उन्होंने इस्तीफा पार्टी की सदस्यता से दे दिया वरना तो समिति अपना कार्य करती बाक ी कांग्रेस विशाल एवं राष्ट्रीय पार्टी है किसी नेता के ऐसे आरोप और इस प्रकार से पार्टी छोड़ना कांग्रेस को कमजोर नहीं कर सकता कोई भी व्यक्तिगत स्वार्थ पार्टी संगठन से बड़ा नहीं हो सकता कांग्रेस पार्टी अपने सिद्धांतों पर अडिग रहेगी और देश तथा प्रदेश के जनहित के मुद्दों पर संघर्ष जारी रखेगी।



# युवक से रुपए से भरा बैग छीनने के मामले में आरोपित गिरफ्तार, भेजा

**सोनीपतः** सेक्टर-27 शहर थाना सोनीपत पुलिस ने युवक से रुपए से भरा बैग छीनकर फरार हुए गिरोह के दूसरे आरोपित को भी गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस के अनुसार गिरफ्तार आरोपित की पहचान विशाल उर्फ बीड़ी निवासी देव नगर, सोनीपत के रूप में हुई है। पुलिस ने आरोपित को न्यायालय में पेश कर न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया। थाना प्रभारी ने बताया कि 22 अक्तूबर 2025 को सचिन निवासी वेस्ट राम नगर, सोनीपत ने शिकायत दर्ज कराई थी कि वह अपने दोस्तों मोहित और देव के साथ बहालगढ़ में एक गाड़ी देखने जा रहा था। रास्ते में गांव

# एक थाली पोषण वाली कार्यक्रम का हुआ आयोजन

**टीम एक्शन इंडिया**
**लाडवा 5 नवंबर। (विजय कौशिक ):** महात्मा ज्योतिबा फुले औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, बहलोलपुर में नवीन जिन्दल फाउंडेशन के सौजन्य से एक थाली पोषण वाली कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह विशेष कार्यक्रम महिलाओं और उनके परिवारों के पोषण स्तर को बढ़ाने, संतुलित आहार के महत्व को समझाने और ग्रामीण समुदाय में स्वास्थ्य चेतना जगाने के उद्देश्य से आयोजित किया गया। इस अवसर पर आसपास के गांवों की महिलाओं को आमंत्रित किया गया, और उन्हें विशेषज्ञों द्वारा बताया गया कि एक पोषक थाली में कौन-कौन से तत्व शामिल होने चाहिए और किस प्रकार साधारण घर की रसोई में भी संतुलित एवं पौष्टिक भोजन तैयार किया जा सकता है। इस अवसर पर नवीन जिन्दल फाउंडेशन से कृष्मन सिंह सैनी ने कहा कि यह पहल सांसद नवीन जिन्दल के मार्गदर्शन और पोषणमय भारत झ्र स्वस्थ भारत के विजन को साकार करने की दिशा में एक ठोस कदम है। उन्होंने कहा कि सांसद नवीन जिन्दल का उद्देश्य है कि हर महिला अपने परिवार की सेहत की प्रहरी बने और यह समझे कि सही भोजन ही स्वस्थ जीवन की पहली शर्त है। उन्होंने कहा कि इस कार्यक्रम का उद्देश्य ग्रामीण महिलाओं में यह जागरूकता लाना है कि परिवार की अच्छी सेहत केवल दवाइयों से नहीं, बल्कि रोजमर्रा की थाली में शामिल पौष्टिक तत्वों से शुरू होती है। नवीन जिन्दल फाउंडेशन का यह प्रयास महिलाओं और बच्चों के शारीरिक और मानसिक विकास में भी सहायक सिद्ध होगा।



**विशेष कार्यक्रम**

- परिवार की अच्छी सेहत रोजमर्रा की थाली में शामिल पौष्टिक तत्वों से शुरू होती है

# खेल इतिहास में ओलम्पिक संघ ने शुरूआत की एक नए अध्याय की: कृष्ण

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**

**कुरुक्षेत्र** : हरियाणा के विकास एवं पंचायत मंत्री कृष्ण लाल पंवार ने कहा कि हरियाणा के खेल इतिहास में हरियाणा ओलम्पिक संघ ने एक नए अध्याय की शुरूआत की है। इस नए अध्याय के साथ प्रदेश के हजारों खिलाडियों को राष्ट्रीय और अंतराष्ट्रीय स्तर के मुकाम को हासिल करने के लिए एक नया मंच मिला है। इसके लिए हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी की जितनी तारिफ की जाए वह कम है। कैबिनेट मंत्री कृष्ण लाल पंवार बुधवार को सर्किट हाउस चौक के पास एक आश्रम में हरियाणा ओलम्पिक संघ की तरफ से चल रही राज्य स्तरीय कबड्डी प्रतियोगिता के समापन समारोह में बोल रहे थे। इससे पहले कैबिनेट मंत्री कृष्ण लाल पंवार, जिला परिषद के उपाध्यक्ष धर्मपाल चौधरी,सचिव नसीब ने 27वें हरियाणा ओलम्पिक संघ की तरफ से आयोजित महिला व पुरुष कबड्डी खिलाड़ियों से परिचय किया और फाइनल मैच शुरू करवाया। इस राज्य स्तरीय महिला व पुरुष कबड्डी प्रतियोगिता के पुरुष वर्ग में सोनीपत की टीम प्रथम, भिवानी द्वितीय, कैथल व रोहतक संयुक्त रूप से तीसरे स्थान पर रही। इसी तरह महिला वर्ग में जींद की टीम प्रथम, चरखी दादरी की टीम द्वितीय और हिसार व भिवानी की टीम संयुक्त रूप से तीसरे स्थान पर रही। कैबिनेट मंत्री कृष्ण लाल पंवार ने प्रथम,द्वितीय व तृतीय स्थान पर आने वाली टीम को मेडल व ट्रॉफी देकर सम्मानित किया।

कैबिनेट मंत्री कृष्ण लाल पंवार ने खिलाड़ियों को बधाई और शुभकामनाएं देते हुए कहा कि धर्मक्षेत्र व कुरुक्षेत्र की पावन धरा पर प्रदेश भर से आए खिलाड़ियों ने पूरे जोश जज्बे के साथ अपनी प्रतिभा दिखाई। इन खेलों में सराहनीय प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को जीत हासिल हुई और हारने वाले खिलाड़ियों को और अधिक मेहनत करके आगे बढने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि हरियाणा की युवा शक्ति के परिश्रम और प्रतिभा का उत्सव है। गत 2 नवंबर को मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने गुरुग्राम से शुरू हुए इस उत्सव का थीम मिट्टी से मेडल तक हरियाणा के खेल इतिहास में एक नए अध्याय की शुरूआत कर रहा है।

उन्होंने कहा कि हरियाणा की मिट्टी बहुत खास है। यही वह धरती है, जिसने देश को वह लाल दिए, जिन्होंने खेल के मैदानों पर भारत का तिरंगा बुलंद किया। यही वह भूमि है, जहां के खिलाड़ियों ने ओलंपिक से लेकर एशियाई खेलों तक, राष्ट्रमंडल खेलों से लेकर अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं तक हर मंच पर भारत की शान बढ़ाई है। प्रधानमंत्री  नरेंद्र मोदी  के कुशल नेतृत्व में अगर दुनिया भारत को एक उभरती खेल शक्ति के रूप में देख रही है, तो उसमें हरियाणा की भूमिका निर्णायक है। पहलवानी हो या बॉक्सिंग, शूटिंग हो या हॉकी, हरियाणा के खिलाड़ियों ने हर बार भारत का मान बढ़ाया है।




**मंच**

- हरियाणा की मिट्टी ने वह लाल दिए, जिन्होंने खेल के मैदानों पर भारत का तिरंगा बुलंद किया

# मदर टेरेसा मॉडर्न पब्लिक स्कूल में श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया गया गुरु पर्व

**टीम एक्शन इंडिया**
**लाडवा 5 नवम्बर (विजय कौशिक)** लाडवा पिपली मार्ग पर स्थित मदर टेरेसा मॉडर्न पब्लिक स्कूल, मथाना चौंकी में सिखों के प्रथम गुरु गुरु नानक देव जी की जयंती के उपलक्ष्य में गुरु पर्व (प्रकाश उत्सव) बड़े ही श्रद्धा, उल्लास और उत्साह के साथ मनाया गया। इस अवसर पर स्कूल प्रांगण में विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें विद्यार्थियों ने भजन-कीर्तन प्रस्तुत कर वातावरण को भक्तिमय बना दिया। कार्यक्रम के दौरान बच्चों ने गुरु नानक देव जी के उपदेशों और शिक्षाओं पर आधारित सुंदर शब्द गाए, जिनसे प्रेम, सद्भाव और सेवा की भावना झलक रही थी। प्रधानाचार्या श्रीमती पूजा सक्सेना ने बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि गुरु नानक देव जी ने हमें प्रेम, समानता और भाईचारे का संदेश दिया है। उन्होंने बताया कि हमें अपने जीवन में गुरु नानक देव जी की शिक्षाओं को आत्मसात कर समाज में एकता और सद्भाव बनाए रखना चाहिए। इस अवसर पर विद्यालय परिवार ने गुरु पर्व के पावन मौके पर सामूहिक रूप से दोपहर का भोजन ग्रहण किया, जिससे आपसी प्रेम और सहयोग की भावना प्रकट हुई।



# विधायक निखिल मदान और मेयर राजीव जैन ने विकास कार्यों का किया शुभारंभ

## 42 लाख रुपए की लागत से सैनीपुरा की गलियां मास्टिक से होगी पक्की।

**लोकार्पण**

- विधायक निखिल मदान और मेयर राजीव जैन ने किया ट्यूबवेल का लोकार्पण



**टीम एक्शन इंडिया**

**सोनीपत** : बुधवार सुबह विधायक निखिल मदान और मेयर राजीव जैन वार्ड नं 1 के सैनीपुरा और सुंदर सांवरी क्षेत्र में पहुंचे। जहां उन्होंने नगर निगम द्वारा करवाए जा रहे विकास कार्यों का नारियल तोड़कर शुभारंभ किया। इस दौरान निगम पार्षद हरि प्रकाश सैनी और क्षेत्र के सभी गणमान्य नागरिकों की उपस्तिथि रही। इस अवसर पर स्थानीय लोगों द्वारा विधायक और मेयर का फूल मालाओं से भव्य स्वागत किया गया और विकास कार्यों के लिए आभार जताया।

विधायक निखिल मदान ने बताया कि वार्ड नंबर 1 में पेयजल आपूर्ति की कुछ समस्या रहती थी और लोगों को समुचित मात्रा में पेयजल आपूर्ति नहीं हो पा रही थी। इसके समाधान के लिए लोगों की मांग पर सुंदर सांवरी के वर्तमान वाटर बूस्टर प्रांगण में एक डीप वेल ट्यूबल पास किया गया था और इसके लिए टेंडर प्रक्रिया शुरू की गई थी। आज डीप वेल ट्यूबवेल का काम पूरा हो गया है और इसका लोकार्पण कर दिया गया है। अब सुंदर सांवरी वाटर बूस्टर के टैंक इस डीप वेल ट्यूबवेल द्वारा भरे जाएंगे और लोगों को तय समय पर समुचित मात्रा में पेयजल आपूर्ति की जाएगी।

इस काम को नगर निगम द्वारा 28 लाख रुपए की लागत से पूरा किया गया है। इस ट्यूबवेल में 35 ल्ढ की मोटर का प्रावधान किया गया है और 1700 फीट गहराई पर ट्यूबवेल लगाया गया है।

मेयर राजीव जैन ने बताया कि आज वार्ड नंबर 1 के सैनीपुरा में सभी गलियों को मास्टिक से पक्का करने के कार्य का शुभारंभ किया गया है। इस कार्य को 42 लाख रुपए की लागत से पूरा किया जाएगा। कुछ गलियों में सीवरेज और पेयजल आपूर्ति हेतु पाइप लाइन बिछाई गई थी, उसके बाद सड़क की मरम्मत नहीं की गई थी। इसके साथ ही अन्य सभी गलियों को भी मास्टिक से पक्का किया जाएगा।

इसके साथ ही सुंदर सांवरी में आज डीप वेल ट्यूबवेल को चला कर उसका भी शुभारंभ कर दिया गया है। इससे वार्ड नंबर 1 के सभी निवासियों को स्वच्छ और मीठा पेयजल तय समय पर उपलब्ध होगा। मेयर राजीव जैन ने मौके पर मौजूद एजेंसी के प्रतिनिधि को सभी कार्य तय समय सीमा में पूरी गुणवत्ता के साथ करने के निर्देश दिए।

इस अवसर पर निगम पार्षद हरि प्रकाश सैनी, लखी राम सैनी,भुल्लर,राम प्रसाद,रणबीर,कृष्ण,जय भगवान,हितेश,ऋषि प्रकाश खत्री,विनोद खत्री,संजू खत्री,हरि ओम प्रजापत, देवेंद्र प्रजापत,कमल,अजय आदि लोग मौजूद रहे।

# हरियाणा-यूपी के बीच फिर सीमा विवाद

**दावा**

- यमुना किनारे बने रास्ते पर दोनों ने जताया दावा अधिकारी बोले-सर्वे रिपोर्ट से होगा फैसला



**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल**। हरियाणा और उत्तर प्रदेश के बीच एक बार फिर सीमाओं को लेकर विवाद खड़ा हो गया है। करनाल जिले की सीमा से सटी उत्तर प्रदेश के शामली जिले के यमुना नदी के पुल के पास बने एक रास्ते को लेकर दोनों राज्यों के प्रशासन ने अपना-अपना दावा ठोक दिया है।

विवाद बढ? के बाद अब प्रशासनिक स्तर पर पत्राचार का दौर शुरू हो गया है।

मंगलवार शाम को सीमा विवाद के समाधान के लिए दोनों राज्यों के विभागीय अधिकारियों की टीम को संयुक्त रूप से मौके पर निरीक्षण करना था। उत्तर प्रदेश के शामली जिले की ओर से एसडीएम संदीप त्रिपाठी अपनी टीम के साथ पहुंचे, लेकिन हरियाणा की ओर से कोई प्रशासनिक अधिकारी नहीं पहुंचा। केवल माइनिंग अधिकारी मौके पर आए, जो बिना कोई जवाब दिए वापस लौट गए।

यूपी शामली जिले के एसडीएम संदीप त्रिपाठी ने बताया कि जिस रास्ते को लेकर विवाद है, राजस्व रिकॉर्ड के अनुसार वह उत्तर प्रदेश के गांव शीतल गढ़ी की सीमा में आता है। हालांकि क्षेत्र में सर्वे ऑफ इंडिया की बुर्जी (पिलर) मौजूद नहीं है, जिसके कारण विवाद बना हुआ है। उन्होंने कहा स्थिति तभी स्पष्ट होगी, जब सर्वे ऑफ इंडिया की टीम अपनी रिपोर्ट पेश करेगी। करनाल जिला प्रशासन की ओर से इस विषय पर हमें पत्र मिला था, जिसका जवाब भी दे दिया गया है।

जानकारी के मुताबिक यह विवाद यमुना नदी में खनन कार्य कर रहे हरियाणा और यूपी के ठेकेदारों के बीच खींचतान से शुरू हुआ। दोनों पक्ष नदी के किनारे बने इस रास्ते का इस्तेमाल अपने खनन वाहनों के लिए करना चाहते हैं। इसी को लेकर अब दोनों राज्यों के बीच प्रशासनिक स्तर पर भी तनातनी देखने को मिल रही है।

# करनाल से बिहार के लिए स्पेशल ट्रेन रवाना

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**
**करनाल।**

जिले से सोमवार को बिहार के लिए एक स्पेशल ट्रेन रवाना हुई, जिसमें सैकड़ों बिहार मूल के लोग सवार थे। ट्रेन को भाजपा जिला अध्यक्ष प्रवीण लाठर की अगुआई में रवाना किया गया। इसी को लेकर अब सियासत गर्मा गई है।

सोशल मीडिया पर वायरल एक वीडियो में यात्री यह दावा करते दिख रहे हैं कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी और स्थानीय भाजपा नेताओं ने उन्हें फ्री टिकट दी, ताकि वे बिहार जाकर वोट डाल सकें। यात्रियों का कहना था कि जाने की टिकट पार्टी ने दी है, लेकिन लौटने की नहीं। वीडियो सामने आने के बाद कांग्रेस ने चुनाव आयोग से कार्रवाई की मांग की है।

वायरल वीडियो में दिखाई दे रहा है कि



भाजपा जिला अध्यक्ष प्रवीण लाठर के साथ रवि नामक व्यक्ति भी है, जो हाथ में कॉपी और कुछ कागजात लिए हुए दिखाई दे रहा है। उसके पास बिहार के रहने वाले लोग आ रहे है और वह उनका नाम लिस्ट में देखकर ट्रेन में चढ़ा रहे है। इस पूरे घटनाक्रम का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ है।

वीडियो में यात्रियों को भाजपा के पट्टे पहने देखा जा सकता है। यह वीडियो कांग्रेस के नेता विकास बंसल पर द्वारा अपने सोशल मीडिया हैंडल से पोस्ट किया गया, जिसके बाद लोगों ने चुनाव आयोग पर सवाल उठाए हैं कि क्या इस तरह की यात्राएं आचार संहिता का उल्लंघन नहीं हैं।

करनाल कांग्रेस के शहरी जिला अध्यक्ष पराग गाबा ने इस मुद्दे पर भाजपा को घेरा है। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार अपने नियंत्रण वाले राज्यों से मतदाताओं को बिहार भेजकर चुनाव को प्रभावित करने की कोशिश कर रही हैं। कांग्रेस चुनाव आयोग से तत्काल जांच की मांग करती है।

वायरल वीडियो में भाजपा जिला अध्यक्ष भी यात्रियों को टिकट उनके द्वारा करवाए जाने की बात पर मना करते नजर आए।

उन्होंने कहा कि ये सभी पार्टी के कार्यकर्ता है, जो पूर्वांचल समाज से है। इन्होंने खुद ही अपनी टिकट ली है। मैंने पार्टी के जिला अध्यक्ष होने के नाते इनके लिए स्पेशल ट्रेन की जरूर व्यवस्था की है।

# मंडियों में 10 लाख 18 हजार 942 मीट्रिक टन धान की हुई आवक

**टीम एक्शन इंडिया**
राजकुमार प्रिंस

करनाल। उपायुक्त उत्तम सिंह ने बताया कि जिला की विभिन्न मंडियों में अब तक 10 लाख 18 हजार 942 मीट्रिक टन धान की आवक हुई है, जिसमें से खाद्य आपूर्ति विभाग द्वारा 676762 मीट्रिक टन, हैफेड द्वारा 204840 व हरियाणा वेयर हाउसिंग कॉरपोरेशन द्वारा 137340 मीट्रिक टन धान खरीदा गया है। मंडियों से धान उठान का कार्य सरकारी खरीद एजेंसियों को समय पर कराने के आदेश दिए गए हैं।

मिटी धुंध जग चानन चानन होया जब प्रगट्या गुरु नानक देव जी होया

गुरुनानक देव जी का प्रकाश पर्व पूरी श्रद्धा के साथ मनाया गया दीवान सजाए गए, अटूट लंगर बरता गया

# देश के नए चीफ जस्टिस सूर्यकांत शर्मा से हरियाणा के वकीलों को मिलेगी प्रेरणा

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल**। सुप्रीम कोर्ट के 53वें चीफ जस्टिस के पद पर हरियाणा के लाल सूर्यकांत शर्मा के नियुक्त होने से हरियाणा के वकीलों का सम्मान बढ़ा है। यह अपने आप में पहला मौका है जब हरियाणा में हिसार जिले के एक छोटे से गांव के किसान के घर में पैदा होने वाला व्यक्ति सुप्रीम कोर्ट के सर्वोच्च पदर पर असीन होगा। उन्होंने कहा कि यह धारणा थी कि जज के घर पैदा होने वाला ही सुप्रीम कोर्ट का चीफ जस्टिस बनता रहा है। सूर्यकांत शर्मा के चीफ जस्टिस बनने पर खुशी जताते हुए हरियाणा के सीनियर एडवोकेट राजकुमार शर्मा ने बताया कि हरियाणा के वकीलों में खुशी व्याप्त है। उन्होंने बताया कि वह सूर्यकांत शर्मा से वह लगभग 35 साल से परिचित रहे हैं। उन्होंने बताया कि सूर्यकांत शर्मा शुरू से ही प्रतिभाशाली वकील थे। वह मात्र 37 साल की उम्र में ही हरियाणा सरकार के महाधिवक्ता बन गए थे। उसके बाद 38 साल की आयु में हाईकोर्ट के जज बन गए थे। वह हिमाचल प्रदेश के चीफ जस्टिस रहे। उसके बाद वह सुप्रीम कोर्ट चले गए। हरियाणा के नए वकीलों को भी जस्टिस सूर्यकांत शर्मा से प्रेरणा मिलती है। उन्होंने कहा कि देश के होने वाले नए चीफ जस्टिस से देश के वकीलों को आशाएं है। उन्होंने बताया कि सूर्यकांत शर्मा भी जिला से लेकर हाईकोर्ट में वकील के रूप में काम कर चुके हैं। इसलिए वह वकीलों की परेशानियों से भलीभांति परिचित हैं।

**न्यूज फ्लैश**

## दादा कुशाल सिंह दहिया के बलिदान को कभी भुलाया नहीं जा सकता - चेयरमैन हीरा लाल इंदौरा

**खरखौदा/सोनीपत/सोमपाल सैनी**

खरखौदा : दादा कुशाल सिंह दहिया के 350वें बलिदान दिवस के अवसर पर एक भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत करेंगे। यह कार्यक्रम 14 नवंबर को राई एजुकेशन सिटी में आयोजित किया जाएगा। बुधवार को खरखौदा नगरपालिका चेयरमैन हीरा लाल इंदौरा के सांपला रोड स्थित कार्यालय में एक विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें मुख्यमंत्री के ओएसडी वीरेंद्र बढ़खालसा की बूआ बीरमति व माता सुखबीरी ने शिरकत की। इस दौरान उन्होंने महिलाओं को उपरोक्त कार्यक्रम में आने का निमंत्रण देते हुए कहा कि दादा कुशाल सिंह दहिया के बलिदान को कभी भुलाया नहीं जा सकता। दादा कुशाल सिंह दहिया के बारे में जानकारी देते हुए खरखौदा नगरपालिका चेयरमैन हीरा लाल इंदौरा ने बताया कि वह एक महान बलिदानी थे जिन्होंने गुरु तेग बहादुर के सम्मान की रक्षा के लिए अपना शीश बलिदान कर दिया था। वह एक सच्चे देशभक्त और धार्मिक व्यक्ति थे जिन्होंने अपनी जान की परवाह किए बिना गुरु तेग बहादुर के शीश को सुरक्षित रखने के लिए अपना शीश काटकर दे दिया। उनका जन्म सोनीपत जिले के गढ़ी गांव में हुआ था, जो बाद में बढ़खालसा के नाम से जाना जाने लगा। दादा कुशाल सिंह दहिया की कहानी इतिहास के पन्नों में दर्ज है और उनका बलिदान आज भी लोगों को प्रेरित करता है। चेयरमैन हीरा लाल इंदौरा ने कहा कि 14 नवंबर को राई एजुकेशन सिटी में उनके 350वें बलिदान दिवस पर एक भव्य कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा, जिसमें खरखौदा से काफी संख्या में महिलाओं की भागीदारी होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि यह एक ऐतिहासिक अवसर है और हमें इस अवसर पर अपनी उपस्थिति ज्यादा से ज्यादा संख्या में दर्ज करानी चाहिए।कार्यक्रम में बबिता दहिया, खरखौदा नगरपालिका चेयरमैन हीरा लाल इंदौरा सहित काफी संख्या में पार्षद पति व पार्षदगण मौजूद रहे।

## दशहरा उत्सव के दौरान युवक पर चाकू से हमला करने का तीसरा आरोपी गिरफ्तार*

**समालखा:5 नवंबर (संजय नरवाल)**

थाना समालखा पुलिस ने गावं चुलकाना में दशहरा उत्सव के दौरान युवक पर चाकू से हमला करने मामले में फरार चल रहे तीसरे आरोपी को मंगलवार शाम को मनाना मोड़ से गिरफ्तार किया। आरोपी की पहचान चुलकाना गांव निवासी राजू के रूप में हुई है।

थाना समालखा प्रभारी सब इंस्पेक्टर दीपक ने बताया कि पूछताछ में आरोपी राजू ने मामले में पहले गिरफ्तार हो चुके अपने दो साथी आरोपियों चुलकाना निवासी नितीन उर्फ नीशु व रविकांत के साथ मिलकर रंजिशन चाकू से हमला करने की उक्त वारदात को अंजाम देने बारे स्वीकारा। पुलिस ने बुधवार को पूछताछ के बाद आरोपी राजू को माननीय न्यायालय में पेश किया जहां से उसे न्यायिक हिरासत जेल भेज दिया।

मामले में पहले गिरफ्तार हो चुके आरोपी नितिन उर्फ निशु और रविकांत के कब्जे से वारदात में प्रयुक्त एक चाकू बरामद कर दोनों आरोपियों को जेल भेजा जा चुका है। पूछताछ में दोनों आरोपियों ने चुलकाना निवासी साथी आरोपी राजू के साथ मिलकर उक्त वारदात को अंजाम देने बारे स्वीकारा था।

***यह है मामला*** थाना समालखा में गांव चुलकाना निवासी अजय पुत्र धर्मसिंह ने पुलिस को दी शिकायत में बताया था कि उसका लड़का रविंद्र आईटीआई में पढता है। रविंद्र दशहरे पर स्कूल के पास रावण दहन देखने गया था। वहा गावं निवासी नीशु, रविकांत, राजू व दो तीन अन्य ने मिलकर रविंद्र पर चाकू से वार कर दिया। आरोपियों के पास देसी कटटा भी था। पुलिस ने थाना समालखा में अजय की शिकायत पर अभियोग दर्ज कर आरोपियों की धरपकड़ शुरू कर दी थी।

# रागी ढाडी जत्थों ने गुरु की महिमा का गान किया



**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल**। सिख पंथ के आदि गुरु नानक देव जी के प्रकाशपर्व परंपरा गत ढंग से मनाया गया। इस अवसर पर शहर के गुरुद्वारे रंग बिरंगी रोशनी से नहा उठे। सिख धमार्लुओं ने अपने घरों तथा प्रतिष्ठानों पर दीप जलाए। इस अवसर पर डेरा कार सेवा गुरुद्वारे में गुरमति समागम का आयोजन किया गया। गुरु का अटूट लंगर बरता गया।

गुरुपर्व प्रबंधक कमेटी के महासचिव इंद्रपाल सिंह ने बताया कि आज सुबह नौ बजे से गुरुद्वारा डेरा कारसेवा में दीवान सजाया गया। गुरु के आगे नतमस्तक होने के लिए सुबह से ही लोगों का पहुंचना शुरू हो गया। यहां पर गुरु का दीवान सजाया। रागी ढाडी जत्थे तथा अन्य कीर्तनी जत्थों ने गुरु की महिमा का गुणगान किया। इस अवसर पर अटूट लंगर बरता गया। गुरमति समागम में भाई हरपाल सिंह हजुरी रागी जत्था श्री दरबार साहिब, अमृतसर, भाई गुरप्रीत सिंह पौंटा साहिब, ढाडी जत्था भाई जसबीर सिंह, कीर्तन भाई गुलाब सिंह, गरुद्वारा मंजी साहिब पहली पातशाही के हैड ग्रंथी भाई अमृतपाल सिंह, कीर्तनी भाई गुरमेज सिंह, भाई गुरुसेवक सिंह हजूरी रागी गुरुद्वारा माडल टाउन ने गुरु की महिमा का गुणगान किया।

# हैफेड के जिला प्रबंधक अमित कुमार सस्पेंड

**एक्शन**

- धान घोटाले में एक और बड़ा एक्शन पहले ही कई अधिकारी नप चुके

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल**। जिले में सरकारी धान घोटाले का दायरा लगातार बढ़ता जा रहा है। धान खरीद में हुई गड़बड़ी के बाद अब हैफेड विभाग में बड़ा एक्शन लिया गया है। विभाग के प्रबंध निदेशक ने जिला प्रबंधक (डीएम) अमित कुमार को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। हैफेड मुख्यालय पंचकूला से 4 नवंबर 2025 को जारी आदेश में कहा गया है कि निलंबन अवधि के दौरान वे नियम अनुसार वेतन और भत्ते प्राप्त करेंगे। इस दौरान उनका मुख्यालय पंचकूला रहेगा।



करनाल और तरावड़ी मंडियों में धान खरीद में फर्जीवाड़ा सामने आने के बाद पहले ही कई अधिकारी नप चुके हैं। फूड एंड सप्लाई विभाग के 4 इंस्पेक्टर, एक सब इंस्पेक्टर, तरावड़ी मार्केट कमेटी के सचिव संजीव सचदेवा, करनाल मंडी की सचिव आशा रानी, दो मंडी सुपरवाइजर, एक ऑक्शन रिकॉर्डर और 3 ऑपरेटरों के खिलाफ कार्रवाई की जा चुकी है। अब हैफेड के जिला प्रबंधक अमित कुमार पर भी गाज गिरी है। सूत्रों के अनुसार आने वाले दिनों में और भी अधिकारियों पर कार्रवाई की संभावना है।

हैफेड एमडी द्वारा जारी आदेश में कहा गया अमित कुमार, उप महाप्रबंधक (कार्य एवं संचालन) जो जिला प्रबंधक, हैफेड, करनाल के पद पर कार्यरत हैं, को तत्काल प्रभाव से निलंबित किया जाता है। निलंबन अवधि में उन्हें हैफेड कॉमन कैडर नियम, 1988 के अनुसार वेतन और भत्ते प्राप्त होंगे, तथा मुख्यालय पंचकूला निर्धारित किया जाता है। आदेश की प्रतियां सभी संबंधित विभागों करनाल जिला कार्यालय, मुख्य महाप्रबंधक पंचकूला और सहकारिता विभाग चंडीगढ़ को भेजी गई हैं।

धान सीजन में करनाल मंडी से बड़ा घोटाला सामने आया था। मार्केटिंग बोर्ड के जिला अधिकारी ईश्वर सिंह राणा की शिकायत पर करनाल मंडी सचिव आशा रानी और तीन निजी व्यक्तियों राजेंद्र, अमित और अजय के खिलाफ एफआइआर दर्ज की गई। जांच में पाया गया कि कई गेट पास मंडी क्षेत्र से बाहर के मोबाइल नंबरों और आईपी एड्रेस से जारी किए गए थे। यानी मंडी का डेटा सिस्टम बाहर से ऑपरेट हो रहा था।

साइबर सेल को अब मंडी के गेट पास सिस्टम की तकनीकी जांच सौंपी गई है। रिपोर्ट में आशंका जताई गई है कि मंडी कर्मचारियों और निजी व्यक्तियों की मिलीभगत से करोड़ों का सरकारी धान गायब किया गया।

इससे पहले भी करनाल, घरौंडा, जुंडला, निसिंग और तरावड़ी मंडियों में धान घोटाले के केस दर्ज हो चुके हैं। राइस मिल बतान फूड्स सलारू के संचालक सतीश कुमार, तरावड़ी मार्केट कमेटी के सचिव संजीव, घरौंडा के निरीक्षक यशवीर, जुंडला के निरीक्षक संदीप, करनाल के निरीक्षक समीर और निसिंग के निरीक्षक लोकेश पर आरोप है कि उन्होंने मिलों में 5 करोड़ 93 लाख 86 हजार 936 रुपए का धान नहीं पहुंचाया।

# किसान व पुलिस पर फायरिंग करने मामले में हथियार सप्लाई करने वाला आरोपी गिरफ्तार

**टीम एक्शन इंडिया**
**समालखा 5 नवंबर (संजय नरवाल)** सीआईए थ्री पुलिस की टीम रिसपुर गांव के खेतों में किसान व पुलिस पर फायरिंग करने मामले में आरोपियों को हथियार सफाई करने वाले आरोपी को मंगलवार शाम को गिरफ्तार किया। आरोपी की पहचान यूपी के शामली जिले के गोगवान गांव निवासी जुनैद के रूप में हुई है। सीआईए थ्री प्रभारी इंस्पेक्टर विजय ने बताया कि पूछताछ में आरोपी जुनैद ने इस मामले में पहले गिरफ्तार हो चुके यूपी के शामली जिले के तितरवाडा गांव निवासी जुनैद को 2 देसी पिस्तौल व 4 जिंदा रौंद 15 हजार रूपए में बेचने बारे स्वीकारा। आरोपी ने पूछताछ में पुलिस को बताया उसने अवैध हथियार बेचकर हासिल की



15 हजार रूपए की नगदी खाने-पीने में खर्च कर दी। पुलिस ने बुधवार को पूछताछ के बाद आरोपी जुनैद को माननीय न्यायालय में पेश किया जहां से उसे न्यायिक हिरासत जेल भेज दिया।प्रभारी इंस्पेक्टर विजय ने बताया कि इस मामले में पहले दो नाबालिग सहित 11 आरोपियों यूपी के शामली जिले के तितरवाडा गांव निवासी जुनैद, मोहम्मदपुर राई निवासी उवेश, मवी निवासी निर्मला, दीपक व सोनीपत के झंझार गांव निवासी आसिफ, रिजवान, शाबिर यूपी के सहारनपुर जिले के गांव घाटमपुर निवासी सादिक व गंगौह निवासी कासिम उर्फ लाला को गिरफ्तार किया जा चुका है। इनके पास से 6 देसी पिस्तौल, 12 रौंद, 1 स्कार्पियों गाड़ी, 1 बाइक व 3 डंडे बरामद कर नाबालिग आरोपियों को जुवेनाइल कोर्ट में पेश कर बाल सुधार गृह व आरोपी जुनैद, उवेश, निर्मला, आसिफ, रिजवान, दीपक, शाबिर, सादिक व कासिम उर्फ लाला को माननीय न्यायालय में पेश कर जेल भेजा जा चुका है।

आरोपी जुनैद ने पुलिस पूछताछ में वारदात में प्रयुक्त दो देसी पिस्तौल व 4 रौंद यूपी के शामली जिले के गोगवान गांव निवासी जुनैद पुत्र अफला से 15 हजार रूपए में खरीदने बारे स्वीकारा था।

*यह है मामला;*

थाना सनौली में रिसालू निवासी नरेंद्र ने पुलिस को दी शिकायत में बताया था कि उनकी रिसपुर गांव में 11 एकड़ जमीन है। वर्ष 2011 से जमीन पर उनका कब्जा है। खेत में पनीरी लगा रखी थी। 16 जून को वह खेत में काम कर रहे थे। तभी यूपी के मोई गांव के रमेश, रामरत्न, गुरदीप, दीपक, राजेश, अमित अपने साथ 20-25 अन्य युवकों को लेकर खेत में आए। सभी हथियारों व लाठी डंडों से लैस होकर ट्रैक्टर, स्कार्पियों व बाइकों पर सवार होकर आए और उनके खेत की जुताई करने लगे। उनके विरोध करने पर मारपीट की।

उन्होंने पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलते ही पुलिस तुंरत मौके पर पहुंची। आरोपियों ने उन पर व पुलिस पर फायारिंग कर दी और जांन से मारने की धमकी देकर हथियारों को लहराते हुए मौके से फरार हो गए। शिकायत पर थाना सनौली में बीएनएस की धारा 190,191(3), 115(2), 329(3), 109(1), 351(3) व आर्म्स एक्ट के तहत अभियोग दर्ज पुलिस ने आरोपियों की धरपकड़ शुरू कर दी थी।

# प्राचीन शिव मंदिर में पूजा अर्चना, कथा, हवन तथा भण्डारे के साथ कार्तिक मास सम्पन्न हुआ

**टीम एक्शन इंडिया**
**कमल मिड्ढा**

**करनाल**। प्राचीन शिव मंदिर न्यू चार चमन में पंडित शिव विलास द्विवेदी द्वारा श्रद्धालुओं से भोले बाबा का जलाभिषेक कराया। पूजा अर्चना करके हवन यज्ञ किया गया। पंडित जी ने कथा करते हुए कहा कि सोनक ऋषि पूछने लगे कि हे सूत जी दूसरे का दिया हुआ पुण्य भी लगता है या बिना दिया हुआ पुण्य मिलता है। तब सूत जी कहन लगे कि बिना दिए हुए भी पाप-पुण्य दोनों मिलते हैं। पंडित जी ने बताया कि सतयुग में एक के पाप और पुण्य के कर्म सारे देश को पाप और पुण्य मिलता था। त्रेता में ग्राम को



तथा द्वापर में कुल को मिलता था, परन्तु कलयुग में केवल करने वाले को ही पाप और पुण्य मिलता है। एक पात्र में भोजन करने वाले को पाप व पुण्य का आधा भाग मिलता है। दूसरे की निन्दा करने वाले, सुनने वाले अथवा चिन्तन करने वाले को पाप-पुण्य मिलता है। दूसरे के द्रव्य को चुराकर दान देने वाले को पाप मिलता है।

उन्होंने बताया कि पाप और पुण्य का उपदेश देने वाले को छठा अंश प्राप्त होता है। प्रजा का छठा अंश राजा को मिलता है। शिष्य से गुरु, पिता से पुत्र, स्त्री से पति भी छठा अंश पाते हैं। स्त्री पति का आधा पुण्य पाती है।

# संपादकीय

## वैश्विक आर्थिक मुद्दे

**दत्तोपंत** ठेंगड़ी का जन्म 10 नवंबर, 1920 को महाराष्ट्र के वर्धा जिले के आर्वी गाँव में हुआ था। उन्होंने नागपुर के लॉ कॉलेज से एलएलबी और मॉरिस कॉलेज से स्नातकोत्तर की पढ़ाई पूरी की। साल 1940 में जब एम.एस. गोलवलकर गुरुजी को संघ का दूसरा सरसंघचालक नियुक्त किया गया, तो उन्होंने संगठन का दायरा बढ़ाने के लिए युवाओं को आरएसएस प्रचारक के रूप में पूर्णकालिक सेवा करने के लिए प्रोत्साहित किया। इस निमंत्रण पर ठेंगड़ी जी साल 1942 में आरएसएस प्रचारक बन गए और 14 अक्टूबर, 2004 को 84 वर्ष की आयु में अपने निधन तक वहीं रहे। उन्हें अधिकारिक पदों की कोई लालसा नहीं थी। इसी कारण, उन्होंने एनडीए सरकार द्वारा पद्म भूषण पुरस्कार देने का प्रस्ताव ठुकरा दिया। ठेंगड़ी जी को अक्सर "मौन रणनीतिकार" कहा जाता था। वे अति-प्रतिक्रियाशील वक्ता की बजाय एक दूरदर्शी वास्तुकार थे। उनका मानना था कि दीर्घकालिक परिवर्तन के लिए मजबूत संस्थाएँ, अनुशासन और स्पष्ट सोच आवश्यक हैं। नेतृत्व को नियंत्रित करने के बजाय उन्होंने उसे बढ़ावा देने के लिए पृष्ठभूमि में काम किया। जो लोग उन्हें जानते थे, वे उनकी विनम्रता, राष्ट्रवादी विचारों में उनके अटूट विश्वास और दर्शन, अर्थशास्त्र और इतिहास की उनकी समझ को याद करते हैं। उनका कार्य सांस्कृतिक संबंधों और आर्थिक व्यावहारिकता का एक अनूठा मिश्रण प्रदर्शित करता है। वे दीनदयाल उपाध्याय द्वारा प्रचारित एकात्म मानवदर्शन के वैश्विक दर्शन और भारत के सभ्यतागत लोकाचार से प्रभावित थे।

**वैश्विक आर्थिक मुद्दे बनाम हिंदू आर्थिक व्यवस्था**

वैश्वीकरण, जिसने वैश्विक स्तर पर असमानता और मानवाधिकारों के उल्लंघन को बढ़ाया है, पश्चिमी दुनिया द्वारा रचा गया था। अमीर और अमीर होते जा रहे हैं, और गरीब और गरीब होते जा रहे हैं। दुनिया की अधिकांश संपत्ति 1% लोगों के पास है। दावोस आर्थिक मंच में प्रस्तुत डत्रॠअट रिपोर्ट के अनुसार, दुनिया के आठ सबसे अमीर लोगों की संपत्ति दुनिया की आबादी के सबसे गरीब आधे हिस्से, यानी 4 अरब लोगों के बराबर है। इसके अलावा, भूख हर साल 80 लाख लोगों की जान ले लेती है, जबकि इलाज योग्य और इलाज न किए जा सकने वाले, दोनों तरह के रोग भी उतनी ही संख्या में लोगों की जान ले लेते हैं। दत्तोपंत ठेंगड़ी ने उन्नत देशों द्वारा छोटे देशों का फायदा उठाने की संभावना पर गंभीर चिंता व्यक्त की है। उन्होंने कहा, "कुछ उन्नत देश (विकसित देश या उनके वैचारिक नेता) पारिस्थितिक संतुलन के प्रयासों में सहयोग नहीं करना चाहते, बल्कि विकासशील देशों के आँगन में अपना प्रदूषण फैलाते हैं।" हालाँकि, यह दृष्टिकोण विश्वव्यापी पर्यावरणीय आपदा को बहुत लंबे समय तक नहीं रोक पाएगा और पश्चिमी राष्ट्र भी इससे बच नहीं पाएँगे। विपत्ति अंततः सर्वत्र समृद्धि को नष्ट कर देगी क्योंकि विश्व केवल एक ही है।

# कृषि के क्षेत्र में सदैव अग्रणी रहा है भारत

अशोक प्रवृद्ध

> "पूर्व में ऋषियों ने वर्षा को मापने का पैमाना तय किया है। अढक अर्थात सौ योजन विस्तीर्ण तथा 300 योजन ऊंचाई में वर्षा के पानी की मात्रा। हैरतंगेज बात यह है कि पराशर मुनि द्वारा इस विधि से प्राप्त परिणाम के समान ही आज कल का वर्षा मापन भी इतना ही आता है। कौटिल्य के अर्थशास्त्र में द्रोण के आधार पर वर्षा मापने का उल्लेख तथा देश में कहां कितनी वर्षा होती है, इसका भी उल्लेख मिलता है। बीजवपन के संबंध में भी कृषि पराशर में विस्तृत वर्णनांकित है। उत्तम बीज संग्रह हेतु ऋषि पराशर, गर्ग ऋषि का मत उद्धृत करते हुए कहते हैं कि बीज को माघ अथवा फाल्गुन माह में संग्रहित करके धूप में सुखाना चाहिए"

मनुष्य के जीवन का आधार अन्नों की प्राप्ति कृषि से होती है, और हमारा देश भारत प्राचीन काल से ही कृषि प्रधान और कृषि के क्षेत्र में सदैव ही अग्रणी रहा है। भारत में अत्यंत प्राचीन काल से संसार के किसी भी अन्य देश से अधिक किस्मों का अनाज बोया जाता रहा है और भांति- भांति की पौष्टिक जड़ों वाली फसलों का भी यहां प्रचलन रहा है। परमेश्वरोक्त ग्रंथ वेद संसार की सभी ज्ञानों का मूल है और वेदादि ग्रंथों में कृषि कर्म के मूलभूत ज्ञान विस्तार से अंकित हैं। वैदिक विद्वानों के अनुसार मनुष्य को कृषि करने का ज्ञान वेदों से ही मिला है। यही कारण है कि वेद, उपनिषद्, इतिहास, पुराण, स्मृति, दर्शन आदि सभी प्राचीन ग्रंथ कृषि और कृषि कार्यों से सम्बद्ध विवरणों से भरे पड़े हैं। विश्व के सर्वाधिक प्राचीनतम ग्रंथ ऋग्वेद में कृषि व कृषि के वैज्ञानिक तकनीकों का गौरवपूर्ण उल्लेख करते हुए द्युत आदि दुगुणों को त्यागकर कृषि कर्म के द्वारा उन्नति का मार्ग प्रशस्त करने का आवाह्न किया गया है। ऋग्वेद 10/34/13 में कहा गया है -जुआ मत खेलो, कृषि करो और सम्मान के साथ धन पाओ। कृषि कर्म की प्रशंसा करते हुए पराशर स्मृति में कहा गया है -

कृषिर्धन्या कृषिर्मेध्या जन्तूनां जीवनं कृषिः।

-कृषि पाराशर श्लोक 8

अर्थात- कृषि सम्पत्ति और मेधा प्रदान करती है और कृषि ही मानव जीवन का आधार है।

यह सर्वविदित तथ्य है कि कृषि कर्म हेतु भूमि और वर्षा अर्थात पर्जन्य की महती आवश्यकता होती है। भूमि और वर्षा की नितांत आवश्यकता को देखते हुए ही अथर्ववेद में इन दोनों को ही नमस्कार किया गया है -

भूम्यै पर्जन्यपत्न्यै नमोऽस्तु वर्षभेदसे।

-अथर्ववेद 12/1/42

अथर्ववेद 3/17/4 के अनुसार कृषि कार्य गौरव का कार्य माना जाता था, इसीलिए इंद्र और पूषा देवों को कृषि-कार्य में लगाया गया है। यजुर्वेद 9/22 में राजा के चार कर्त्तव्य बताये गये हैं- कृषि की उन्नति, जन-कल्याण, राष्ट्र की श्रीवृद्धि और राष्ट्र को पुष्ट करना-

कृष्यै त्वा क्षेमाय त्वा रय्यै त्वा पोषाय त्वा।

इनमें कृषि को सर्वाधिक प्रमुखता प्रदान की गई है। शतपथ ब्राह्मण में पूरे कृषि कर्म को



चार भागों में बांटा गया है-

कृषन्तः, वपन्तः, लुनन्तः, मृणन्तः।

-शतपथ ब्राह्मण 1/6/1/3

अर्थात - कर्षण अर्थात खेत की जुताई, वपन अर्थात बीज बोना, लवन अर्थात पके खेत की कटाई करना और मर्दन अर्थात मडाई करके स्वच्छ अन्न प्राप्त करना । कृषि और शस्य अर्थात कृषि विधि के आविष्कारक राजा पृथु थे, जो ऋषि वेन के पुत्र थे। अथर्ववेद के अनुसार पृथु ने कृषि विद्या के द्वारा अनेक प्रकार के अन्न प्राप्त किए-

तां पृथी वैन्योऽधोक्, तां कृषिं सस्यं चाधोक।

-अथर्ववेद 8/10/4/11

महाभारत शान्ति पर्व 59/113/115 से भी इस बात की पुष्टि होती है ।

वैदिक ग्रंथों में उल्लिखित कृषि के इन संदर्भों से इस सत्य का सत्यापन होता है कि वैदिक काल में ही बीजवपन, कटाई आदि क्रियाएं, हल, हंसिया, चलनी आदि उपकरण तथा गेहूं, धान, जौ आदि अनेक धान्यों का उत्पादन प्रचलन में था। भूमि की अत्यधिकता के कारण कृषि भूमि को कुछ वर्ष के लिए बिना खेती किये यूँ ही परती छोड़ पुनः उस भूमि पर कृषि कार्य प्रारंभ करने अर्थात चक्रीय परती के द्वारा मिट्टी की उर्वरता बढ़ाने की परंपरा के निर्माण का श्रेय आदि कालीन भारतीय कृषकों अर्थात वैदिक कालीन कृषकों को जाता है। यूरोपीय वनस्पति विज्ञान के जनक रोम्सबर्ग और अन्य पाश्चात्य कृषि विद्वानों के अनुसार इस पद्धति को पश्चिम ने बाद के दिनों में अपनाया। कौटिल्य अर्थशास्त्र में मौर्य राजाओं के काल में कृषि, कृषि हेतु सिंचाई की व्यवस्था विकसित करने, कृषि उत्पादन आदि को बढ़ावा देने हेतु कृषि अधिकारी की नियुक्ति किये जाने का वर्णन मिलता है। यूनानी यात्री मेगस्थनीज ने लिखा है कि मुख्य नाले और उसकी शाखाओं में जल के समान वितरण को निश्चित करने व नदी और कुओं के निरीक्षण हेतु राजा द्वारा अधिकारियों की नियुक्ति की जाती थी। कृषि के संदर्भ में विस्तृत और चौंकाने वाले तथ्य नारदस्मृति, पाराशरस्मृति, विष्णु धर्मोत्तर पुराण, अग्नि पुराण आदि में अंकित मिलते हैं। पराशर मुनि कृत स्मृति का कृषि पाराशर कृषि के विषय में एक संदर्भ ग्रंथ ही बन गया है। इस ग्रंथ में अनेक उल्लेखनीय व विशेष बातें कृषि के संदर्भ में अंकित हैं। इसमें कृषि भूमि की जुताई, वर्षा के बारे में भविष्यवाणी, बीजवपन, वर्षा मापन और अन्यान्य कृषि पद्धतियों का वर्णन है। पराशर कृत कृषि पराशर में कृषि भूमि की जुताई, कितने क्षेत्र की जुताई करना, उस जुताई हेतु प्रयुक्त हल, उसके अंक आदि का वर्णन है। इसी प्रकार जोतने वाले बैल, उनका रंग, प्रकृति तथा कृषि कार्य करवाते समय उनके प्रति मानवीय दृष्टिकोण रखने का वर्णन भी कृषि पाराशर ग्रंथ में अंकित है। जुताई का समय-नक्षत्र तथा काल के निरीक्षण के आधार पर जुताई के लिए कौन-सा समय उपयुक्त होगा, इसका निर्धारण भी कृषि पाराशर में किया गया है । ग्रंथ के अध्ययन से यह स्पष्ट होता है कि प्रकृति का सूक्ष्म निरीक्षण, ग्रहों की गति तथा प्रकृति में होने वाले परिवर्तनों का गहरा अध्ययन, अनुसंधान व अभ्यास प्राचीन कालीन भारतीय ऋषि-मुनियों ने किया था, उसी आधार पर वे वर्षा की सटीक भविष्यवाणियां करते थे। भारतीय गणितीय ज्योतिष परम्परानुसार प्रत्येक वर्ष में उस वर्ष की ग्रह प्रमुखता के आधार पर पृथक- पृथक फल अर्थात परिणाम होते हैं। जिस वर्ष में जो ग्रह प्रमुखता में रहता है, उसके आधार पर उस वर्ष क्या-क्या परिणाम होते हैं, इसका वर्णन करते हुए कृषि पाराशर में ऋषि द्वारा कहा गया है कि जिस वर्ष सूर्य अधिपति होगा उस वर्ष में वर्षा कम होगी और मानवों को कष्ट सहन करना पड़ेगा। जिस वर्ष का अधिपति चंद्र होगा, उस वर्ष अच्छी वर्षा और वनस्पति की वृद्धि होगी। लोग स्वस्थ रहेंगे। उसी प्रकार बुध, बृहस्पति और शुक्र की वर्षाधिपति होने पर भी स्थिति ठीक रहेगी। परंतु जिस वर्ष शनि वर्षाधिपति होगा, हर जगह विपत्ति होगी।ह्य कृषि पाराशर में वर्षा को मापने अर्थात वर्षा मापन का भी वर्णन मिलता है। कृषि पराशर में वर्षा मापन अर्थात जलाढक निर्णय के संबंध में कहा गया है-

शतयोजनविस्तीर्णं त्रिंशद्योजनमुच्छ्रितम्?।
अढकस्य भवेन्मानं मुनिभिः परिकीर्तितम्? ।।

-कृषि पाराशर

अर्थात- पूर्व में ऋषियों ने वर्षा को मापने का पैमाना तय किया है। अढक अर्थात सौ योजन विस्तीर्ण तथा 300 योजन ऊंचाई में वर्षा के पानी की मात्रा। हैरतंगेज बात यह है कि पराशर मुनि द्वारा इस विधि से प्राप्त परिणाम के समान ही आज कल का वर्षा मापन भी इतना ही आता है। कौटिल्य के अर्थशास्त्र में द्रोण के आधार पर वर्षा मापने का उल्लेख तथा देश में कहां कितनी वर्षा होती है, इसका भी उल्लेख मिलता है। बीजवपन के संबंध में भी कृषि पराशर में विस्तृत वर्णनांकित है। उत्तम बीज संग्रह हेतु ऋषि पराशर, गर्ग ऋषि का मत उद्धृत करते हुए कहते हैं कि बीज को माघ अथवा फाल्गुन माह में संग्रहित करके धूप में सुखाना चाहिए तथा उन बीजों को बाद में सुखी, साफ- स्वच्छ, अच्छी और सुरक्षित स्थान पर संरक्षित करना चाहिए। वराहमिहिर ने वृहत संहिता में पेड़ों के उपरोपण अर्थात ग्राफ्टिंग की विधि, समय, सिंचाई के संबंध में विस्तृत वर्णन किया है। प्राचीन काल से ही भारत कृषि के सुविकसित साधनों की दृष्टि से संसार में अग्रणी रहा है।

**नई दिल्ली कार्यालय**
एक्शन बालाजी हाउस, बी-244, मजलिस पार्क, दिल्ली- 110033

**उत्तरी दिल्ली कार्यालय**
शक्ति कॉम्पलैक्स, 6/18, समयपुर इंडस्ट्रियल एरिया, दिल्ली- 110042

**चंडीगढ़ कार्यालय**
फर्स्ट फ्लोर, देश सेवक बिल्डिंग, सेक्टर- 29डी, चंडीगढ़

**पंजाब कार्यालय**
7/2, थर्ड फ्लोर, मोनिका, टावर, ईआर-146, पक्का बाग, मिलाप चौक, जालंधर

**करनाल कार्यालय**
224, सेक्टर 32पी, करनाल- 132001

**सोनीपत कार्यालय**
एक्शन इंडिया कार्यालय, अपोजिट एनएस कम्प्यूटर, झंडी रोड़, गीता भवन चौक सोनीपत- 131001

**शिमला कार्यालय**
किशोर भवन, जोधा निवास, डेजी बैंक एस्टेट, लोअर जाखू, शिमला- 171001

**ऊना कार्यालय**
कृष्णा टावर, सब्जी मंडी के सामने, ऊना-174303

**देहरादून कार्यालय**
7/1, बल्लूपुर रोड़, कृष्णा नगर चौक, देहरादून

## कृत्रिम बुद्धि : सामाजिक संदर्भ

डॉ. नीरज भारद्वाज

**वर्तमान** अत्याधुनिक युग में कृत्रिम बुद्धिमत्ता विषय पर विचार बहुत तेजी से चल रहा है। तकनीक के इस युग में हर चीज तकनीक के दृष्टिकोण से देखी-समझी जा रही है और तकनीक ही उसका उत्तर भी दे रही है। आज रोबोटिक सर्जरी तक की बात सार्थक हो चुकी है। ऐसे में कृत्रिम बुद्धिमत्ता पर चर्चा होना बहुत जरूरी है। आज कंप्यूटर सब की जरूरत है, इंटरनेट ने विश्व को जोड़ दिया है। दूरदराज के क्षेत्र में भी आज इंटरनेट से जुड़े साधन, उसकी उपयोगिता, उसकी सहभागिता, सभी कुछ सार्थक नजर आ रही है।आज सभी वस्तुएं ऑनलाइन और इंटरनेट अर्थात कंप्यूटर, मोबाइल आदि पर आधारित होकर चल रहे हैं। हर व्यक्ति सोशल मीडिया के कितने ही प्लेटफार्मों से जुड़ रहा है। ऐसे में कृत्रिम बुद्धिमत्ता अपने आप में एक सार्थक काम कर रही है। बैंक, स्वास्थ्य, मनोरंजन, शिक्षा और अन्य सेवाएं सभी को कृत्रिम बुद्धिमत्ता के साथ जोड़कर देखा-समझा जा रहा है। आखिर इस कृत्रिम बुद्धिमत्ता की आवश्यकता, क्या आविष्कार की जननी है? या फिर हमारे टूटते सामाजिक संदर्भ हैं? या फिर बदलता आधुनिक समाज है? या समय की मांग है?, यह बहुत सारे प्रश्न हमारे सामने खड़े हो रहे हैं। ग्लोबल युग में कृत्रिम बुद्धिमत्ता अपना व्यापक कार्य और व्यापार कर रही है। आज हर चीज ग्लोबल होना चाहती है, वैश्विक होने का भाव सभी में छिपा हुआ है। सभी लोग देश-दुनिया से ऊपर उठकर किसी नए संसार की खोज में लगे हुए हैं और यह खोज कहां तक सार्थक है, इसके बारे में भी अंदाजा लगा पाना मुश्किल है। मनुष्य एक सामाजिक प्राणी है और भारतवर्ष में विश्व का सबसे सुंदर सामाजिक परिवेश है। फिर ऐसे सामाजिक परिवेश में कृत्रिम बुद्धिमत्ता की आवश्यकता क्यों पड़ रही है? सबसे बड़ा प्रश्न तो यहीं खड़ा होता है। विचार करें तो हमारी ज्ञान परंपरा श्रुति ज्ञान परंपरा रही है अर्थात हमने अपने वेदों-शास्त्रों, महात्माओं-संतों आदि को सुना और एक पीढ़ी से दूसरी पीढ़ी की ओर बढ़ा दिया। इसी प्रकार समाज में हमने एक दूसरे के सुख-दुख को जाना, सामाजिक ताने-बाने में हम बंधे, उसमें साथ रहे और समाज परिवार का विकास हुआ। लेकिन अब धीरे-धीरे यह सामाजिक ढांचा टूटने लगा है। जब भी हम अपने सामाजिक ढांचे को जानने का प्रयास करते हैं तो उसमें दो तथ्य हमें दिखाई देते हैं। एक पढ़ा लिखा वर्ग, दूसरा बिना पढ़ा अर्थात व्यावहारिक वर्ग। दोनों के बीच हमेशा से सामंजस्य रहा है। सही मायनों में दोनों ही महत्वपूर्ण हैं।

समय के साथ-साथ देश की साक्षकरता में सुधार हुआ है। लोग अंधविश्वास और अन्य बुराइयों से भी बाहर निकले हैं लेकिन पढ़ा-लिखा वर्ग अब गांव से बाहर निकल रहा है, महानगरों में अपना ढेरा डाले हुए है, यहीं से सामाजिक ढांचे की टूटने की शुरूआत होती है। एक पीढ़ी गांव में और दूसरी शहर में अर्थात अनुभव, दादा-दादी, नाना-नानी की कहानी गांव में आधुनिकता का आवरण शहर में यहीं से किस्से-कहानियों की समाप्ती। एक पीढ़ी से दूसरी पीढ़ी में ज्ञान परंपरा का अंत होता दिखाई दे रहा है।

# विचार

## अब्बा डब्बा जब्बा नहीं, अब अप्पू टप्पू पप्पू

सुशील कुमार 'नवीन '

**वर्ष** 1997 में एक फिल्म रिलीज हुई थी। फिल्म का नाम था 'जुदाई'। मुख्य रोल में थे सुपरस्टार अनिल कपूर और लेडी सुपर स्टार श्रीदेवी। दोनों सुपरस्टारों के साथ जबरदस्त भूमिका में थी रंगीला गर्ल उर्मिला मातोंडकर। जो लोग 40 से बड़ी उम्र के है, अधिकांश फिल्मप्रेमियों ने ये फिल्म टीवी या सिनेमा में अवश्य देखी होगी। फिल्म की कहानी तो उस समय की सुपरहिट थी ही, सो उसकी चर्चा करने की जरूरत ही नहीं है। जरूरत है फिल्म के एक सुपरहिट डायलॉग 'अब्बा डब्बा जब्बा' पर चर्चा करने की। मूक बधिर महिला के निभाए गए आइकॉनिक रोल में इस डायलॉग ने उपासना सिंह को रातों रात सुर्खियों में ला दिया था। वैसे आज के समय में उपासना सिंह किसी परिचय की मोहताज नहीं है। आप भी सोच रहे होंगे कि इस डायलॉग की आज 28 वर्ष बाद अचानक कैसे याद हो आई। तो सुनिए बिहार में गुरुवार 6 नवंबर और 11 नवंबर को चुनाव होना है। बिहार की कुल 243 सीट पर दो चरण में चुनाव हो रहे हैं। लगभग 7.43 करोड़ मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे। देश की राजनीति में बिहार की बड़ी भूमिका रहती है। इसलिए भाजपा गठबंधन और कांग्रेस गठबंधन जीत के लिए अपना पूरा जोर लगाए हुए है। 121 सीटों के लिए प्रचार थम चुका है। शेष 122 सीटों के लिए 9 नवंबर तक आरोप प्रत्यारोपों का दौर जारी रहेगा। 11 नवंबर को द्वितीय चरण के मतदान के बाद परिणाम 14 नवंबर को आयेगा। अब सीधे मुद्दे पर आते हैं।चुनाव कोई भी हो चटखारे लेने में कोई कर कसर नहीं छोड़ता। मोदी विरोधी हर मंच से जुमलेबाज, वोट चोर तो कहते ही है। साथ में दो चार तंज और भी छोड़ देते हैं। इसी क्रम में कसर मोदी भी नहीं छोड़ते। जहां मौका लगता है, वहीं तरकश से तीर छोड़ देते है। इस बार मोदी से ज्यादा तो यूपी वाले बाबा जी(योगी आदित्यनाथ) चुनावी मैदान में छक्के पे छक्का मारे जा रहे हैं। नया डायलॉग है पप्पू, अप्पू और टप्पू। उत्तरप्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ बिहार की धरती से न केवल पटना की राजनीति को नहीं साध रहे, बल्कि दिल्ली तक की विपक्ष की राजनीति को निशाने पर ले रहे हैं।। हाल ही में उन्होंने बातों-बातों में विपक्ष के तीन बड़े चेहरों पर पप्पू, अप्पू और टप्पू का ऐसा डायलॉग मारा है जो लगातार चर्चा में है। उन्होंने बिना नाम लिए इन तीन चेहरों में कांग्रेस के युवराज राहुल गांधी, सपा सुप्रीमो अखिलेश यादव और बिहार में विपक्ष के सीएम फेस राजद नेता तेजस्वी यादव को गांधी जी के तीन बंदरों से इनका उदाहरण दिया। उन्होंने तंज कसते हुए कहा कि आज गांधी जी के तीन बंदरों की तरह बिहार के महागठबंधन में भी तीन बंदर हैं। पप्पू, अप्पू और टप्पू। पप्पू सच बोल नहीं सकता, अप्पू सच सुन नहीं सकता और टप्पू सच देख नहीं सकता। उन्होंने बिना नाम लिए राहुल गांधी, अखिलेश यादव और तेजस्वी यादव पर टिप्पणी करते हुए कहा कि वह तीनों (पप्पू, टप्पू और अप्पू) बंदर न सच देखते हैं, न सुनते हैं, न बोलते हैं। कुछ भी हो डायलॉग जबरदस्त ट्रेंड में है। खैर जो कहा सो कह दिया। लोकतंत्र में सबको बोलने की आजादी है। इन्होंने छक्का मारा है तो मौका लगेगा तो वो भी पीछे नहीं रहेंगे। अथर्ववेद में लिखा गया यह सूक्त आज के समय प्रासंगिक जान पड़ता है।

मा भ्राता भ्रातरं द्विक्षन्?, मा स्वसारमुत स्वसा।
सम्यञ्चः सव्रता भूत्वा वाचं वदत भद्रया।।

इसका अर्थ है कि भाई, भाई से द्वेष न करें, बहन, बहन से द्वेष न करें, समान गति से एक-दूसरे का आदर- सम्मान करते हुए परस्पर मिल-जुलकर कर्मों को करने वाले होकर अथवा एकमत से प्रत्येक कार्य करने वाले होकर भद्रभाव से परिपूर्ण होकर संभाषण करें। पुराने समय की बात करें तो राजनीति में भाषा कभी जन-जागरण का माध्यम होती थी। नेता जो बोलते थे वो मर्यादित बोलते थे। आज ट्रेंडिंग का जमाना है। ऐसा बोलो कि समाचार पत्रों और टीवी चैनलों की सुर्खियां तो बने ही साथ में पब्लिक भी इसे खूब सकुर्लेट करे। यदि ये कहे कि राजनेता आज विचार सकुर्लेट नहीं करते अपितु चुनावी रंगमंच में डायलॉग डिलिवरी करते हैं। किसी नेता के संबोधन की जान 'पप्पू' है, किसी के लिए 'चोर'। थोड़ा आगे बढ़े तो कोई फ्री की रेवड़ी बोल अपना वक्तव्य पूरा कर लेता है तो कोई ठगबंधन। फ्लैश बैक में जाएं तो किसी समय अटल बिहारी वाजपेयी का 'हार नहीं मानूंगा' समर्थकों में जोश से भर देता था।

**एक्शन इंडिया दैनिक**

**भगवान शंकर जी के ग्यारहवें रुद्रावतार हनुमान जी (मेंहदीपुर, श्री बाला जी) के संरक्षण में संचालित किया जाता है। समाचार-पत्र का यह अंक भी उन्हीं के चरणों में श्रद्धापूर्वक समर्पित है।**

आरएनआई: DELHIN / 2006 / 19302

एक्शन इंडिया मल्टीमीडिया प्राइवेट लिमिटेड के लिए संपादक, मुद्रक, प्रकाशक एवं रवि भारद्वाज द्वारा एक्शन बालाजी हाउस, 244, ब्लॉक- बी, लेन- 3, राकेश भारद्वाज चौक के नजदीक, दिल्ली - 110033 से प्रकाशित एवं मारुतिनंदन प्रिंटर्स एंड पब्लिशर्स, शक्ति कॉम्प्लेक्स, 6/18, समयपुर इंडस्ट्रियल एरिया, दिल्ली-110042 से मुद्रित।

संस्थापक : श्रद्धेय राकेश भारद्वाज जी
समूह संपादक : रवि भारद्वाज ( 9999889104)
मेट्रो संपादक : दीपचंद्र कांडपाल (8447314925)
'एक्शन इंडिया' में प्रकाशित लेखों में व्यक्त किये गये विचार एवं दृष्टिकोण संबंधित लेखक के हैं। संपादक केवल पीआरबी एक्ट के तहत ही उत्तरदायी। किसी भी विवाद का न्यायिक क्षेत्र दिल्ली ही होगा।

**वैधानिक सूचना**

पाठकों को सलाह है कि एक्शन इंडिया, समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के आधार पर कोई निर्णय लेने से पहले विज्ञापन में प्रकाशित उक्त उत्पाद या सेवा के बारे में आवश्यक जांच-पड़ताल कर लें। समाचार पत्र प्रबंधक किसी भी विज्ञापन में गुणवत्ता, सेवा आदि के विवरण के बारे में विज्ञापनदाता द्वारा किए गए दावे या उल्लेख की पुष्टि या समर्थन नहीं करता है। अतः समाचार पत्र उक्त विज्ञापनों के बारे में किसी प्रकार से उत्तरदायी नहीं होगा।

# आलेख

## निर्णायक पहला चरण घूमेगा जातियों के इर्द-गिर्द

डॉ.रमेश ठाकुर

**जात-स**मुदाय के समीकरण में टकराएगा बिहार का पहला चुनावी चरण। रोजगार-विकास जैसे जरूरी मुद्दों को छोड़कर जाति-समुदाय के चुंगल में पूरी तरह से जकड़ा 121 सीटों वाला ये पहला चरण ही तय कर देगा कि प्रदेश में एनडीए की वापसी होगी या महागठंधन सरकार बनेगी। अधिकांश धुरंधर नेताओं के किस्मत का फैसला ये चरण करेगा। बिहार चुनाव में इस बार भी जातियों की बीच ही टकराव है। पहले चरण की 121 सीटों में 26 सीटें ऐसी जहां सवर्ण उम्मीदवारों और पिछड़ी जाति के उम्मीदवारों में सीधा मुकाबला होगा। 33 सीटों पर जदयू और राजद उम्मीदवारों में सीधी टक्कर है। वहीं, 23 सीटों पर भाजपा और राजद में आमने-सामने की भिड़ंत है जिसमें बिहार के उप-मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी और मंगल पांडे नितिन नवीन, कृष्ण कुमार मंटू, रामकृपाल यादव की किस्मत दांव पर है। भाजपा के 13 सवर्ण उम्मीदवारों का मुकाबला राजद के कद्दावर नेताओं से होगा जिसने भी तकरीबन सवर्ण कैंडिडेट हैं। मंगल पांडे का सामना पूर्व स्पीकर अवध बिहारी चौधरी से है। तो वहीं, सर्वाधिक चचाओं वाले नेता सम्राट चौधरी को राजद उम्मीदवार अरुण कुमार टक्कर दे रहे हैं। सबसे चर्चित मुकाबला महागठबंधन की ओर से मुख्यमंत्री पद के उम्मीदवार तेजस्वी यादव का माना जा रहा है. उन्हें उन्हीं की जाति के उम्मीदवार यानी भाजपा के सतीश कुमार दे रहे हैं। कुल मिलाकर पहला चरण बिहार में नई सरकार बनाने का रास्ता तकरीबन-तकरीबन साफ कर देगा क्योंकि इस चरण से जीते उम्मीदवारों से ही कोई न कोई प्रदेश का अगला मुख्यमंत्री बनेगा। जातियों को हटाने की बात चुनाव से पूर्व सभी दल जरूर करते हैं पर, चुनाव आते-आते वो बातें हवा-हवाई हो जाती है। जातियों के जकड़न से कोई इसलिए बाहर नहीं निकलना चाहता क्योंकि ऐसा करने से उनकी राजनीति जो खत्म हो जाएगी। छोटे दलों के नेताओं की राजनीति उन्हीं के समुदायों के बूते होती है। इसे देश का दुर्भाग्य ही कहा जाएगा कि 21वीं सदी में भी हम जातियों में जकड़े हैं। ऐसे में विकास-रोजगार की बात करना बेमानी ही है। मौजूदा चुनाव में सभी दलों ने जाति-समुदायों को ध्यान में रखकर ही टिकटों का वितरण किया है।

## ...लेकिन नीतीश कुमार से है सहानुभूति!

कमलेश पांडे

**बिहार** विधानसभा चुनाव के तहत 6 और 11 नवंबर को होने वाले क्रमशः प्रथम और द्वितीय चरण के मतदान की उलटी गिनती अब शुरू हो चुकी है। प्राप्त जानकारी के मुताबिक, अभी तक किसी भी पार्टी या गठबंधन के पक्ष में किसी स्पष्ट लहर के संकेत नहीं मिले हैं जबकि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार से सबकी सहानुभूति है, यह बात स्पष्ट रूप से उभर कर सामने आ रही है। वहीं, अब तक आए सात प्रमुख चुनाव पूर्व-सर्वेक्षणों, यथा- लाइवमिंट, जेवीसी पोल, सी वोटर, न्यूज एक्स, लोक पोल, वोट विबे (अमिताभ तिवारी) और अन्य- के रुझानों यानी पोल ऑफ द पोल्स से कुछेक रोचक और कांटे की टक्कर होने के स्पष्ट संकेत मिल रहे हैं। साथ ही यह भी पता चलता है कि त्रिकोणीय मुकाबले की स्थिति में कहीं एनडीए को तो कहीं इंडी गठबंधन को लेने के देने पड़ सकते हैं। यही वजह है कि अभी तक आये आधा दर्जन से अधिक चुनाव पूर्व सर्वेक्षण सोशल मीडिया पर भी अपनी खूब सुर्खियां बटोर रहे हैं और बिहारी मतदाताओं के मूड को समझने का स्पष्ट और सबसे ताजा जरिया बने हुए हैं। वहीं, व्यक्तिगत बातचीत से भी पता चल रहा है कि बिहार विधानसभा चुनाव 2025 में अबतक किसी भी पार्टी के पक्ष में कोई स्पष्ट लहर नहीं लेकिन सूबे के कद्दावर मुख्यमंत्री समझे जाने वाले नीतीश कुमार से सबकी सहानुभूति है! शायद इसलिए कि उन्होंने बिहार से जंगलराज को समाप्त करके सुशासन और विकास की सरकार देने में खूब सफलता पाई। वहीं, जिन्होंने भी उन्हें हल्के में लिया, उसे अपने भारी होने का एहसास करवाने में जरा-सी भी देरी नहीं की और भाजपा-कांग्रेस-राजद को उसके सियासी जूते के आकार में समेटे रखा।

ना काहू से दोस्ती, ना काहू से बैर वाला उनका सियासी अंदाज इस बार भी चर्चा का विषय बना हुआ है। खासकर बिहार के सियासी चाणक्य समझे जाने वाले नीतीश कुमार 14 नवम्बर के बाद कौन-सी सियासी चाल चलेंगे, इस पर अब उनके सहयोगियों-विरोधियों दोनों की नजरें टिकी हुई हैं। शायद उनके इसी अंदाज से उनके समर्थक और विरोधी मतदाताओं की भी दुविधा बढ़ी हुई है, जिसका उन्हें लाभ और हानि दोनों होने के आसार प्रबल हैं।

## न्यूज फ्लैश

### मुख्यमंत्री को सौंपा दादा कुशाल सिंह दहिया के 350वें बलिदान दिवस पर आयोजित समारोह का निमंत्रण

**टीम एक्शन इंडिया**
**सोनीपत, (संजीव कौशिक)।** हरियाणा के मुख्यमंत्री श्री नायब सैनी के राई स्थित हरियाणा खेल विश्वविद्यालय पहुंचने पर मुख्यमंत्री के ओएसडी विरेन्द्र बढखालसा की अध्यक्षता में आयोजन समिति ने मुख्यमंत्री से मुलाकात कर उन्हें अमर बलिदानी दादा कुशाल सिंह दहिया के 350वें बलिदान दिवस पर आयोजित राज्य स्तरीय कार्यक्रम का निमंत्रण दिया। आयोजन समिति ने मुख्यमंत्री को अवगत करवाया कि 14 नवंबर को राई स्थित एजुकेशन सिटी में यह ऐतिहासिक आयोजन दादा कुशाल सिंह दहिया के अद्वितीय बलिदान, वीरता और देशभक्ति की गौरवशाली गाथा को जन-जन तक पहुँचाने के उद्देश्य से आयोजित किया जा रहा है। इस दौरान मुख्यमंत्री श्री नायब सैनी ने आयोजन समिति की पहल की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे महान बलिदानियों की स्मृति में होने वाले आयोजन युवाओं में देशभक्ति और समाज सेवा की भावना को प्रेरित करते हैं। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार हमेशा ऐसे आयोजनों को समर्थन देती रही है जो समाज में राष्ट्रीय चेतना और एकता का संदेश दें। ओएसडी विरेन्द्र बढखालस ने बताया कि 14 नवम्बर को होने वाले राज्य स्तरीय कार्यक्रम में प्रदेश भर से विभिन्न खापों के प्रतिनिधि, गणमान्य नागरिक, जनप्रतिनिधि, समाजसेवी और बड़ी संख्या में ग्रामीण व युवा भाग लेंगे। इसके अलावा महिलाओं ने भी विभिन्न गांवों में जाकर 14 नवम्बर को होने वाले राज्य स्तरीय कार्यक्रम का निमंत्रण दिया।

### 340 नशे में प्रयुक्त होने वाली गोलियां व कैप्सूल सहित चकेरियां से एक को किया काबू

**डबवाली (शुभम खटक)**
डबवाली पुलिस पंजाब की सीमा से सटे जिला डबवाली को नशा मुक्त करने के लिए निरंतर प्रयास किये जा रहे हैं । । जिला पुलिस की ओर से नशे के खिलाफ लगातार विशेष अभियान चलाया जा रहा है तथा विभिन्न प्रकार का नशा बेचने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जा रही है । जिला पुलिस द्वारा जहां मादक पदार्थ तस्करों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जा रही है वहीं मैडीकल नशा बेचने वालों के खिलाफ भी शिकंजा कसा जा रहा है । प्रयासों की इसी कड़ी में सीआईए स्टाफ कालांवाली टीम ने गांव चकेरियां से गुरदीप उर्फ गीपा पुत्र मेघ सिंह निवासी चकेरियां को काबू करने में सफलता हासिल की ।

### मेयर रेनू बाला गुप्ता ने मंडल अध्यक्ष लवली गर्ग से की मुलाकात



**कालांवाली (शुभम खटक)**
कालांवाली में करनाल से भारतीय जनता पार्टी की करनाल मेयर श्रीमती रेनू बाला गुप्ता आज पार्टी की मंडल अध्यक्ष लवली गर्ग के प्रतिष्ठान पर पहुंचीं। इस अवसर पर उन्होंने लवली गर्ग से सौजन्य मुलाकात की और क्षेत्र में चल रहे संगठनात्मक कार्यों एवं जनसमस्याओं को लेकर चर्चा की।
मेयर रेनू बाला गुप्ता ने कहा कि संगठन की मजबूती और जनसेवा ही भाजपा की प्राथमिकता है। उन्होंने पार्टी कार्यकताओं से अपील की कि वे बूथ स्तर तक जनता से जुड़कर सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को घर-घर तक पहुंचाएं। इस मौके पर मंडल अध्यक्ष लवली गर्ग ने मेयर का स्वागत किया और उन्हें क्षेत्र में चल रहे विभिन्न कार्यों की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि भाजपा कार्यकर्ता निरंतर जनता की सेवा में जुटे हुए हैं और पार्टी की नीतियों को जन-जन तक पहुंचा रहे हैं। इस अवसर पर डबवाली जिला अध्यक्ष रेणु शर्मा सहित पार्टी के अनेक पदाधिकारी और कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# विधायक रामकुमार ने पांच सडकों के नवीनीकरण कार्य का किया शुभारंभ

**शुभारंभ**

□ किसी भी क्षेत्र के समग्र विकास के लिए सडकों का सही होना अत्यंत महत्वपूर्ण है : विधायक



**टीम एक्शन इंडिया**
**कमल मिड्ढा**
**करनाल।** विधायक एवं गवर्नमेंट चीफ व्हीप रामकुमार कश्यप ने बुधवार को इन्द्री विधानसभा के तहत लगभग 3.12 करोड़ रुपये की लागत से पांच सडकों के नवीनीकरण कार्य का शुभारंभ किया। इस दौरान विधायक ने बड़ागांव से जयरामपुर रोड, मनीमति अपोजिट रोड, चौगांव से कुकानी रोड और सिकंदरपुर अपोजिट रोड के मजबूतीकरण, ब्याना से शाहपुर रोड के चौड़ीकरण व मजबूतीकरण के कार्य का शुभारंभ किया। यह कार्य 6 महीने में पूरा होगा।
विधायक रामकुमार कश्यप ने कहा कि किसी भी क्षेत्र के समग्र विकास के लिए सडकों का सही होना अत्यंत महत्वपूर्ण है। प्रदेश सरकार ग्रामीण क्षेत्रों के विकास के लिए प्रतिबद्ध है। बेहतर सडक कनेक्टिविटी से ही विकास की गति तेज होती है और आमजन को लाभ मिलता है। प्रदेश सरकार इस दिशा में तेजी से आगे बढ़ रही है। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार का मुख्य फोकस नई सडकों के निर्माण के साथ-साथ पुरानी सडकों के नवीनीकरण पर भी है। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार का लक्ष्य है कि प्रदेश का हर नागरिक सशक्त हो और उसे मूलभूत सुविधाएं आसानी से मिल सकें। प्रदेश सरकार की विकास नीति का मूल मंत्र सबका साथ, सबका विकास है और इसी विजन पर कार्य करते हुए बिना किसी भेदभाव के हर क्षेत्र में समग्र विकास सुनिश्चित किया जा रहा है।
इस मौके पर भाजपा मण्डल अध्यक्ष राम मेहर, सरपंच मनोज सेतिया, जयरामपुर मेहर सिंह, सरपंच बडगांव कृष्ण, एसडीओ रोहतास, जेई सुरेन्द्र राणा, नितिन अरोड़ा, यशपाल सेतिया, सर पंतनगर और उड़ान जमिंदर, सरपंच नगला रोड़ जसविंदर, सरपंच मा. कुमारा कृष्ण, अभी सेतिया सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण व गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे।

## राजीव जैन ने गुरु नानक देव जयंती की दी बधाई



**टीम एक्शन इंडिया**
**सोनीपत ।** नगर निगम मेयर राजीव जैन ने कहा है कि गुरु नानक देव ने संसार के दुखों को घृणा, झूठ और छल कपट से परे होकर देखा और मानवता के नवीनीकरण के लिए निकल पड़े। उन्होंने अपनी दस शिक्षाओं के माध्यम से मानव कल्याण की राह दिखाई, इसीलिए उनका जन्म दिवस प्रकाश पर्व के रूप में मनाया जाता है।
राजीव जैन ने गीता भवन गुरुद्वारा में पहुंचकर गुरु नानक देव जयंती की बधाई दी और प्रबंधन समिति ने सिरोपा भेंटकर सम्मानित किया। उनके शिक्षाओं में ईश्वर एक है, एक ही ईश्वर की उपासना करो, ईश्वर हर प्राणी मात्रा में मौजूद है, ईश्वर की भक्ति करने वालों को किसी का भय नहीं होता, ईमानदारी मेहनत से पेट भरो, बुरा कार्य करने बारे न सोचो न किसी को सताओ, सदैव प्रसन्न रहो, तथा ईश्वर से क्षमा मांगते रहो। जरूरतमंद की मदद करो, स्त्री पुरुष में भेदभाव न रखो, तथा लोभ लालच की प्रवृत्ति से बचों शामिल है
मेयर ने कहा कि गुरु नानक देव मानवता के लिए जिए और जीवन पर्यन्त शोषित एवं पीड़ितों के लिए संघर्ष रत रहे। साढ़े पांच सौ वर्षों के बाद भी उनके शिक्षाएं प्रासंगिक एवं प्रेरणादायी है और आज हम सभी को उनके शिक्षाओं को जन-जन तक फैलने का संकल्प लेना चाहिए।

### मंगल कॉलोनी स्लम एरिया में निशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर आयोजित

**टीम एक्शन इंडिया**
**कमल मिड्ढा**
**करनाल।** जिला एवं सत्र न्यायाधीश एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष अजय कुमार शारदा के मार्गदर्शन में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा बुधवार को मानवता जन शक्ति फाउंडेशन के सौजन्य से मंगल कॉलोनी में निशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव डॉ. इरम हसन ने बताया कि राष्ट्रीय विधिक सेवा दिवस के उपलक्ष्य में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा 10 नवम्बर तक जिला के विभिन्न स्थानों पर कानूनी साक्षरता शिविरों एवं हैल्थ चैकअप कैंप का आयोजन किया जा रहा है।

## गुरुद्वारा श्री गुरु नानक सत्संग सिंह सभा गीता भवन पहुंचे मदान

**प्रकाश पर्व**

□ साध संगत को सिखों के प्रथम गुरु, श्री गुरु नानक देव जी के प्रकाश पर्व की दी बधाईयां।



**टीम एक्शन इंडिया**
**सोनीपत :** बुधवार को विधायक निखिल मदान ने समस्त देशवासियों को सिखों के प्रथम गुरु श्री गुरु नानक देव जी के प्रकाश पर्व की शुभकामनाएं दी और गुरु नानक देव जी को स्मरण करते हुए उन्हें नमन किया।
इस अवसर पर गुरुद्वारा साहिब श्री गुरु नानक देव सत्संग सिंह सभा गीता भवन पहुंचे विधायक निखिल मदान ने पवित्र गुरु ग्रन्थ साहिब जी को नमन किया और शब्द कीर्तन सुना।
विधायक निखिल मदान ने कहा कि सिक्ख धर्म के संस्थापक और प्रथम गुरु श्री गुरु नानक देव जी का जीवन एक धर्म विशेष के लिए ही नही अपितु समस्त मानव जाति के लिए मानवता और करुणा का उत्कृष्ट उदाहरण है। गुरु नानक देव जी ने सदैव दीन दुःखियों की सहायता करने की सीख दी और सद्कर्म पर चलने की राह दिखाई। विधायक निखिल मदान ने कहा कि आज हम सब को गुरु नानक जी के संदेशों को अपने जीवन मे अपनाने की बेहद आवश्यकता है ताकि हम सब एक दूसरे के काम आ सकें।
गुरु नानक जी ने सदैव समानता और भाईचारे का संदेश दिया जो आज के जीवन मे बेहद जरूरी है।
इस अवसर पर प्रधान मोहन सिंह मनोचा महा सचिव परमजीत सिंह, जरनेल सिंह, गुरिंदर सिंह , गुरजीत सिंह ,अरविन्दर सिंह शमशेर सिंह, अर्जुन सिंह मनोचा ,हरि सिंह, गुरप्रीत सिंह,जसकरण सिंह आदि लोग मौजूद रहे।

### सरकारी स्कूलों में चल रही अध्यापकों की दादागिरी

**समालखा:5 नवंबर (संजय नरवाल)**
पहले अध्यापकों को माता पिता के बाद छात्र के जीवन में जीवन बनाने वाला कहा जाता था और सत्य भी था। लेकिन अब अध्यापकों की दादागिरी का जमाना आ गया है, शिक्षा विभाग की नाकामी के कारण अध्यापक अपने मन की करते हैं।जैसे कि स्कूल में बनने वाला मिड डे मील अब वह व्यवसाय बन गया है। पहले नियम था कि सेल्फ हेल्प ग्रुप की सदस्य ही मिड डे मील को चलाएगी बाजार से लाना हो बना कर खिलाना हो या उसका हिसाब किताब रखना हो। या कार्यवाही रजिस्टर मेंटेन करना हो, बैंक का हिसाब किताब देखना हो।सब सही तरीके से चल रहा था। अगर वे कहीं किसी दुविधा में हैं तो एनजीओ की जिम्मेवारी लगाई गई थी वे जाकर उनकी हर प्रकार की मदद करती थी। सरकार एनजीओ की आर्थिक मदद करती थी।लेकिन कुछ अध्यापकों ने इसको सफेद हाथी बना दिया है। मिड डे मील का 40/50 प्रतिशत तक रुपया कमीशन के तौर पर उन अध्यापकों की जेब में जाता है जो इस अभियान से जुड़े हैं। क्योंकि उन्होंने अधिकारियों से मिल कर अपने मन मुताबिक महिलाओं को इस अभियान में जोड़ दिया है और उन महिलाओं ने सरकार द्वारा बनाए सेल्फ हेल्प ग्रुप के नियमों को मानने से मना कर दिया यह कह कर कि मेरी डायरेक्ट पोस्टिंग साहब द्वारा हुई है मै ग्रुपों के नियम नहीं मानती और जो महिलाएं सेल्फ हेल्प ग्रुप के नियमों से जुड़ी थी उनको गुमराह किया जाने लगा

## आत्मनिर्भर भारत अभियान के तहत स्वदेशी वस्तुएं अपनाकर करे देश का विकास: सैनी



**टीम एक्शन इंडिया**
**हांसी(दिनकर गावड़ी):झ**
आत्मनिर्भर भारत संकल्प अभियान के तहत प्रबुद्धजन सम्मेलन नारनौंद के भाजपा कार्यालय में आयोजित किया गया। जिसमें जिलाध्यक्ष अशोक सैनी ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की।अशोक सैनी ने कहा कि हमें स्वदेशी अपना कर देश को मजबूत बनाना होगा तभी हमारे देश का विकास होगा। इस अवसर पर मार्केट कमेटी के चेयरमैन मास्टर उदय सिंह लोहान, मंडल प्रधान करणपाल पेटवाड़ एवं नपा चेयरमैन शमशेर कुकन ने भी विशेष तौर पर शिरकत की।
आत्मनिर्भर भारत संकल्प अभियान के जिला संयोजक एवं जिला महामंत्री बिजेंद्र लोहान ने संबोधित करते हुए कहा कि देश को ऊंचाइयों पर ले जाने के लिए हमें देश में बनी चीजों को बढ़ावा देना होगा। हमारी शक्ति,हमारी संस्कृति और हमारी उद्योग कुशलता ही हमें आत्मनिर्भर भारत की ऊंचाइयों तक ले जाएगी। पंडित दीनदयाल उपाध्याय का मानना था कि आर्थिक व्यवस्था स्वदेशी पर आधारित होनी चाहिए। जब तक यह है स्वदेशी नहीं होगी यह न तो हमारी स्वतंत्रता की रक्षा कर सकती है और न ही न्याय गारंटी दे सकती है। भाजपा सरकार इसी मंत्र पर चलते हुए स्वदेशी को बढ़ावा दे रही है। मेक इन इंडिया से लेकर स्टार्टअप इंडिया का लोकल से लेकर आत्मनिर्भर भारत तक हर पल यही लक्ष्य है कि हम विदेशी निर्भरता कम करें और स्वदेशी उत्पादन को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाएं।
तभी हमारा भारत देश सोने की चिड़िया कहलाएगा। इस अवसर पर चेयरमैन उदय सिंह लोहान, चेयरमैन शमशेर बास, पार्षद सुनील बैरागी, राजबीर खेड़ीवाला, कर्णपाल पेटवाड़, महावीर श्योराण, सोनू सैनी, नीलम जांगड़ा, सुरेश एमसी,नरेश वर्मा, सरला नाड़ा, प्रीति बड़ाला, अंग्रेजों, अफसाना कोथ, सोनू नरवाल, पिंकी पाल, टेकराम इत्यादि विशेष तौर पर मौजूद थे।

## यूथ कांग्रेस के ग्रामीण जिलाध्यक्ष सहित कार्यकर्ताओं के खिलाफ मामला दर्ज

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**
**करनाल।** जिले के हलका असंध की नगरपालिका कार्यालय के गेट पर प्रदर्शन करने वाले यूथ कांग्रेस के ग्रामीण जिलाध्यक्ष सहित कार्यकताओं पर केस दर्ज हुआ है। नगरपालिका ने सरकारी काम में बाधा पहुंचाने का आरोप लगाते हुए असंध थाना में शिकायत दी है। नगरपालिका सचिव प्रदीप कुमार ने बताया कि शिकायत के अनुसार कार्यालय में रोजमर्रा की तरह सरकारी काम चल रहा था। इसी दौरान यूथ कांग्रेस के ग्रामीण जिला अध्यक्ष रजत लाठर, जतिन



बिंदल, सोनिया बोहत, युधिष्ठिर राणा, स्वाधुदिन दुपेड़ी समेत 30-40 लोग गेट पर पहुंचे और नारेबाजी करते हुए गेट पर ताला लगा दिया। सरकारी कर्मचारी और आम लोग अंदर बंद कर दिए गए। कर्मचारी सत्यवान, बिजेंद्र और अनिल ने जब गेट का ताला तोड ? की कोशिश की तो विरोध कर रहे लोगों ने उन्हें ऐसा करने से मना कर दिया। काफी देर बाद कर्मचारियों ने ऑफिस का ताला तोडकर बाहर निकला। इससे सरकारी कामकाज पर पूरी तरह असर पड़ा।
प्रधान नगरपालिका सुनीता को फोन पर पूरी जानकारी दी गई। वह भी मौके पर पहुंचीं और सचिव प्रदीप कुमार के साथ स्थिति का जायजा लिया। सचिव ने बताया कि उपरोक्त व्यक्तियों ने जान बूझकर सरकारी कार्य में बाधा डाली है। शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है।

### एकता, समानता और भक्ति का पर्व है गुरु नानक जयंती: मनोज

**टीम एक्शन इंडिया**
**दिनेश नौताना**
**महेंद्रगढ़।** गुरु नानक देव ने मानवता, समानता, सेवा और भक्ति का अद्भुत संदेश दिया। उन्होंने हमें एक ईश्वर की भक्ति और सभी के प्रति समान दृष्टि अपनाने की प्रेरणा दी। गुरु नानक जयंती को गुरु पर्व या प्रकाश पर्व के रूप में भी मनाया जाता है, जो उनके उपदेशों को याद करने और फैलाने का अवसर है। गुरु नानक देव की शिक्षाएं आज भी करोड़ों लोगों के लिए मार्गदर्शक हैं, जो प्रेम, करुणा और सत्य के आधार पर जीवन जीने को प्रेरित करती हैं।

## गुरुनानक के 556वें प्रकाश पर्व पर श्रद्धालुओं ने टेका माथा

**टीम एक्शन इंडिया**
**पिंजौर मैनपाल**
गुरुनानक देव जी का 556 वा प्रकाश पर्व बुधवार को गुरुद्वारा श्री गुरु सिंह सभा सेक्टर 7 पंचकूला में धूमधाम से मनाया गया। इस दौरान कई कार्यक्रमो का आयोजन हुआ`इस दौरान गुरुद्वारा श्री गुरु सिंह सभा सेक्टर 7 पंचकूला में गुरुग्रंथ साहिब जी का अखण्ड पाठ, नगर-कीर्तन यात्रा , शब्द-कीर्तन, लंगर समेत अन्य कई धार्मिक कार्यक्रमो का आयोजन किया गया। प्रकाश पर्व के मौके पर गुरुद्वारा साहिब में विशेष रोशनी की जगमगाहट भी देखने को मिली।गुरुद्वारा साहिब में अलौकिक सजावट की गई।गुरु ग्रंथ साहिब जी की पालकी को



फूलों से सजाया गया।
गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के जनरल सेक्टरी प्रिंसिपल पाल सिंह संघा ने सभी संगतों को गुरु नानक देव जी के प्रकाश पर्व की बधाई दी और सभी संगतों का धन्यवाद किया सेकेट्री सतिंदरपाल सिंह ने सभी संगतों को गुरु नानक देव जी के प्रकाश पर्व की संध्या पर अपने घरों में दीप माला करने के लिए कहा। गुरुद्वारा श्री सिंह सभा सेक्टर 7 पंचकूला कमेटी के प्रधान कँवर पाल सिंह ने बताया कि गुरु नानक देव जी के प्रकाश पर्व के मौके पर गुरुद्वारा साहिब में विभिन्न कार्यक्रमो का आयोजन किया गया।
जिसकी शुरूवात सुबह अखंड पाठ साहब के भोग से हुई `गुरुद्वारे साहिब की प्रांगण में ही गुरुवाणी कीर्तन व गुरु के लंगर का आयोजन किया गयो शाम को संगतों ने हजारों की संख्या में गुरुद्वारा साहिब पहुंच कर दीपमाला की और इस पावन पर्व पर रोशनिमय माहौल बनाया। कंवरपाल सिंह ने पंचकूला की सभी संगतों का नगर कीर्तन व प्रकाश पूर्व पर सहयोग करने पर धन्यवाद किया।

# धूमधाम से किया गया तुलसी विवाह का आयोजन

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**
**करनाल।** श्री रघुनाथ मंदिर सभा (ट्रस्ट) द्वारा तुलसी विवाह का आयोजन धूमधाम से किया गया। आज तुलसी विवाह कार्यक्रम में रघुनाथ मंदिर के सभी सदस्य मौजूद रहे। विवाह में पहले मंदिर में शालिग्राम जी की पूजा करवाई गई। वर पक्ष के राकेश सिंगला एवं नीता सिंगला परिवार की तरफ से बड़ी धूमधाम से मंदिर स्थल से बारात लेकर निकले। वधु पक्ष से बबीता गुप्ता एवं राजेंद्र गुप्ता ने बारात का स्वागत किया।
रघुनाथ नगर, चौधरी कॉलोनी से होते हुए बारात ने रघुनाथ मंदिर



में प्रवेश किया, जहां पर सभा के सदस्यों द्वारा सभी बारातियों का मिलनी करके स्वागत किया। मंदिर में पंडित जी द्वारा विधि विधान से तुलसी जी एवं शालिग्राम जी का विवाह संपन्न करवाया गया।
मंदिर प्रधान बलदेव खेतरपाल ने आये हुए सभी अतिथियों का स्वागत भी किया। मुख्य संरक्षक विनोद खेतरपाल ने बताया दिवाली के ग्यारह दिन बाद आने वाला तुलसी विवाह का पावन पर्व हिंदुओं के घरों में उत्सव का माहौल बनाए रखता है। यह पर्व देवी तुलसी का भगवान विष्णु के शालिग्राम स्वरूप से प्रतीकात्मक विवाह का प्रतीक है। यह शुभ विवाह एकादशी से शुरू होकर कार्तिक पूर्णिमा तक चलता है। तुलसी के पौधे को हिंदू घरों में सबसे पवित्र माना जाता है और देवी के रूप में पूजा जाता है।
उन्होंने बताया कि यह चतुर्मास के अंत का भी प्रतीक है। जब माना जाता है कि भगवान विष्णु लंबी नींद पर चले जाते हैं और कार्तिक के आठवें चंद्र मास के ग्यारहवें दिन, प्रबोधिनी एकादशी पर जागते हैं। पारंपरिक रूप से, इसे पवित्र शालिग्राम पत्थर और तुलसी के विवाह के रूप में मनाया जाता है। उन्होंने यह भी जोड़ा कि हिंदू महिलाएं तुलसी विवाह शुरू होने से पहले उपवास रखती हैं।
विवाह उत्सव में मेयर रेनू बाला गुप्ता, प्रधान बलदेव खेतरपाल, मुख्य संरक्षक विनोद खेतरपाल, सचिव वनीत भाटिया, केशो लाल अरोड़ा, अमित आहूजा, ऋषिपाल आर्य, राजिंदर पप्पी, वीरेंदर चोपड़ा, जुगल बठला, राजेश ठुकराल, राधे श्याम पोपली, राजपाल टुटेजा, कश्मीरी लाल, घनशयाम दास बठला, दीपक शर्मा, सतपाल खेतरपाल और शाम धमीजा आदि मौजूद रहे।

## गुरू नानक का 556 वां जन्म दिवस प्रकाश पर्व के रूप में मनाया

**समालखा , 5 नवंबर (संजय नरवाल , दिनेश शर्मा )** श्री गुरु गोविंद सिंह गुरुद्वारा जी.टी .रोड समालखा पर गुरु नानक देव का 556 वा जन्म दिवस प्रकाश पर्व के रूप में मनाया गया । उपरोक्त जानकारी देते हुए श्री गुरु गोविंद सिंह गुरुद्वारा जी .टी. रोड, समालखा गुरुद्वारा कमेटी के प्रधान सरदार गोपाल सिंह ने बताया की समालखा में 13 दिन से लगातार प्रभात फेरी निकली जा रही है और गुरुवाणी का पाठ किया गया। आज विशाल लंगर का आयोजन किया गया जिसमें हजारों श्रद्धालुओं के द्वारा लंगर चखा



गया । इस अवसर पर गुरुद्वारा कमेटी के प्रधान सरदार गोपाल सिंह , सरदार गुरुवनत सिंह , सरदार गुरु नाम सिंह , सरदार बूटा सिंह, ओम प्रकाश मल्होत्रा,अमित राठी , राजकुमार छौककर , सोनू , काका , हिमांशु चीकू , इशू ,कुलदीप , हैप्पी , जीत सिंह , गोलू ,दर्शन , रमन , जीत , स्वरण जीत ,भूषण मल्होत्रा ,सरबजीत , संतोष, रमन हैप्पी, योगेश ढोढपुर , गुरमीत सिंह व अन्य ने काफी गुरू सेवकों ने अपनी सेवाएं दी।

# श्री गुरु नानक देव ने 'नानक उत्तम नीच न कोई' का नारा देकर छोटे-बड़े, ऊंच-नीच का मिटाया फर्कः सुमन

**टीम एक्शन इंडिया**
**लाडवा 5 नवम्बर (विजय कौशिक):** हरियाणा राज्य बाल कल्याण परिषद की उपाध्यक्ष सुमन सैनी ने कहा कि श्री गुरु नानक देव ने 'नानक उत्तम नीच न कोई' का नारा देकर छोटे-बड़े, ऊंच-नीच का फर्क मिटाया था। उन्होंने ही नारी का सम्मान करने की भी सीख दी और नारी की महिमा का वर्णन करते हुए कहा "सो किउ मंदा आखीए जितु जमहि राजान।" हरियाणा राज्य बाल कल्याण परिषद की उपाध्यक्ष सुमन सैनी बुधवार को लाडवा के सिंह सभा गुरुद्वारा में श्री गुरु नानक देव के प्रकाश उत्सव पर आयोजित कार्यक्रम में बोल रही थी। इससे पहले उपाध्यक्ष सुमन सैनी ने सिंह सभा गुरुद्वारा में मथा टेका और प्रदेश की खुश, शांति और समृद्धि की अरदास की। श्री गुरु महाराज की हजूरी में शोर साहिब की सेवा



की। इस दौरान रागी जत्था ने शब्द कीर्तन का जाप किया। उपाध्यक्ष सुमन सैनी ने सभी को श्री वाहे गुरु जी दा खालसा, श्री वाहे गुरु जी दी फतेह बोलते हुए प्रथम पातशाह श्री गुरु नानक देव जी के 556वें प्रकाश उत्सव वर्ष की लख लख बधाई दी। उपाध्यक्ष सुमन सैनी की सभा की तरफ से सरोपा व समृति चिन्ह भेंटकर सम्मानित किया गया। उपाध्यक्ष सुमन सैनी ने साथ संगत के साथ बैठकर प्रसाद भी चखा।उपाध्यक्ष सुमन सैनी ने कहा कि 556 वर्ष पूर्व कार्तिक पूर्णिमा की पावन वेला में श्री गुरु नानक देव जी के रूप में धरती पर एक ऐसे 'प्रकाश पुंज' का उदय हुआ, जिसने सदियों से फैली अज्ञानता, अंधविश्वास और भेदभाव के घने 'धुंध' को हमेशा के लिए मिटा

**प्रकाश उत्सव**

**गुरुओं ने जो सबसे बड़ी धरोहर हमें बख्शी है वह है–प्रेम, समता और भाइचारे के सन्देश की**

दिया। इसीलिए तो कहा गया है- सतगुरु नानक प्रगट्या, मिटी धुंध जग चानन होआ।उपाध्यक्ष सुमन सैनी ने कहा कि श्री गुरु नानक देव जी का अवतरण 1469 में हुआ था। उस समय भारत के लोग जाति-पाति और धर्म के आधार पर बंटे हुए थे तथा एक-दूसरे से लड़-झगड़ रहे थे। उन्होंने सम्पूर्ण मानवता को जीने की सच्ची, शुद्ध, सीधी और सरल राह दिखाई। उन्होंने व्यर्थ के रीति-रिवाजों, परम्पराओं, अन्ध- विश्वासों तथा कर्मकाण्डों से दूर रहने की शिक्षा दी।उपाध्यक्ष सुमन सैनी ने कहा कि आज समाज से परस्पर ईर्ष्या द्वेष और वैर-विरोध की भावना को खत्म करने तथा शांति, परस्पर सहिष्णुता और आपसी मेल-जोल स्थापित करने के लिए हमें गुरुओं के आदर्शों और सिद्धान्तों को अपनाने पर बल देना चाहिए। उन्होंने कहा कि हमारे सभी गुरु साहेबान ने मानव सेवा और मानव प्रेम का पाठ पढ़ाया। सभी गुरुओं ने सभी धर्मों को एक ही माला में गूंथने की बात की। हमारे महान गुरुओं ने जो सबसे बड़ी धरोहर हमें बख्शी है वह है-प्रेम, समता और भाइचारे के सन्देश की।उन्होंने कहा कि जब हम श्री नानक देव जी जैसे संतों व अन्य महापुरुषों को याद करते हैं, उनकी जयंतियां मनाते हैं, उनके जन्म दिवस को पर्व के रूप में मनाते हैं, तो हमें उनके द्वारा दी गई शिक्षाओं की याद आती है।

# गुरुपुरब के पावन अवसर पर विशाल रक्तदान शिविर किया आयोजित

**रक्तदान महादन**

**ऐसे आयोजन समाज में एकता, प्रेम और मानव सेवा की भावना को सशक्त बनाते हैं**



**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**
**कुरुक्षेत्र :** गुरुपुरब के पावन अवसर पर आज गुरुद्वारा श्री नानक दरबार, रतगल सेक्टर-7, कुरुक्षेत्र में कृष्णा चैरिटेबल ब्लड सेंटर के सहयोग से एक विशाल रक्तदान शिविर आयोजित किया गया। इस पुनीत कार्य का आयोजन श्री सुरजीत सिंह (पूर्व सरपंच) और श्री परमिंदर सिंह बाठ ( लिटिल मिलेनियम)द्वारा किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में श्री सुभाष सुधा (पूर्व राज्य मंत्री, हरियाणा सरकार) ने शिरकत की। इस अवसर पर उपस्थित विशेष अतिथियों में शामिल रहे झ श्री गुर्नाम सैनी (प्रधन, सैनी समाज सभा),श्री रमिंदर सोनी (भाजपा युवा नेता), श्री जसविंदर सिंह (प्रधान, गुरुद्वारा साहिब रतगल), डॉ. केवल कृष्णन (प्रेसिडेंट, ऑल आरडब्ल्यूए सेक्टर्स), सरदार सुखजिंदर सिंह (प्रधान, गुरुद्वारा साहिब सेक्टर-3),श्रीमती राजवंत कौर (प्रेसिडेंट, नॉन-टीचिंग स्टाफ, कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय), श्री दुश्यंत शर्मा (एम.सी. सेक्टर-3, कुरुक्षेत्र), श्री सुभाष सैनी (चेयरमैन, कोऑपरेटिव बैंक), सूबेदार रवींद्र कौशिक। इस शिविर में ऋ्ल्ल्रशीर संस्था से जतिन, आचार्य पवन त्रिपाठी, हर्ष अग्रवाल सहित अनेक समाजसेवियों ने रक्तदान कर मानवीयता और सेवा का अद्भुत उदाहरण प्रस्तुत किया। सभी अतिथियों ने रक्तदाताओं के इस नेक कार्य की सराहना की और कहा कि ऐसे आयोजन समाज में एकता, प्रेम और मानव सेवा की भावना को सशक्त बनाते हैं।

## न्यूज फ्लैश

### गुरूद्वारा सिंह सभा में धूमधाम से मनाया गया गुरू नानक देव जी का प्रकाश उत्सव



**रादौर, 5 नवंबर (कुलदीप सैनी) :** गुरूद्वारा सिंह सभा में गुरू नानक देव जी का प्रकाश उत्सव धुमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर भव्य कीर्तन दरबार सजाया गया। रागी जत्थे में भाई प्रमोद सिंह, तरणजीत सिंह खालसा व बीबी अमृतकौर ने शब्द कीर्तन से संगत को निहाल किया। अखंड पाठ के बाद अटूट लंगर बरताया गया। जिसमें हजारों की संख्या में संगत से प्रसाद ग्रहण किया। कार्यक्रम में भाजपा नेता नेपाल सिंह राणा व नगरपालिका चेयरमैन शालू मेहता ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की और दरबार साहिब में माथा टेका। गुरूद्वारा प्रबंधक कमेटी की ओर से मुख्यातिथि नेपाल राणा व शालू मेहता सहित मौके पर मौजूद पार्षदो व अन्य गणमान्य लोगों को सरोपा भेंटकर सम्मानित किया। नेपाल राणा ने कहा कि गुरू नानक देव जी की करूणा, सदभाव व सत्य की शिक्षाएं आज भी करोडो लोगों के लिए प्रेरणा का स्त्रोत है। उनके उपदेश हमें इंसानियत और समानता का रास्ता दिखाते है। वहीं चेयरमैन रजनीश मेहता ने कहा कि हम गुरु जी ने सभी को प्रेरणा दी कि हमें मिलजुलकर रहना चाहिए और सत्य के मार्ग पर चलते हुए जीवन में आगे बढना चाहिए। हमें उनके जीवन से प्रेरणा पाकर जनहित व देशहित में कार्य करने के लिए हमेशा तत्पर रहना चाहिए।

### घर से काम के लिए यमुनानगर गई महिला लापता

**रादौर, 5 नवंबर (कुलदीप सैनी) :** जठलाना क्षेत्र से यमुनानगर गई 35 वर्षीय महिला घर नहीं लौटी। पुलिस को दी शिकायत में महिला के पति ने बताया कि उसकी पत्नी घर से यमुनानगर किसी काम से जाने की बात कहकर गई थी। लेकिन उसके बाद वह घर वापिस नहीं लौटी। उन्होंने सभी जगह उसकी तलाश की लेकिन कहीं कोई सुराग नहीं लग सका।

### फ्रिगोसिस्टम ने चेन्नई में यूरोप से बाहर अपनी पहली फैक्ट्री स्थापित की

नई दिल्ली। इंडस्ट्रियल चिलर्स और थर्मल कंट्रोल सिस्टम बनाने वाली इटली की अग्रणी कंपनी फ्रिगोसिस्टम एस.आर.एल. ने आज चेन?नई, भारत में अपनी पहली विदेशी निर्माण इकाई के शुभारंभ की घोषणा की। कंपनी ने इस नई फैक्ट्री में 1 मिलियन यूरो का प्रारंभिक निवेश किया है, जिससे वह एशिया के तेजी से बढ़ते औद्योगिक बाजार में अपनी उपस्थिति को मजबूत कर रही है। फ्रिगोसिस्टम भविष्य में भारत में अपने निवेश को और बढ़ाने की योजना भी बना रही है। नई इकाई, फ्रिगोसिस्टम इंडिया प्राइवेट लिमिटेड, उत्पादन, सेवा और तकनीकी प्रशिक्षण के लिए क्षेत्रीय केंद्र के रूप में कार्य करेगी। यहाँ उन्नत इंडस्ट्रियल चिलर्स, थर्मोरेगुलेटर्स और एडियाबेटिक कूलिंग एनर्जी सिस्टम तैयार किए जाएंगे, जिन्हें विशेष रूप से भारतीय और दक्षिणपूर्व एशियाई बाजार की आवश्यकताओं को ध्यान में रखकर डिजाइन किया गया है। एलेसैंड्रो ग्रासी, मुख्य कार्यकारी अधिकारी, फ्रिगोसिस्टम एस.आर.एल., ने कहा, इस निवेश के जरिए हम इटली की नवोन्मेषी इंजीनियरिंग को भारत की औद्योगिक क्षमता के साथ जोड़ना चाहते हैं, ताकि स्थानीय निर्माण और तेज डिलीवरी के माध्यम से अपने ग्राहकों के लिए अधिक मूल्य सृजन कर सकें। यह पहल फ्रिगोसिस्टम की उस दीर्घकालिक रणनीति का हिस्सा है, जिसके तहत कंपनी पूरे एशियाई महाद्वीप में तेज डिलीवरी और स्थानीय समाधान प्रदान करने की दिशा में काम कर रही है।थंगापंडी सरावनन, डायरेक्टर, फ्रिगोसिस्टम इंडिया प्राइवेट लिमिटेड, ने कहा, हमारा 1 मिलियन यूरो का निवेश क्षेत्र में प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष दोनों तरह के रोजगार के अवसर पैदा करेगा।

# चीका में बहुत श्रद्धा एवं धूमधाम से मनाया गया गुरु पर्व



**प्रमोद भार्गव,**
**गुहला चीका।** आज यहां चीका शहर में गुरु पर्व बहुत ही श्रद्धा एवं उत्साह के साथ मनाया गया। इस अवसर पर छटी एवं नौवीं पातशाही गुरुद्वारा साहिब चीका में धार्मिक अनुष्ठान सम्पन्न किए गए। रागी व पाठी ने धर्म प्रचार व कीर्तन किया। हजारों की संख्या में पहुंची संगत ने गुरु घर में माथा टेका व आशीर्वाद प्राप्त किया। गुरु पर्व पर सिख जगत की कई प्रतिष्ठित हस्तियों ने भी भाग लिया। इस अवसर पर विशाल भंडारे का आयोजन भी किया गया।

# 8 नवंबर को धन्ना भक्त की मूर्ति का किया जाएगा अनवरण

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**
**कुरुक्षेत्र :** आज अंतर्राष्ट्रीय जाट धर्मशाला कुरुक्षेत्र में पत्रकार वार्ता हुई जिसमें डॉ कृष्ण श्योकंद प्रधान और समस्त कार्यकारिणी ने 8 नवंबर 2025 को आयोजित होने वाले कार्यक्रम की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि धर्मशाला के मंदिर में संत शिरोमणी जाट धन्ना भक्त की मूर्ति स्थापित की गई जिसका अनावरण शनिवार को किया जाएगा। इस कार्यक्रम में महामंडलेश्वर गीता मनीषी स्वामी ज्ञानानंद जी महाराज के सानिध्य में होगा। कैबिनेट मंत्री हरियाणा सरकार कृष्ण कुमार बेदी बतौर मुख्य अतिथि शिरकत करेंगे और गन्नौर विधायक देवेंद्र कादयान अध्यक्षता करेंगे। सुभाष सुधा




अतिविशिष्ट अतिथि होंगे और विशिष्ट अतिथियों में समाजसेवी जयभगवान शर्मा, चेयरमैन स्वतंत्र समूह सेवा समिति प्रदीप मोर, समाजसेवी सुखबीर शौकीन, कुलसचिव कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय डॉ विरेंद्र खटकड़ और पूर्व जिला अध्यक्ष भाजपा तीर्थ राणा उपस्थित रहेंगे। प्रधान कृष्ण श्योकंद ने सर्व समाज और 36 बिरादरी के भाइयों से इस कार्यक्रम में हाजरी लगाने का निवेदन किया और कहा कि खेती किसानी करने वाला हर बिरादरी का व्यक्ति धन्ना भगत का अनुयायी है। उन्होंने धन्ना भक्त के एक दोहे को दोहराया ना ब्राह्मण ना चमार, सब में एक ही ज्योत, धन्ना देखें सर्व में, बसा हरि ओत प्रोत। धन्ना भगत सर्व समाज की बात करते हैं इसलिए अंतराष्ट्रीय जाट धर्मशाला और समस्त जाट समाज इस कार्यक्रम का सिर्फ आयोजन कर रहा है। इसकी सफलता 36 बिरादरी की हाजरी तय करेगी। इसी दौरान पूर्व वाइस चांसलर रणपाल राणा ने कहा कि धन्ना भगत की शिक्षा से सर्वसमाज में सद्भाव बढ़ेगा इसलिए इस कार्यक्रम में प्रत्येक समाज का बढ़ चढ़ कर भाग लेना जरूरी है। इस दौरान धर्मशाला की समस्त कार्यकारणी सदस्य बन्नी सिंह ढुल, हरकेश सहारण, होशियार सिंह, नरेंद्र नैन, जितेंद्र कुमार, बलविंदर, टेक चंद्र पूर्व सरपंच बारना, ऋषिपाल अन्टेहड़ी, डॉ सुरेश खत्री, जंगीर खिदरपुरा, गुलाब घराडसी, बेद घराडसी, पूर्व प्रधान सुरेंद्र अम्बरसर, कुलदीप हथीरा, राजेंद्र हथीरा, विक्की सारसा, सुरेंद्र पहलवान, दरिया घराडसी, सोनू मलिक इत्यादि मौजूद रहे।

# दिल्ली पब्लिक स्कूल में गुरुपर्व श्रद्धा व भक्ति भाव से मनाया गया

**टीम एक्शन इंडिया**
**मनीष कुमार**
**अम्बालाः** दिल्ली पब्लिक स्कूल में गुरु नानक देव जी का प्रकाश पर्व बड़े ही श्रद्धा और भक्ति भाव से मनाया गया। यह दिन गुरु नानक देव जी की शिक्षाओं सत्य, समानता, सेवा और करुणा को याद करने और उन्हें जीवन में अपनाने का अवसर था। कार्यक्रम की शुरूआत एक विशेष प्रातः सभा से हुई, जिसमें विद्यार्थियों ने भावपूर्ण शबद कीर्तन प्रस्तुत किया। सभा में विद्यार्थियों ने गुरु नानक देव जी के उपदेशों पर आधारित भाषण और कविताएँ भी



प्रस्तुत कीं। विद्यालय परिसर में प्रभात फेरी का आयोजन किया गया, जिसमें छात्र-छात्राएँ "वाहेगुरु" का नाम जपते हुए आगे बढ़े और प्रेम व एकता का संदेश फैलाया किंडरगार्टन के नन्हे-मुन्ने बच्चे भी पारंपरिक परिधान में गुरुद्वारा साहिब गए। उन्होंने गुरु ग्रंथ साहिब के आगे शीश नवाया, कीर्तन सुना और कढ़ाह प्रसाद ग्रहण किया। शिक्षकों ने उन्हें लंगर और बाँटकर खाने की भावना का महत्व समझाया।

# अमेरिका से डिपोर्ट होकर आने वालों गुहला के दो युवक शामिल

**प्रमोद भार्गव,**
**गुहला चीका।** आज अमेरिका से डिपोर्ट होकर भारत आने वाले 7 लोगों में गुहला के भी 2 युवक शामिल हैं। प्राप्त जानकारी के अनुसार एक युवक गांव कांगथली का सुनील व दूसरा चीका का साहित शामिल है। इसके साथ ही अमेरिका से डिपोर्ट होकर आने वाले लोगों की संख्या यहां तीन हो गई है। मालूम रहे कि इससे पहले एक जहाज जब अमृतसर उतरा था, तो उसमें भी गांव पीडल का एक युवक डिपोर्ट होकर आया था। अमेरिका की इस कार्रवाई से गुहला के लोग डरे हुए हैं।

# गुरु नानक देव जी के उपदेश सिख धर्म की आधारशिला



**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**
**कुरुक्षेत्र :** गुरुनानक देव जी की जयंती एवं प्रकाश पर्व न केवल सिख समुदाय के लिए महत्वपूर्ण है, बल्कि पूरे विश्व में मानव, धार्मिक और सेवा भावना का संदेश फैलाने वाला एक महान उत्सव है। सिख धर्म के प्रथम गुरु, करुणा, सत्य और समानता के प्रतीक श्री गुरु नानक देव जी एक महान संत एवं मानवता की सेवा के लिए एक प्रेरणा है। यह विचार गुरु नानक देव जी की जयंती,प्रकाश पर्व एवं कार्तिक पूर्णिमा के उपलक्ष्य में मातृभूमि सेवा मिशन द्वारा आयोजित कार्यक्रम में मातृभूमि सेवा मिशन के संस्थापक डा. श्रीप्रकाश ने व्यक्त किये। कार्यक्रम में मातृभूमि सेवा मिशन द्वारा मातृभूमि शिक्षा मंदिर के बच्चों को शिक्षण सामग्री भेंट की गई। मातृभूमि सेवा मिशन के संस्थापक डा. श्रीप्रकाश मिश्र ने कहा आज की दुनिया में जहां सामाजिक संकट, सांस्कृतिक संकट और मानसिक तनाव बढ़ रहे हैं, वहीं गुरु नानक देव जी का महत्व

**प्रेरणा**

**श्री गुरु नानक देव जी एक महान संत एवं मानवता की सेवा के लिए एक प्रेरणा है : डा. श्रीप्रकाश**

और बढ़ रहा है। उनके विचार हमें सिखाते हैं कि सच्ची भक्ति बाहर की दुनिया में नहीं, बल्कि हृदय की मुद्रा में है।गुरु नानक जी ने पर्यावरण संरक्षण पर भी बात की। गुरु नानक जी का मत था कि प्रकृति ईश्वर की रचना है, इसका सम्मान मानव समाज का प्रमुख दायित्व है।
आज के जलवायु परिवर्तन के दौर में यह उपदेश बहुत प्रासंगिक है। उन्होंने रस्म-रिवाजों को नकारा और सच्ची भक्ति पर जोर दिया। गुरु नानक देव जी के उपदेश सिख धर्म की आधारशिला हैं। गुरु नानक जयंती हमें याद दिलाती है कि जीवन का उद्देश्य सेवा और भक्ति है।

# श्रुति चौधरी के नेतृत्व में विपक्षी कार्यकर्ता भाजपा में हुए शामिल

**टीम एक्शन इंडिया**
**तोशाम -सिंचाई,** महिला एवं बाल विकास मंत्री श्रुति चौधरी के नेतृत्व में मंगलवार देर शाम तोशाम क्षेत्र में सैकड़ों कार्यकताओं ने विपक्षी पार्टियों को छोड़कर भाजपा का दामन थाम लिया।
मंत्री श्रुति चौधरी अपने जनसंपर्क अभियान के दौरान क्षेत्र में करोड़ों रुपये की विकास योजनाओं की आधारशिला रख रही हैं। इसी कड़ी में मंगलवार को बवानीखेड़ा ब्लॉक समिति के वाइस चेयरमैन बिट्टू किरावड़ अपने दर्जनों समर्थकों के साथ जजपा छोड़ भाजपा में शामिल हुए। वहीं गांव किरावड़ व ढाणी किरावड़ के सरपंच सुरेश श्योराण



भी कई गांवों के सरपंचों सहित कांग्रेस पार्टी को त्यागकर भाजपा में शामिल हो गए। इस अवसर पर उपस्थित कार्यकताओं को संबोधित करते हुए मंत्री श्रुति चौधरी ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी ही एकमात्र ऐसी पार्टी है जो सभी वर्गों के हितों के लिए बिना भेदभाव के कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार के नेतृत्व में देश और प्रदेश निरंतर प्रगति के मार्ग पर अग्रसर हैं। उन्होंने विपक्ष पर निशाना साधते हुए कहा कि कांग्रेस जैसी पार्टियों का प्रदेश में अब कोई भविष्य नहीं है, क्योंकि उनके पास न नीति है और न ही नियत। उन्होंने भाजपा में शामिल हुए सभी कार्यकताओं का हार्दिक स्वागत करते हुए कहा कि सभी मिलकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में विकास और सुशासन की राह को और सशक्त करेंगे। इस अवसर पर दिलबाग सिंह, अमर सिंह , कृष्ण लेघा,एडवोकेट हरिसिंह, राजकुमार जांगड़ा, पूर्व चेयरमैन सुखबीर, अशोक देवराला, सुभाष बापोड़ा, ओमपाल, अमित बापोंड़ा,सरपंच सुरेश श्योरान, देवेन्द्र हुडिना, सतीश वर्मा कैरू मंडल अध्यक्ष , तोशाम मंडल अध्यक्ष विक्की महता, ईशरवाल मंडल अध्यक्ष कुलदीप महला,ललित सिंगला, संदीप बेडवाल, शैकी पोपली, महेंद्र नंबरदार ईश्वरवाल सहित तमाम विभागों के अधिकारी और गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

# गुहला पुलिस ने तीन टीमें गठित कर नशा बेचने व खाने वालों पर शुरू की छापेमारी

**प्रमोद भार्गव,**
**गुहला चीका।** गुहला पुलिस द्वारा नशा मुक्त हो जिला, अभियान के अंतर्गत नशे के खिलाफ सख्त कदम उठाते हुए संदिग्ध नशेडियों की जांच का अभियान तेज किया है। पुलिस अधीक्षक आस्था मोदी के दिशा-निर्देशन व डी.एस.पी.गुहला कुलदीप बेनीवाल के नेतृत्व में चलाए गए इस अभियान के तहत आमजन से सीधा संपर्क स्थापित करके संदिग्ध नशा तस्करों की पहचान करके उन पर छापामारी की गई। उक्त जानकारी देते हुए एस.एच.ओ. गुहला रेखा ने बताया कि आज उक्त अभियान के तहत



तीन टीमों का गठन करके कई जगह छापामारी की गई, जिसमें एक नशेड़ी पुलिस के हाथ भी लगा, जबकि कुछ मौके का फायदा उठाते हुए भागने में सफल हो गए। उन्होंने बताया कि पुलिस टीमों ने गुहला थाने के अधीन आने वाले कई गांवों व उपमंडल मुख्यालय गुहला में जाकर आमजन, युवाओं और वरिष्ठ नागरिकों से बातचीत की, जिससे संदिग्ध व्यक्तियों की पहचान करने में मदद मिली। इस दौरान पुलिस टीमों द्वारा आमजन सहित युवाओं को नशे की लत से दूर रहने के लिए जागरूक भी किया गया।

# एनएसएस युवा पीढ़ी में अनुशासन,राष्ट्रभक्ति का संचार करता हैः धर्मवीर

**टीम एक्शन इंडिया**
**भिवानी, (वंदना शर्मा )**
**भिवानी**- यहां राजकीय मॉडल संस्कृत वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, लोहड़ (भिवानी) में चल रहे राष्ट्रीय सेवा योजना के राष्ट्रीय एकता शिविर के छठे दिन का शुभारंभ माँ सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलन एवं एनएसएस गीत के साथ हुआ। कार्यक्रम में भिवानी महेंद्रगढ़ लोकसभा क्षेत्र के सांसद चौधरी धर्मबीर सिंह मुख्य अतिथि के रूप में पधारे। उनका स्वागत एनएसएस स्वयंसेवकों द्वारा परेड प्रदर्शन एवं जिला संयोजक भिवानी से आनन्द कुमार ने पुष्पगुच्छ भेंट कर किया गया। कैम्प के मीडिया कॉर्डिनेटर रामधन शास्त्री व मंच संचालन संस्कृत प्रवक्ता व कार्यक्रम अधिकारी नवीन कुमार ने



किया।
अपने प्रेरणादायक उद्बोधन में सांसद धर्मबीर सिंह ने स्वयंसेवकों से राष्ट्रीय सेवा योजना की आवश्यकता, उपलब्धियां, उद्देश्य एवं कार्य से संबंधित प्रश्न पूछे और उनसे संवाद स्थापित किया। उन्होंने युवाओं को पारिवारिक एकता एवं राष्ट्रीय एकता बनाए रखने का संदेश दिया। साथ ही उन्होंने पेड़ लगाकर प्रकृति की रक्षा करने, वायु प्रदूषण को रोकने, तथा हर प्रदेश की अच्छाई को सीखने और अपनाने का आह्वान किया। सांसद ने कहा कि एनएसएस युवा पीढ़ी में अनुशासन, सेवा भावना और राष्ट्रभक्ति का संचार करता है। यदि युवा संगठित होकर समाज सेवा में आगे बढ़ें, तो देश सशक्त और स्वावलंबी बनेगा। कार्यक्रम के दौरान शिविर में उत्साह और ऊर्जा का वातावरण रहा। स्वयंसेवकों ने अनुशासन, सेवा और एकता की भावना से कार्यक्रम को सफल बनाया। इस अवसर विशेष रूप से उत्तर प्रदेश से आगरा जिले के जिला संयोजक रतन जैन ,जिला हिसार के संयोजक नरेंद्र दुहन, फतेहाबाद जिले के संयोजक रोहतास कुमार

**स्वावलंबी**

**यदि युवा संगठित होकर समाज सेवा में आगे बढ़ें, तो देश सशक्त और स्वावलंबी बनेगा**

,जिला भिवानी से सुरेश कुमार, डॉ. हरेंद्र पूनिया, जोगिंदर सुनील सिहाग संदीप शर्मा कविता मैडम, कुसुम मैडम, ज्योति मैडम, संदीप जी सुमेर सिंह, नरेंद्र कुमार, शैलेंद्र वर्मा ,तिलेश्वरी अटल, गोविंद नारायण, विशाल सिंह, सिमरनजीत कौर आदि अलग-अलग राज्यों व हरियाणा के जिलों से कार्यक्रम अधिकारी विशेष रूप से उपस्थित रहे।

# यमुना के बेगा घाट व सतकुम्भा तीर्थ धाम में कार्तिक पूर्णिमा पर श्रद्धालुओं ने लगाई आस्था की डुबकी

**कार्तिक पूर्णिमा**

**कार्तिक पूर्णिमा के पावन अवसर पर सतकुम्भा तीर्थ धाम पर आस्था और भक्ति का सागर उमड़ पड़ा**



**टीम एक्शन इंडिया**
**गन्नौर ।** बुधवार को कार्तिक पूर्णिमा के पावन अवसर पर सतकुम्भा तीर्थ धाम पर आस्था और भक्ति का सागर उमड़ पड़ा। अलसुबह चार बजे से ही श्रद्धालु सतकुम्भा के पवित्र कुंड में स्नान के लिए पहुंचने लगे। धार्मिक उत्साह और आस्था से ओतप्रोत वातावरण में हर ओर जय सतकुम्भा के जयघोष गूंजते रहे। पीठाधीश्वर महंत राजेश स्वरूप महाराज के सानिध्य में स्वयंसेवक सेवा कार्यों में जुटे रहे। श्रद्धालुओं ने कुंड में डुबकी लगाकर आशीर्वाद प्राप्त किया और महाराज से सुख-शांति की कामना की। महाराज ने कहा कि कार्तिक पूर्णिमा पर सतकुम्भा कुंड का जल अमृत समान हो जाता है, जिसमें स्नान करने से गंगा-जमुना सरस्वती का पुण्य प्राप्त होता है। उन्होंने बताया कि यह स्थल सप्तर्षियों की तपोभूमि कहलाता है और यहां आकर हर व्यक्ति का मन पवित्र हो जाता है। मेले में दिनभर अखंड भंडारा चलता रहा, जिसमें अहीर माजरा, खेड़ी गुर्जर और बुलंदपुर के स्वयंसेवकों ने सेवा दी। श्रद्धालुओं ने बताया कि स्नान के बाद उनके चेहरे पर नई ऊर्जा और शांति का अनुभव हुआ। मेला परिसर में निःशुल्क पार्किंग की व्यवस्था की गई, जहां सैकड़ों वाहनों को व्यवस्थित रूप से खड़ा किया गया। गन्नौर पुलिस ने पूरे ट्रैफिक प्रबंधन की जिम्मेदारी कुशलता से संभाली। शाम के समय आरती और दीपदान ने माहौल को भक्ति रस से भर दिया। सैकड़ों दीपों की लौ से पूरा आकाश जगमगा उठा। मेले के प्रबंधक सूरज शास्त्री ने बताया कि बच्चों के लिए खेल-खिलौनों की दुकानों ने आकर्षण बढ़ाया और परिवारों ने पूरे दिन श्रद्धा और आनंद के साथ समय बिताया। सतकुम्भा मेला भक्ति, सेवा और एकता का प्रतीक बनकर उभरा। श्रद्धालुओं ने मन्नतें मांगी, प्रसाद लिया और अपने घरों को लौटते हुए मन में आस्था और खुशहाली से भरकर गए।

# पार्षद सोनिया शर्मा के ससुर को गोली मारने वाला आरोपित की सीसीटीवी फुटेज वायरल



**टीम एक्शन इंडिया**
**गन्नौर।** शास्त्री नगर में सोमवार रात पार्षद सोनिया शर्मा के ससुर और पूर्व क्रिकेटर रामकरण शर्मा की गोली मारकर हत्या करने के आरोपी पूर्व नगर पालिका उपाध्यक्ष सुनील लंबू की सोशल मीडिया पर भागते हुए की वीडियो वायरल हुई है । जिसमें वह दाएं हाथ में रिवाल्वर लेकर भागते हुए नजर आ रहा है। वीडियो को देखकर लोगों द्वारा कैलाश लगाई जा रहे हैं कि यह वीडियो उसे समय का है जिस समय आरोपित सुनील रामकरण कोच को गोली मार कर शास्त्री नगर की गलियों की तरफ अपना बचाव करने के लिए भाग रहा है । उधर पुलिस ने भी आरोपित सुनील की गिरफ्तारी के लिए उसके सभी बैंक खाते और पासपोर्ट पुलिस ने फ्रीज करवा दिए हैं।
आरोपी की गिरफ्तारी के लिए पुलिस की अलग-अलग टीमें गठित की गई है। पुलिस की अलग अलग तीन टीमें संभावित ठिकानों पर दबिश दे रही है।
पुलिस की तीन टीम सुनील की गिरफ्तारी में जुटी : एसीपी
आरोपित सुनील की गिरफ्तारी को लेकर गन्नौर के एसीपी ऋषिकांत ने बताया कि पुलिस ने सुनील की गिरफ्तारी के लिए अलग-अलग तीन टीम बनाई गई है । पुलिस टीम सुनील को गिरफ्तार करने के लिए हर संभव प्रयास कर रही है । सोशल मीडिया पर वायरल वीडियो को लेकर बताया कि वारदात करने के बाद आरोपित कहीं से तो फरार हुआ है।

## न्यूज फ्लैश

### सात नवंबर को होगा राष्ट्रीय स्तर पर वंदे मातरम कार्यक्रमः एडीसी

**भिवानी,( वंदना शर्मा )**
भिवानी, 5 नवंबर- राष्ट्रीय गीत वंदे मातरम के 150 वर्ष पूरा होने के उपलक्ष्य में देश भर में 7 नवंबर 2025 से 7 नवंबर 2026 तक विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। इसी कड़ी में 7 नवंबर को राष्ट्रीय स्तर का कार्यक्रम होगा, जो सभी स्कूल, कॉलेज और विश्वविद्यालय में भी दिखाया जाएगा, जिसमें सुबह 10:00 बजे राष्ट्रीय गीत वंदे मातरम का सामूहिक गायन भी होगा। कार्यक्रम के दौरान प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी का संदेश भी सुनाया जाएगा।
ये जानकारी एडीसी दीपक बाबूलाल करवा ने बुधवार को लघु सचिवालय स्थित वीसी रूम में दी। उन्होंने बताया कि इसी श्रृंखला में 8 नवंबर को जिला स्तरीय कार्यक्रम भी होगा। उन्होंने बताया कि 10 नवंबर को सभी सरकारी कार्यालय में, 11 नवंबर को नगर निकायों में, 12 नवंबर को पंचायती राज संस्थाओं में, 13 नवंबर को सभी स्कूल, हॉस्टल रेजिडेंशियल स्कूल, 14 नवंबर को उच्चतर शिक्षण संस्थानों में, 15 नवंबर को सभी अस्पतालों और पुलिस कार्यालय में कार्यक्रम आयोजित होंगे, जिनमें स्वदेशी वस्तुएं अपनाने का संकल्प लिया जाएगा।इस सीटीएम अनिल कुमार, डीएसपी अनूप कुमार, उप जिला शिक्षा अधिकारी शिव कुमार तंवर और बीडीपीओ विनोद सांगवान मौजूद रहे।

### बाइक हटाने को लेकर युवक पर चाकू से हमला, मां को दी धमकी

**गन्नौर** । भावर गांव में बाइक हटाने को लेकर कहासुनी के बाद कुछ लोगों ने एक युवक पर चाकू से हमला कर घायल कर दिया। आरोपितों ने युवक की मां के साथ गाली-गलौच करते हुए जान से मारने की धमकी भी दी। घायल ने गन्नौर थाना पुलिस को शिकायत दी है। भावर निवासी कपिल ने बताया कि उसके घेर के बाहर बाइक खड़ी थी, जिसे उसने साइड में कर दिया। इसी दौरान पुनीत, मनीष, राजेश, प्रशांत, रौनक व अन्य लोग वहां पहुंचे और उसके साथ मारपीट शुरू कर दी। झगड़े के दौरान पुनीत ने चाकू से हमला कर उसे घायल कर दिया। पुलिस ने पीड़ित की शिकायत पर आरोपित पुनीत, मनीष, राजेश, प्रशांत और रौनक के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### माता भूरा भवानी मंदिर कमेटी सदस्यों ने चलाया सफाई अभियान

टीम एक्शन इंडिया
दिनेश नौताना
महेंद्रगढ़ः बुधवार को प्रथम सिख गुरु गुरु नानकदेव की जयंती ( गुरुपर्व)के अवसर पर माता भूरा भवानी मंदिर कमेटी सदस्यों ने बुधवार सुबह 9 बजे से 11बजे तक दो घंटे मंदिर परिसर सफाई करके गुरु नानक देव जी को एक सच्ची श्रद्धांजलि दी ! मंदिर कमेटी के प्रेस सचिव एवं ममाज सदस्य मुकेश चौहान व प्रधान संदीप यादव ने गुरु नानक देव जी के पावन प्रकाश पर्व पर सभी को हार्दिक शुभकामनाएं दीं। उनकी वाणी से मिली सीख, सेवा, सत्य और सबका भला हम सबके जीवन को प्रकाशमय रहे गुरु प्रकाश महोत्सव पर मंदिर कमेटी सदस्यों ने मंदिर परिसर में झाड़ू लगाकर पूरे मंदिर परिसर को अच्छे से साफ किया और कुड़ा कचरा का उचित ढंग से निपटान किया इसके साथ- साथ मंदिर परिसर में लगे पौधों में खोदी लगाकर उनमें पानी डाला इस अवसर पर प्रधान संदीप यादव ममाज टीम एवं कमेटी प्रेस सचिव मुकेश चौहान शिवकुमार सुनील कुमार एसए टोनी रवि कुमार धर्मदत शर्मा धर्मदत पुजारी मामन अन्य कमेटी सदस्यों ने अपना पूरा योगदान दिया

### ग्रामीणों को नशे के दुष्परिणामों के प्रति किया जागरूक नशा न करने की दिलाई शपथ

**टीम एक्शन इंडिया**
**दिनेश नौताना**
**महेंद्रगढ़ ।** समाज को नशा मुक्त करने के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक पूजा वशिष्ठ के मार्गदर्शन में महेंद्रगढ़ पुलिस द्वारा नशे के खिलाफ विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान का मुख्य उद्देश्य लोगों को नशा न करने के प्रति प्रेरित करना और नशे के दुष्प्रभावों बारे में जानकारी देकर जागरूक करना है। ए

# रेलवे रोड सब्जी मंडी में अतिक्रमण से बढ़ी परेशानी, ग्राहकों को भारी दिक्कत



**टीम एक्शन इंडिया**
**गन्नौर ।** रेलवे रोड स्थित सब्जी मंडी की गलियों में दुकानदारों द्वारा किए गए अतिक्रमण ने लोगों की परेशानी बढ़ा दी है। मंडी की लगभग हर गली में दुकानदारों ने अपनी दुकानों के आगे तक सामान फैलाकर कब्जा जमा लिया है, जिसके कारण खरीदारों और राहगीरों को निकलना मुश्किल हो गया है।
खासकर सुबह और शाम के समय जब मंडी में भीड़ रहती है, तो स्थिति और अधिक गंभीर हो जाती है।
ग्राहकों का कहना है कि दुकानदारों ने दुकानों के आगे फलों और सब्जियों के ठेले, तख्ते और क्रेट्स रख दिए हैं, जिससे पैदल चलने तक की जगह नहीं बचती। कई बार तो मोटरसाइकिल या स्कूटी से सब्जी लेने आए लोग दुकानदारों के फैले सामान से टकरा जाते हैं, जिसके चलते बहस और झगड़े तक की नौबत आ जाती है। लोगों का कहना है कि मंडी में ट्रैफिक व्यवस्था पूरी तरह चरमरा गई है और प्रशासन इस ओर कोई ध्यान नहीं दे रहा। लोगों ने बताया कि यदि मंडी में किसी तरह की आगजनी या आपात स्थिति उत्पन्न हो जाए तो दमकल की गाड़ी या एंबुलेंस का अंदर जाना नामुमकिन हो जाएगा। गलियों में अतिक्रमण इतना बढ़ गया है कि दो पहिया वाहन भी बड़ी मुश्किल से निकल पाते हैं। ग्राहकों ने नगर पालिका प्रशासन से मांग की है कि मंडी में नियमित रूप से अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया जाए और दुकानदारों को सख्त हिदायत दी जाए कि वे दुकान की तय सीमा से बाहर सामान न रखें । लोगों ने उम्मीद जताई कि प्रशासन जल्द ही इस समस्या पर संज्ञान लेकर मंडी को फिर से व्यवस्थित करेगा, ताकि ग्राहकों को राहत मिल सके और बाजार की रौनक बनी रहे।

# बाल भवन इंटरनेशनल स्कूल के छात्रों ने जीआइएस 5.0 में दिखाया नेतृत्व कौशल



**टीम एक्शन इंडिया**
**गन्नौर ।** गेटवे इंटरनेशनल स्कूल में आयोजित जीआइएस 5.0 युवा नेता सम्मेलन में बाल भवन इंटरनेशनल स्कूल के छात्रों ने शानदार प्रदर्शन किया। दो दिवसीय सम्मेलन में विद्यार्थियों ने विभिन्न समितियों के माध्यम से संसदीय कार्यप्रणाली, नेतृत्व क्षमता और वाद-विवाद कौशल का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। छात्र यश चौधरी और मिष्टी ने अपनी तर्कशक्ति और आत्मविश्वास से सभी को प्रभावित किया। यश चौधरी को सर्वश्रेष्ठ संसदीय समिति लोकसभा का सम्मान तथा दो हजार की पुरस्कार राशि से नवाजा गया। लोकसभा समिति का विषय था, मतदाता सूची का विशेष गहन पुनरीक्षण, जिस पर प्रतिभागियों ने पारदर्शिता और समावेशिता पर गंभीर चर्चा की। स्कूल प्रधानाचार्य जय भारत गुप्ता ने छात्रों की उपलब्धि पर गर्व जताया और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

# गुरुद्वारा बाबा बंदा सिंह बहादुर में मनाया गया गुरु नानक देव का प्रकाश पर्व

**टीम एक्शन इंडिया**
**हांसी(दिनकर गावड़ी):झ गुरु** नानक देव के प्रकाश पर्व की खुशी में गुरु नानक नाम लेवा संगतो द्वारा आज प्रातः 5:00 बजे से ही गुरु घर में गुरु साहिब के चरणों में शीश निवाकर हाजरी लगवानी शुरू हो गई। अंतिम प्रभात फेरी के बाद गुरुद्वारा में आरंभ हुए अखंड पाठ का भोग उपरांत महान कीर्तन दरबार आरम्भ हुआ जिसमें सबसे पहले गुरुद्वारा के ग्रन्थी भाई सतविंदर सिंह ने अपनी सुरीली आवाज में गुरू नानक देव द्वारा उच्चारण की बाणी का कीर्तन सुना संगतों को मंत्रमुग्ध कर दिया। जिनके बाद रतिया जिला फतेहाबाद से पहुंचे भाई त्रिलोक सिंह का रागीजत्था द्वारा गुरू नानक देव की जीवन गाथाओं का वर्णन कर संगतों का समा बांध कर रखा। और "सतगुरू नानक प्रगटिया मिटी धुंध जग चानन होया" शब्द का गायन अपनी मीठी आवाज में जब सुनाया तब सभी संगते एकाग्रचित होकर मानो गुरू के चरणों में जुड़ी बैठी प्रतीत हुई। गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के प्रधान सुभाष गिरधर ने भी गुरु नानक देव की जीवन साखी विस्तार से सुनाई कि किस प्रकार उन्होंने पिता कालू महता से व्यापार करने के लिए मिले 20 रुपयों का भूखे साधुओं को लंगर छका बदले में उनसे अच्छी शिक्षा लेकर पुरी मानवता को सच्चा सौदा करने का पाठ पढ़ाया।

# नेटबॉल प्रतियोगिता परिणामों में सोनीपत ने दोनों वर्गों में स्वर्ण पदक पर कब्जा जमाया




**टीम एक्शन इंडिया**
**राई ।** स्पोर्ट्स यूनिवर्सिटी ऑफ हरियाणा में चल रहे 27वें हरियाणा राज्य खेलों के दूसरे दिन विश्वविद्यालय के कुलपति अशोक कुमार ने विभिन्न प्रतियोगिताओं का जायजा लेते हुए खिलाड़ियों को प्रोत्साहित किया और कहा कि खेल जीवन का अभिन्न हिस्सा हैं। खेलों के माध्यम से न केवल शारीरिक क्षमता का विकास होता है, बल्कि अनुशासन, टीम भावना और सकारात्मक दृष्टिकोण भी विकसित होता है। नेटबॉल प्रतियोगिता परिणामों में सोनीपत ने शानदार प्रदर्शन करते हुए दोनों वर्गों में स्वर्ण पदक पर कब्जा जमाया। पुरुष वर्ग में स्वर्ण पदक सोनीपत ने, रजत पदक जींद ने और कांस्य पदक भिवानी ने जीता। वहीं महिला वर्ग में सोनीपत ने स्वर्ण, झज्जर ने रजत और कैथल ने कांस्य पदक प्राप्त किया। जूडो प्रतियोगिता में भी हरियाणा के विभिन्न जिलों के खिलाड़ियों ने अपना दमखम दिखाया। पुरुष वर्ग में -60 किलोग्राम श्रेणी में कुमार (कैथल) और शिवम (रोहतक) का प्रदर्शन सराहनीय रहा, वहीं -90 किलोग्राम वर्ग में दिवेश ( परमपिता साह सतनाम जी एजुकेशनल एंड वेल फेयर सोसाइटी) ने स्वर्ण पदक जीता। महिला वर्ग में -48 किलोग्राम में सिमरन (कैथल) ने स्वर्ण पदक हासिल किया, जबकि -70 किलोग्राम वर्ग में भारती (सोनीपत) और +78 किलोग्राम वर्ग में तमन्ना (सोनीपत) ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए स्वर्ण पदक अपने नाम किया।

# रिटायर्ड कर्मचारी संगठन की बैठक कल

**टीम एक्शन इंडिया**
**दिनेश नौताना**
**महेंद्र**गढ़। यादव धर्मशाला में रिटायर्ड कर्मचारी संगठन हरियाणा संबंद्ध अखिल भारतीय ट्रेड यूनियन कांग्रेस की बैठक सात नवबंर को आयोजित की जाएगी। रिटायर कर्मचारी संगठन के जिला प्रधान महेंद्र यादव भगड़ाना ने बताया कि बैठक में सेवानिवृत्त कर्मचारी संगठन के प्रांतीय प्रधान बाबूलाल यादव उपस्थित रहेंगे। उन्होंने बताया कि हरियाणा सरकार द्वार सेवानिवृत्त कर्मचारियों के साथ सरकार द्वारा पिछले काफी समय से मांगे अटकी हुई है। उनकी मांग है कि आठवे वेतन आयोग का फायदा कार्यक्रम कर्मचारियों के साथ सेवानिवृत्त कर्मचारियों को भी दिया जाए।

# पार्षद पुनीत राई ने करोड़ों की विकास परियोजनाओं का किया निरीक्षण

**निर्देश**

**: गुणवत्ता से समझौता बर्दाश्त नहीं, क्षेत्र की समस्याओं के स्थायी समाधान को दिए निर्देश**



**टीम एक्शन इंडिया**
**राई।** नगर निगम के वार्ड नंबर 8 में करोड़ों रुपये की लागत से चल रहे विकास कार्यों का बुधवार को पार्षद पुनीत राई ने मौके पर पहुंचकर निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने इंटरलॉकिंग टाइलों और सीवरेज पाइप लाइन बिछाने के कार्यों का बारीकी से जायजा लिया। पार्षद ने अधिकारियों और ठेकेदारों को बुलाकर पूरे हुए कार्यों की गुणवत्ता की जांच की और आवश्यक सुधार के निर्देश दिए। पार्षद पुनीत राई ने कहा कि क्षेत्र में विकास कार्यों की गति तेज रखी जाएगी, लेकिन गुणवत्ता से किसी भी तरह का समझौता नहीं किया जाएगा। उन्होंने स्पष्ट कहा कि निगम क्षेत्र में हो रहे हर कार्य की स्वयं निगरानी की जा रही है ताकि जनता को दी जा रही सुविधाओं में कोई कमी न रह जाए। निरीक्षण के दौरान पार्षद ने कुछ स्थानों पर पुलिया निर्माण और अन्य जगहों पर लोहे के जाल लगाने के निर्देश दिए ताकि बरसात के मौसम में जलभराव और सफाई संबंधी समस्याओं से लोगों को राहत मिल सके। इस मौके पर ग्रामीणों ने पार्षद पुनीत राई के समक्ष पेयजल समस्या रखी। इस पर पार्षद ने आश्वासन दिया कि पाइपलाइन दबाने का कार्य जारी है और जल्द ही यमुना नदी से क्षेत्र में पानी की सप्लाई शुरू कर दी जाएगी। उन्होंने कहा कि नागरिकों की समस्याओं का स्थायी समाधान उनकी प्राथमिकता है। निरीक्षण के दौरान बलवीर, सतपाल त्यागी, राकेश कौशिक, राकेश त्यागी, यशपाल त्यागी, रामप्रकाश कौशिक, सुरेश त्यागी, शिवचरण त्यागी, भूषण कौशिक, देवकांत, सतीश कौशिक सहित कई गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

# औद्योगिक विकास और इलेक्ट्रानिक्स सेक्टर को वैश्विक पहचान दिलाने को लेकर हुई बैठक

**टीम एक्शन इंडिया**
**गन्नौर ।** हरियाणा सरकार राज्य में औद्योगिक विकास और इलेक्ट्रानिक्स सेक्टर को वैश्विक पहचान दिलाने को लेकर बुधवार को पंचकूला में एक बैठक आयोजित की गई। बैठक में एमएसएमई और एचएसआईआईडीसी के महानिदेशक यश गर्ग, एमएसएमई इंडस्ट्रीज वेलफेयर एसोसिएशन बड़ी के अध्यक्ष नवीन कौशिक और इलेक्ट्रानिक्स एंड कंप्यूटर साफ्टवेयर एक्सपोर्ट प्रमोशन काउंसिल नई दिल्ली के वरिष्ठ प्रबंधक विकास अत्री उपस्थित रहे। बैठक में इलेक्ट्रानिक्स एवं कंप्यूटर साफ्टवेयर मैन्युफैक्चरिंग सेक्टर को नई दिशा देने, उद्योगों को ग्लोबल प्लेटफार्म से जोड़ने और एक्सपोर्ट को गति देने पर विस्तृत चर्चा हुई। नवीन कौशिक ने एचएसआईआईडीसी बड़ी औद्योगिक क्षेत्र की उपलब्धियों और चुनौतियों को साझा करते हुए कहा कि राज्य में इलेक्ट्रानिक उत्पाद निर्माण की अपार संभावनाएं हैं, लेकिन उनके लिए एक्सपोर्ट उन्मुख नीतियों और वैश्विक नेटवर्किंग की आवश्यकता है। महानिदेशक यश गर्ग ने भरोसा दिलाया कि सरकार और एचएसआईआईडीसी मिलकर इलेक्ट्रानिक्स मैन्युफैक्चरिंग को नई ऊंचाइयों पर ले जाने के लिए प्रतिबद्ध हैं।

# कृषि मंत्री राणा ने कपाल मोचन मेला में किया स्नान, श्रद्धालुओं को दी शुभकामनाएं

**सम्मानित**

**गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के रविन्द्र सिंह सहित अन्य सदस्यों ने उन्हें शॉल भेंट कर सम्मानित किया।**



**टीम एक्शन इंडिया**
**यमुनानगर, धर्मबीर-**
हरियाणा के कृषि एवं किसान कल्याण, मत्स्य एवं पशुपालन मंत्री श्याम सिंह राणा ने तीर्थराज कपाल मोचन पहुंचकर श्रद्धालुओं व यात्रियों को गुरु नानक देव जी के 556वें प्रकाश उत्सव की शुभकामनाएं दीं। उन्होंने गुरुद्वारा साहिब में माथा टेका, जहां गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के रविन्द्र सिंह सहित अन्य सदस्यों ने उन्हें शॉल भेंट कर सम्मानित किया। इसी प्रकार डेरा बाबा लाल दास के महंत निर्मल दास ने भी मंत्री का शॉल ओढ़ाकर स्वागत किया। इसके बाद कृषि मंत्री ने गऊ बच्छा घाट पर पूजा-अर्चना में भाग लिया। मंत्री राणा ने कहा कि तीज-त्योहार और मेले भारतीय संस्कृति का अभिन्न हिस्सा हैं, जिनसे भारत की पुरातन परंपराएं, लोककथाएं और जनश्रुतियां जुड़ी हैं। उन्होंने कहा कि ह्भारत की भूमि ऋषि-मुनियों, पीर-पैगम्बरों, शूरवीर योद्धाओं और गुरुओं की भूमि है। हरियाणा की यह पावन धरती ऋषि-मुनियों के तपोबल से पवित्र हुई है। बिलासपुर क्षेत्र महर्षि व्यास की कर्मस्थली रहा है, और यही स्थान सरस्वती नदी की उद्गम स्थली भी माना गया है।ह्व राणा ने कहा कि कपाल मोचन के तीनों सरोवरों कपाल मोचन, ऋण मोचन और सूरजकुंड में स्नान करने से क्रमशः पापों का नाश, ऋणों से मुक्ति और मोक्ष की प्राप्ति होती है। उन्होंने कहा कि लाखों श्रद्धालु वर्षों से यहां आकर आस्था की डुबकी लगाते हैं और अपनी मनोकामनाओं की पूर्ति का अनुभव करते हैं।
कृषि मंत्री ने कहा, हम सब यदि मिल-जुलकर कार्य करें तो हर कार्य सफल और श्रेष्ठ परिणाम देने वाला होता है। उन्होंने मेला में प्रशासन द्वारा की गई व्यवस्थाओं की सराहना करते हुए कहा कि बिजली, पानी और साफ-सफाई की बेहतरीन व्यवस्था की गई है। साथ ही उन्होंने लंगर सेवा में भाग लेकर प्रसन्नता व्यक्त की।
राणा ने श्रद्धालुओं को शुभकामनाएं दीं कि जिस भावना और कामना से वे मेला कपाल मोचन आए हैं, वह अवश्य पूर्ण हो।
मेला प्रशासक एवं एसडीएम जसपाल सिंह गिल ने मंत्री को मेला की गतिविधियों से अवगत करवाया। उन्होंने बताया कि अब तक लगभग 8 लाख श्रद्धालु तीनों सरोवरों में स्नान कर पूजा-अर्चना कर चुके हैं।

# आयोजन समिति ने विधायक के साथ मुख्यमंत्री को सौंपा बलिदान दिवस पर आयोजित समारोह का निमंत्रण



**टीम एक्शन इंडिया**
**राई ।** हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सैनी के राई स्थित हरियाणा खेल विश्वविद्यालय पहुंचने पर मुख्यमंत्री के ओएसडी विरेन्द्र बढखालसा व विधायक कृष्ण गहलावत के साथ आयोजन समिति ने मुख्यमंत्री से मुलाकात कर उन्हें अमर बलिदानी दादा कुशाल सिंह दहिया के 350वें बलिदान दिवस पर आयोजित राज्य स्तरीय कार्यक्रम का निमंत्रण दिया। आयोजन समिति ने मुख्यमंत्री को अवगत करवाया कि 14 नवंबर को राई स्थित एजुकेशन सिटी में यह ऐतिहासिक आयोजन दादा कुशाल सिंह दहिया के अद्वितीय बलिदान, वीरता और देशभक्ति की गौरवशाली गाथा को जन-जन तक पहुँचाने के उद्देश्य से आयोजित किया जा रहा है। मुख्यमंत्री नायब सैनी ने कहा कि ऐसे महान बलिदानियों की स्मृति में होने वाले आयोजन युवाओं में देशभक्ति और समाज सेवा की भावना को प्रेरित करते हैं। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार हमेशा ऐसे आयोजनों को समर्थन देती रही है जो समाज में राष्ट्रीय चेतना और एकता का संदेश दें। ओएसडी विरेन्द्र बढखालस ने बताया कि 14 नवम्बर को होने वाले राज्य स्तरीय कार्यक्रम में प्रदेश भर से विभिन्न खापों के प्रतिनिधि, गणमान्य नागरिक, जनप्रतिनिधि, समाजसेवी और बड़ी संख्या में ग्रामीण व युवा भाग लेंगे।

# जहांगीरपुरी में बंद पड़े नालों की जल्द से जल्द हो सफाईः एमएल भास्कर





**समस्या...**

- जहांगीरपुरी आई एण्ड जे ब्लॉक आरडब्ल्यूए ने नालों की सफाई को लेकर सीएम को लिखा पत्र
- आरडब्ल्यूए ने मुख्यमंत्री से अनुरोध किया है कि इस समस्या को संज्ञान में लेते हुए जहांगीरपुरी क्षेत्र के सभी नालों की तत्काल सफाई कराने हेतु संबंधित विभाग को आवश्यक निर्देश दें, ताकि स्थानीय निवासियों को इस समस्या से राहत मिल सके।
- जहांगीरपुरी में नाले पड़े है जाम, लोग हो रहे परेशान, जनता ने किया रोष प्रकट
- जहांगीरपुरी में नालों की सफाई करवायें सरकार, ताकि जनता न हो परेशान : एमएल भास्कर

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्लीः** जहांगीरपुरी इलाके में दिल्ली सरकार के अधीन आने वाले बड़े नाले जाम पड़े है। जिसकी वजह से जहांगीरपुरी की जनता को परेशान होना पड़ रहा है। इसको लेकर जहांगीरपुरी आई एण्ड जे ब्लॉक आरडब्ल्यूए ने स्थानीय निवासियों के साथ मिलकर नालों का निरीक्षण किया और पाया कि नाले कई जगह जाम पड़े है, नाले जाम पड़े होने पर लोगों ने रोष भी प्रकट किया।

आपको बतादें कि दिल्ली सरकार के पीडब्ल्यूडी विभाग के अन्तर्गत आने वाले मुख्य नाले बंद पड़े होने से जहांगीरपुरी के निवासियों को परेशान होना पड़ रहा है। जिसको लेकर जहांगीरपुरी आई एण्ड जे ब्लॉक आरडब्ल्यूए के अध्यक्ष एमएल भास्कर ने स्थानीय निवासियों के साथ मिलकर बड़े नालों का निरीक्षण किया और पाया कि कई जगह नाले बंद पड़े हुए है और लोगों ने बताया कि कई दिनों से इन नालों की सफाई भी नहीं हुई है।

इस संदर्भ में आरडब्ल्यूए अध्यक्ष एमएल भास्कर ने दिल्ली सरकार से मांग की है कि संबंधित विभाग जल्द से जल्द नालों की सफाई करवाये, जिससे की जनता को परेशान न होना पड़े।

**आरडब्ल्यूए ने दिल्ली की मुख्यमंत्री को लिखा पत्र**

इस समस्या को लेकर आरडब्ल्यूए ने दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता को पत्र भी लिखा है। उन्होंने बताया कि पत्र में लिखा गया है कि जहांगीर पुरी क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले बड़े नाले, जोकि पीडब्ल्यूडी विभाग के अधीन हैं, इनकी सफाई नियमित रूप से नहीं की जा रही है। इसके परिणाम स्वरूप क्षेत्र में आम जनता को भारी परेशानी एवं असुविधा का सामना करना पड़ता है।

उन्होंने मुख्यमंत्री से अनुरोध किया है कि इस समस्या को संज्ञान में लेते हुए जहांगीर पुरी क्षेत्र के सभी नालों की तत्काल सफाई कराने हेतु संबंधित विभाग को आवश्यक निर्देश देने की कृपा करें, ताकि स्थानीय निवासियों को समस्या से राहत मिल सके।

# विकसित दिल्ली निर्माण में सहकारिता क्षेत्र की होगी अग्रणी भूमिकाः रविन्द्र



**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्लीः** दिल्ली में सहकारिता बैंकिंग व अन्य सहकारिता से जुड़े क्षेत्रों को सशक्त बनाया जाएगा ताकि वो विकसित दिल्ली निर्माण में महत्वपूर्ण योगदान दे सकें। विभागीय कार्यशैली में पारदर्शिता, बैंकों की नई शाखाएं, आसान वित्तीय सहायता एवं आत्मनिर्भर बनाने की योजनाओं पर जोर देकर हम दिल्ली के सहकारिता क्षेत्रों को देश में अग्रणी व मॉडल बनाएंगे। दिल्ली सरकार के सहकारिता मंत्री रविन्द्र इन्द्राज सिंह ने यह बात जाकिर बाग, न्यू फ्रेंड्स कॉलोनी से 'मैनिटी फर्स्ट एम्बुलेंस सेवा के शुभारम्भ कार्यक्रम में कहीं।

यह एम्बुलेंस सेवा गंभीर रोगियों को आसपास के अस्पतालों तक पहुँचाने के उद्देश्य से शुरू की गई है। इस एम्बुलेंस सेवा को जामिया कोऑपरेटिव बैंक की ओर से आमजन को समर्पित किया गया। गंभीर रोगियों को अस्पतालों तक पहुँचाने के अलावा, मैनिटी फर्स्ट एम्बुलेंस सेवा मृतकों को अस्पताल से घर तथा कब्रिस्तान/श्मशान तक ले जाने की व्यवस्था भी करेगी ताकि उनके अंतिम संस्कार की प्रक्रिया सुचारू रूप से पूरी की जा सके। कार्यक्रम का आयोजन अंतरराष्ट्रीय सहकारिता वर्ष 2025 के तहत दिल्ली में लगातार हो रहे आयोजनों के तहत किया गया। रविन्द्र इन्द्राज ने कहा कि यशस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह के सहकार से समृद्धि के संकल्प ने भारत के सहकारिता आंदोलन को नई ऊँचाइयों पर पहुँचाया है। देश की दो अग्रणी सहकारी संस्थाओं अमूल और इफको ने वैश्विक सहकारी संस्थाओं की रैंकिंग में क्रमशः प्रथम और द्वितीय स्थान प्राप्त कर इतिहास रच दिया है।

विकसित भारत और विकसित दिल्ली की दिशा में दिल्ली का सहकारिता क्षेत्र भी महत्वपूर्ण योगदान दें इसके लिए प्रदेश में पहली बार व्यापक सुधार व प्रयास किये जा रहे हैं। कार्यक्रम में सहकारिता मंत्री ने शुभकामनायें देते हुए कहा कि जामिया कोऑपरेटिव बैंक लिमिटेड सहकारिता की भावना को बढ़ावा देने एवं छोटे व्यवसायों का समर्थन करने के लिए समर्पित है। बैंक की आठ शाखाएँ दक्षिण दिल्ली के विभिन्न क्षेत्रों में संचालित हो रही हैं, जिनका उद्देश्य गरीब एवं वंचित वर्ग को वित्तीय सशक्तिकरण प्रदान करना है। बैंक के अध्यक्ष एम.क्यू.एच. बेग ने सहकारिता मंत्री का आभार जताते हुए कहा कि बैंक आगे भी ऐसे सामाजिक योगदानों में अग्रणी रहेगा। जामिया कोऑपरेटिव बैंक की ओर से शुरू की गई इस सेवा का संचालन एवं प्रबंधन जामिया नेशनल फाउंडेशन द्वारा किया जाएगा।



अशोक विहार में आयोजित नगर कीर्तन के दौरान वजीरपुर विधानसभा क्षेत्र के पूर्व विधायक महेन्द्र नागपाल व अन्य।

# प्रभावती कैलाश चैरिटेबल ट्रस्ट के तत्वाधान में आयोजित हुआ सर्व धर्म सामूहिक विवाह



**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली/अंबेडकर नगरः** प्रभावती कैलाश चैरिटेबल ट्रस्ट के तत्वाधान में आयोजित सर्व धर्म सामूहिक विवाह कार्यक्रम के तहत घोड़े, रथ, ढोल-ताशों संगीत की मधुर धुन पर थिरकते हुए 21 दूल्हो से सुशोभित बारात राजशाही अंदाज में निकाली गई। बारात का ट्रस्ट एवं आये हुए अतिथियों ने स्वागत करते हुए राजवाड़े की भांति 21 गरीब व असहाय बेटियों के कन्यादान की रस्म निभाई। इस ऐतिहासिक पल का कई गणमान्य लोगों के साथ लगभग 10000 लोग साक्षी बने। कुरान की आयातों के बीच दो मुस्लिम एवं वैदिक मंत्रों चरण के बीच 19 हिंदू वैवाहिक जोड़ो के साथ कुल 21 जोड़ों का विवाह उनके रीति रिवाज के साथ संपन्न कराया गया। प्रभावती कैलाश चैरिटेबल ट्रस्ट के संस्थापक/अध्यक्ष शरद यादव के द्वारा कन्या भ्रूण हत्या को रोकने के लिए 4 वर्ष पूर्वगरीब बेटियों की शादी शाही अंदाज में करने का उठाया गया, बीड़ा आज प्रदेश स्तर पर अपनी रोशनी बिखेर रहा है। प्रभावती कैलाश चैरिटेबल ट्रस्ट के द्वारा सर्वधर्म सामूहिक विवाह कार्यक्रम के अंतर्गत कराई गई शादियों में जहां अब तक जनपद के ही गरीब बेटियों के हाथ पीले कराये रहे थे। वहीं इस बार 3 नवंबर को सम्पन्न हुए सर्वधर्म सामूहिक विवाह कार्यक्रम में जनपद के साथ साथ प्रदेश के अन्य जनपदों से भी आई हुई बेटियों का कन्यादान ट्रस्ट ने राजशाही अंदाज में अपने खर्चे पर सम्पन्न कराया। ट्रस्ट के संस्थापक/अध्यक्ष वरिष्ठ समाजसेवी शरद यादव व उनके पिता कैलाश यादव के नेतृत्व में संपन्न हुए सर्व धर्म सामूहिक विवाह कार्यक्रम में जनप्रतिनिधियों, वरिष्ठ समाज सेवियों, पत्रकारो, बुद्धिजीवियों व ट्रस्ट से जुड़े सदस्यों एवं पदाधिकारियों ने वैवाहिक जोड़ो के खुशहाल दांपत्य जीवन की कामना करते हुए उन्हें अपना आशीर्वाद दिया। शाम को हिन्दुस्तान मैरिज हॉल से रथ व घोड़े पर सवार गरीब व असहाय परिवार के कुल 21 दूल्हो की बारात शाही अंदाज में बसखारी बाजार होते हुए अवध मैरिज लान पहुंची। जहां पर उनका स्वागत करते हुए वैवाहिक स्थल पर ले जाया गया। इसके बाद राजकुमारियों की तरह 19 दुल्हने भी मंच पर लाई गई और गायत्री शक्तिपीठ से जुड़े धमार्चार्य राजेश कुमार एवं उनकी टीम के सदस्यो ने वैदिक मंत्रोच्चारण के बीच विवाह संपन्न कराया। कार्यक्रम संपन्न होने के बाद सभी वैवाहिक जोड़ों को ट्रस्ट की तरफ से गृह उपयोग में आने वाली 21 वस्तुएं उपहार स्वरूप प्रदान की गई।

**समारोह की व्यवस्था को देखकर अथिति हुए अभिभूत, वर वधू को दिया आशीर्वादः** कार्यक्रम में पूर्व कैबिनेट मंत्री, सांसद लालजी वर्मा, पूर्व कैबिनेट मंत्री, विधायक राम अचल राजभर, श्रावस्ती के सांसद राम शिरोमणि वर्मा, पूर्व सांसद सांखलाल माझी, पूर्व सांसद रितेश पांडे, ट्रस्ट के संयोजक वरिष्ठ समाजसेवी राम वचन यादव, जिला पंचायत अध्यक्ष साधू वर्मा, पूर्व मंत्री, विधायक टांडा राममूर्ति वर्मा, पूर्व एमएलसी हीरालाल यादव, जिला अध्यक्ष सपा जंग बहादुर यादव, पूर्व विधायक सुभाष राय, ब्लॉक प्रमुख सुजीत वर्मा, पूर्व ब्लाक प्रमुख बसंत लाल कनौजिया, ब्लॉक प्रमुख संजय सिंह, अमित जायसवाल व अन्य मौजूद रहे।

# विधानसभा अध्यक्ष विजेन्द्र गुप्ता ने प्रदर्शनी का किया अवलोकन

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्लीः** गुरु नानक देव जी महाराज के पावन प्रकाश पर्व के शुभ अवसर पर दिल्ली विधानसभा के अध्यक्ष विजेंद्र गुप्ता ने गुरुद्वारा बंगला साहिब में मत्था टेका। अध्यक्ष ने अरदास में भाग लिया और गुरु नानक देव जी की अनन्त शिक्षाओं के प्रति गहरी श्रद्धा व्यक्त की, जो आज भी मानवता को करुणा, समानता और निःस्वार्थ सेवा के मार्ग पर अग्रसर करती हैं।

श्री गुप्ता ने दिल्लीवासियों की शांति, समृद्धि और कल्याण के लिए भी मंगल कामना की तथा समाज में सामूहिक प्रगति और सौहार्द्र के लिए गुरु महाराज का आशीर्वाद प्राप्त किया। अध्यक्ष ने गुरुद्वारे में आयोजित एक विशेष प्रदर्शनी का भी भ्रमण किया। जो गुरु नानक देव जी महाराज के जीवन और विरासत को समर्पित थी। इस प्रदर्शनी में गुरु नानक देव जी के जीवन से जुड़े दुर्लभ अभिलेखीय फोटोग्राफ, पांडुलिपियाँ और उनके उपदेशों एवं यात्राओं से संबंधित दृश्य प्रस्तुत किए गए थे। श्री गुप्ता ने प्रदर्शनी में गहरी रुचि दिखाते हुए कहा कि यह प्रदर्शनी गुरु नानक देव जी के शांति, सामाजिक सद्भाव और विश्व बंधुत्व के अमूल्य योगदान को अत्यंत सुंदर ढंग से दशार्ती है।

अपने अनुभव को साझा करते हुए श्री गुप्ता ने कहा कि गुरुद्वारा बंगला साहिब में मत्था टेकना मेरे लिए एक अत्यंत आध्यात्मिक अनुभव रहा।

# वजीरपुर विधानसभा क्षेत्र की विधायक पूनम शर्मा भारद्वाज का धूमधाम से मनाया गया जन्मदिन, लोगों दी बधाई







**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्लीः** दिल्ली के वजीरपुर विधानसभा क्षेत्र की विधायक पूनम शर्मा भारद्वाज का जन्मदिन बड़े ही धूमधाम से मनाया गया। आपको बातदें कि सुबह से ही उनको बधाई देने वालों का तांता उनके निवास व कार्यालय पर लगा रहा।

एक ओर जहां लोगों ने उन्हें जन्मदिन की बधाई दी, वहीं उनकी दीघार्यु की भी कामना की।

**क्षेत्र की आरडब्ल्यूए, धार्मिक व सामाजिक संगठनों के पदाधिकारियों ने दी विधायक को जन्मदिन की बधाईः** विधायक पूनम शर्मा भारद्वाज को वजीरपुर विधानसभा क्षेत्र की कई आरडब्ल्यूए, धार्मिक व सामाजिक संगठनों के पदाधिकारियों ने भी जन्मदिन की बधाई दी और उनकी दीघार्यु की कामना की।

**विधायक को बुजुर्गों ने दिया आशीर्वादः** वजीरपुर विधानसभा क्षेत्र की विधायक पूनम शर्मा भारद्वाज को कई बुजुर्गों ने जन्मदिन पर आशीर्वाद दिया और स्वस्थ्य और दीघार्यु जीवन की कामना भी की। इस मौके पर भाजपा नेता श्याम सुन्दर, सत्यनारायण उर्फ बाबू, अजय जिंगाला, नरेश कुमार, एडवोकेट सुशील कुमार, धमेन्द्र कुमार, भूपेन्द्र कुमार, प्रदीप कोली, सुनील रजनीवाल, अंकित गुप्ता, तन्नू राज, आशू श्याम सुन्दर, नरेश गौतम, राजू कुमार, आकाश के अलावा कई गणमान्य लोगों ने विधायक पूनम शर्मा भारद्वाज को जन्मदिन की बधाई दी।

इस मौके पर वजीरपुर विधानसभा क्षेत्र की विधायक पूनम शर्मा भारद्वाज ने कहा कि जिन लोगों ने मुझे जन्मदिन की बधाई दी है। मैं उन सभी का धन्यवाद करती हूं।

# राजधानी दिल्ली में प्रदूषण का कहर, हवा में जहर, जनता परेशानः भारद्वाज




**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्लीः** बढ़ते प्रदूषण से राजधानी दिल्ली में सांस लेना मुश्किल हो गया है। हवा का गुणवत्ता सूचकांक 400 से ऊपर पहुंच चुका है, जो 'गंभीर' श्रेणी में आता है।

इस बढ़ते प्रदूषण के खिलाफ दिल्ली प्रदेश कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष देवेंद्र यादव ने बीजेपी की रेखा गुप्ता सरकार के खिलाफ सभी 70 विधानसभाओं में जोरदार धरना प्रदर्शन का आह्वान किया। करावल नगर जिले की पांचों विधानसभाओं में हुए प्रदर्शनों के दौरान कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने लोगों को मास्क बांटे और सरकार की नाकामी पर सवाल उठाए।

इन प्रदर्शनों में पूर्व विधायक हसन अहमद, जिलाध्यक्ष आदेश भारद्वाज, ऑब्जर्वर रोमेश कुमार सभरवाल, लक्ष्मण रावत, अशोक जैन, फरीद शाह, विधायक प्रत्याशी पीके मिश्रा, लोकेंद्र सिंह, ईश्वर बागड़ी, डॉ एस पी सिंह, मंगेश त्यागी, आसिफ मिर्जा ने सरकार के खिलाफ हुंकार भर कहा कि रेखा गुप्ता सरकार आठ महीने से सत्ता में है, लेकिन चुनावी घोषणा-पत्र में किए गए वादे 'दिल्ली क्लीन एयर मिशन' जैसे वादों पर कोई कार्रवाई नहीं हुई। दिवाली के बाद एकदम से बढ़ा यह प्रदूषण लोगों की जिंदगी को खतरे में डाल रहा है। उपस्थित नेताओं ने यमुना नदी की सफाई की विफलता पर भी निशाना साधा, इसे विषैला नाला बनाने का इल्जाम लगाते हुए कहा कि इससे प्रदूषण और बढ़ रहा है। कांग्रेस नेताओं ने आगे कहा कि बच्चों, बुजुर्गों और श्वास रोगियों के लिए यह विषैली धुंध घातक है।



# व्यस्त रहो खुश रहो

**अगर आप कामकाजी है तो तय है कि आप पर काम का बोझ भी ज्यादा होगा। अपने काम के इस बोझ को खुद पर हावी न होने दें। अपने व्यवहार में हल्का-सा बदलाव लाकर न सिर्फ आप खुश रहकर ऑफिस में बेहतरीन प्रदर्शन कर सकती है, बल्कि अपने रिश्तों को भी पहले की तुलना में बेहतर तरीके से सहेज और संवार सकती है।**

कार्यस्थल हो या घर, यदि आप अपने काम से खुश नहीं हैं तो इसका प्रभाव आपके काम पर पड़ता है। यह संभव है कि आपके आसपास का माहौल तनाव और चिंता उत्पन्न करने वाला हो, पर यह भी सही है कि जटिल परिस्थितियों का सामना करने के लिए स्वस्थ मस्तिष्क और शरीर की जरूरत होती है। अस्वस्थ जीवनशैली और कार्यस्थल का तनाव आपके लिए गंभीर परिणाम देने वाला साबित हो सकता है। तन को स्वस्थ रखने के लिए जहां अच्छा खान-पान और स्वस्थ जीवनशैली होना जरूरी है, वहीं स्वस्थ मस्तिष्क और असरदार काम के लिए सकारात्मक सोच का होना जरूरी है।

## व्यस्त रहना यानी संबंधों को मधुर बनाना

जर्नल ऑफ फैमिली साइकोलॉजी के अनुसार कार्यस्थल पर जिम्मेदारी वाले काम करते हुए व्यस्त रहने वाली महिलाएं अपनी शादी से अधिक खुश रहती हैं। चार साल तक किए गए इस अध्ययन में 169 जोडे शामिल किए गए। यह सर्वे उन महिलाओं के लिए हैरतभरा हो सकता है, जो निजी जीवन और काम की व्यस्तता के बीच खुद को हर समय तनावग्रस्त महसूस करती हैं। आमतौर पर माना भी यह जाता है कि कार्यस्थल पर व्यस्त रहने वाली महिलाओं की शादीशुदा जिंदगी में खुशियां कम होती जाती हैं। शोध में कार्यस्थल पर काम और पति के साथ संबंधों का अध्ययन किया गया है। इस नतीजे के संभावित कारण इस प्रकार हो सकते हैं..

करियर में सफल होना आत्मविश्वास को बढ़ाता है। कार्यस्थल पर व्यस्त रहने वाली महिलाएं अपने बारे में अच्छा महसूस करती हैं। संतुष्टि की यह भावना संबंधों पर भी सकारात्मक असर डालती है। पति-पत्नी दोनों का व्यस्त रहना दोनों के बीच समानता का संबंध उत्पन्न करता है, साथ ही घरेलू जिम्मेदारियों में आपसी सहयोग भी बढ़ाता है। एक-दूसरे के लिए समय कम मिलने की विवशता को समझते हुए पति-पत्नी, एक-दूसरे के साथ अधिक से अधिक क्वालिटी समय बिताने की कोशिश करते हैं।

## कार्यस्थल पर यूं रह सकती हैं खुश

अच्छा चुनाव करें- करियर के संबंध में गलत फैसले बड़े महंगे साबित होते हैं। अत- कोई भी निर्णय सोच-समझकर लें। यदि काम आपकी रुचि और एटीट्यूड के मुताबिक है तो आप उसे कम समय में या चुनौतियों के बीच भी बेहतर तरीके से कर सकेंगी। ऐसे करियर में जाना आपको तरक्की की ओर ले जाता है।

## अपने एटीटयूड को बदलें

जीवन की तरह करियर में भी काफी उतार-चढ़ाव आते रहते हैं। जब अच्छा हो रहा होता है, तो आपको अच्छा लगने लगता है। पर, जब चीजें विपरीत होती हैं तो निराशा और उदासीनता जन्म लेने लगती हैं। ऐसे में सकारात्मक दृष्टिकोण होना मददगार साबित होता है। ध्यान रखें कि आपके अच्छे मानसिक स्वास्थ्य के लिए सकारात्मक एटीटयूड बेहद अहम है।

## दूसरों को दोष न दें

ऑफिस में काम समय पर पूरा नहीं होना, कभी काम में अधिक गलतियां रहना, घर के सदस्यों और ऑफिस के सहकर्मियों के साथ मतभेद होना या तरक्की न मिलना, अपने साथ कुछ भी बुरा होने का कारण दूसरों को मानने लगना हमारे दुख को और बढ़ा देता है। इस बात में कोई दो राय नहीं है कि आप काम और तनाव की दोहरी जिम्मेदारियां संभाल रही हैं, ऐसे में कभी-कभार कामों के अव्यवस्थित होने की गुंजाइश भी रहती है। पर यदि आप ऐसे समय में अपनी प्रतिक्रिया पर नियंत्रण करके दूसरों को दोषी नहीं ठहरातीं तो आप खुद को बड़े तनाव से बचा सकती हैं। ऐसा करने से दूसरों के साथ संबंधों में खटास भी नहीं आएगी।

## हर काम के लिए खुद को दोषी न ठहराएं

जितना दूसरों को दोषी न ठहराना खुश रहने के लिए जरूरी है, उतना ही जरूरी यह भी है कि आप अपने या दूसरों के साथ होने वाली हर बात के लिए खुद को दोषी न ठहराएं। दूसरों के लिए दुखी होना या उनके प्रति सहानुभूति होना आपकी संवेदनशीलता को दिखाता है, पर यदि आप हर बात के लिए खुद को दोषी मानती हैं तो इससे दूसरों के लिए आपको कटघरे में खड़ा करना आसान हो जाता है। लगातार ऐसा होना आपमें हीनता का भाव उत्पन्न करेगा और आप दूसरों के व्यवहार से दुखी भी रहेंगी। आपके आसपास जो भी हो रहा है, इसके लिए खुद को दोषी ना ठहराएं।

## क्रोध से मुक्ति

जटिल परिस्थितियों में गुस्सा आना सबसे आसान प्रतिक्रिया होती है। आक्रोश में ना आते हुए अपनी बात सही व स्पष्ट शब्दों में पहुंचाना सही होता है, पर बिना जाहिर किए लंबे समय तक अपने गुस्से को बनाए रखना आपकी ऊर्जा और उत्साह को कम कर देता है। बेहतर है कि आप खुद को और दूसरों को क्षमा करना सीखें, साथ ही उन कारणों को भूलने का प्रयास करें, जिनके कारण यह समस्या उत्पन्न हुई है। आप तुरंत ऊर्जावान महसूस करेंगी और काम के प्रति आपको अच्छा लगने लगेगा।




# स्वाद भरा बेसन ढोकला

**सामग्री** - बेसन -2 छोटी कटोरी, नींबू का रस - 2 चम्मच, नमक -स्वादानुसार, तेल - 3 छोटे चम्मच, फरूट साल्ट - 1 छोटा चम्मच, हल्दी -1 छोटे चम्मच, अदरक - 1 इंच कद्दूकस की हुई

**गार्निश के लिए** - राई - 1 छोटा चम्मच, हरी मिर्च - 2 से 3 लंबी कटी हुई, नमक - आधा छोटा चम्मच, चीनी - 1 छोटा चम्मच, तेल - 1 छोटा चम्मच, हरा धनिया - आधी छोटी कटोरी, एक नींबू - रस निकला हुआ

**विधि** - बेसन को एक बाऊल में डाल लें, उसमें नमक, नींबू का रस, तेल, अदरक का पेस्ट और हल्दी डाल कर पानी की मदद से अच्छी तरह मिला लीजिए। याद रहे गुठली नहीं पडनी चाहिए, अगर आप को पेस्ट गाढ़ा लगता है तो पानी और डालें। पेस्ट को उतना गाढ़ा रखें जितना इडली बनाने के लिए रखते हैं। अब बेसन के पेस्ट को 20 मिनट के लिए ढक कर रखें, ताकि बेसन फूल जाए। एक पतीले में 2 गिलास पानी डाल लें, उसके अन्दर एक जाली वाला स्टैंड रखिए और पतीले को अच्छी तरह ढक दीजिए, गैस को मद्धम आंच पर चलाएं। 20 मिनट बाद बेसन को चम्मच से अच्छी तरह मिला लें और उसमें फ्रूट साल्ट डाल लें। पेस्ट को चम्मच से मिला लीजिए, पेस्ट को ज्यादा देर तक मिलाना नहीं है क्योंकि ज्यादा मिलाने से फरूट साल्ट में से हवा निकल जाएगी। थाली में चारों तरफ तेल लगा लें, फिर पेस्ट को उसमें डाल दीजिए। उस थाली को पतीले में स्टैंड के ऊपर रख कर ढक दें। अब 15 से 20 मिनट तक आग पर पकने दीजिए। फिर चाकू को ढोकले के अंदर डाल कर देखिए कि चाकू पर चिपक तो नहीं रहा, अगर ढोकला चिपक रहा हो तो गैस को थोड़ा और चलने दीजिए। जब ढोकला चिपकना बन्द हो जाए तब गैस बन्द करें और ठंडा होने के बाद चाकू से चारों तरफ से ढोकले को निकाल लीजिए। ढोकले को आप एक प्लेट में निकाल लीजिए । उसके बाद ढोकले को किसी भी साइज में काट लें। इसे बर्फी या चौकोर शेप में काटा जाता है। अब पैन में एक चम्मच तेल डाल लें। जब तेल गर्म हो जाए तो उसमें राई डाल दीजिए और राई के चटकने के बाद हरी मिर्च डालें। चम्मच से 2 से 3 बार चला लीजिए उस के बाद नमक और चीनी डालिए, उसमें एक कटोरी पानी डालें। उबाल आने तक पकने दें, उसके बाद गैस बंद करें और ठंडा होने के बाद ढोकले के ऊपर चम्मच की मदद से डाल दीजिए। इस तरह से डालिए ताकि पूरा पानी ढोकलों के ऊपर आ जाए। ढोकला बन कर तैयार है।

# सब्जियों से सजा लाजवाब ब्रैड पिज्जा



**सामग्री** - ब्रैड - 4 पीस, प्याज - 1 बारीक कटा हुआ, टमाटर - 1 बारीक कटा, गाजर - 1 कद्दूकस की हुई, शिमला मिर्च - 1 बीज निकाल कर बारीक कटी हुई, हरी मिर्च कटी हुई - 1 छोटा चम्मच, धनिया - थोड़ा-सा बारीक कटा हुआ, चिली सॉस - आधा छोटा चम्मच, सूजी - एक चौथाई कप, मलाई - एक-चौथाई कप, नमक - स्वादानुसार, तेल - 1 छोटा चम्मच

**विधि** - ब्रैड स्लाइस तिकोने काट लीजिए, बाकी सामग्री अच्छी तरह मिला लीजिए और उसे 5 मिनट के लिए रख दीजिए। ब्रैड के टुकड़ों पर एक तरफ सारी सामग्री फैला दें। एक नॉन स्टिक तवे पर तेल डालें, जब तेल गर्म हो जाए तब उसमें ब्रैड के टुकड़े रख दीजिए और उन्हें हल्की आंच पर भूरा होने तक दोनों तरफ से सेंक लें। ब्रैड पिज्जा बन कर तैयार है, टमाटर की चटनी के साथ गर्मा-गर्म परोसें।

# काजू चिक्की



**सामग्री** - 250 ग्राम काजू, 250 ग्राम चीनी या गुड़, 2 छोटे चम्मच घी

**विधि** - काजू को 2 टुकड़ों में काट लीजिए। कड़ाही में एक छोटा चम्मच घी डाल कर गर्म कीजिए, घी में चीनी डालिए और मिला दीजिए। तेज या मध्यम आग पर चीनी को पिघलने दीजिए। चीनी को चम्मच से लगातार चलाते रहिए, चीनी तले में लगनी नहीं चाहिए।जैसे ही चीनी पूरी तरह पिघल जाए, आग बन्द कर दीजिए, कटे हुए काजू डाल कर अच्छी तरह मिलाइए। चिकनी की गई थाली या समतल जगह को चिकना करके, काजू मिश्रण को उसके ऊपर रखिए, बेलन को घी लगाकर चिकना कीजिए, चिक्की के मिश्रण को इच्छानुसार पतला या मोटा बेल लें। चिक्की के गर्म ही रहने तक जिस आकार में आप चिक्की के टुकड़े करना चाहते हैं यदि चाकू से निशान डाल दें, तो टुकड़े उसी आकार में तोड़े जा सकते हैं। ठंडा होने पर चिक्की के टुकड़े चाकू से नहीं, हाथ से ही अपने पसन्द अनुसार कर लीजिए। तैयार काजू की चिक्की को एयर टाइट कंटेनर में भर कर रख लीजिए।



# केसरिया लड्डू

**सामग्री** - बेसन तीन कटोरी (दरदरा पिसा हुआ), चीनी दो कटोरी, - इलायची पाऊडर एक छोटा चम्मच, एक-चौथाई कटोरी काजू अथवा बादाम, केसर 5-6 लच्छे, चुटकी भर मीठा पीला रंग, देसी घी तलने के लिए, एक-चौथाई कप दूध

**विधि** - बेसन को छान कर उसमें चुटकी भर मीठा पीला रंग मिलाएं और पानी से घोल तैयार कर लें। अब एक पतीले में पानी एवं शक्कर मिला कर एक तार की चाशनी तैयार कर लें। चाशनी में थोड़ा-सा पीला रंग और केसर हाथ से मसल कर डाल दें। साथ ही पिसी इलायची भी डाल दें। एक कड़ाही में घी गर्म करके छेद वाली स्टील की छलनी या झारे की सहायता से थोड़ी-थोड़ी करके सारे घोल की बूंदी बनाती जाएं और चाशनी में डालती रहें। जब बूंदी पूरी तरह से चाशनी पी ले, तब हाथ पर हल्का-सा घी या पानी लगा कर हल्के से दबाते हुए सभी बूंदी के लड्डू तैयार कर लें। लड्डू बनाते समय सभी पर एक-एक काजू अथवा बादाम रख कर हाथ से दबा दें। अब गणपति बप्पा को घर पर तैयार किए गए इन खास लड्डुओं का भोग लगाएं।

# ऑनलाइन डेटिंग
## जोड़ियां बनाने का नया तरीका



**इंटरनैट की मदद से जीवन साथी की तलाश अब कोई नया मुद्दा नहीं रह गया बल्कि अधिकांश युवा एवं प्रौढ़ अकेले रह रहे लोग अपने लिए साथी की तलाश हेतु सोशल नैटवर्किंग की मदद लेने लगे हैं। चैटिंग के माध्यम से एक-दूसरे को जानने के बाद वे लोग पर्सनली मिलना चाहते हैं ताकि इस संबंध को एक प्रैक्टीकल शेप दी जा सके। अगर आप भी इंटरनैट के माध्यम से अपने प्यार की तलाश कर रही हैं तो कुछ बातों का ध्यान रखें...**

## सावधानी जरूरी

- यदि ऑनलाइन साथी की तलाश कर रही हैं तो विभिन्न सर्च इंजन की सहायता लें, साथ ही ऑनलाइन फ्रेंड से रियल लाइफ में मिलने का निर्णय लें तो यह सुनिश्चित कर लें कि आपकी पहली मुलाकात के लिए वह जगह पब्लिक प्लेस हो।
- इस बात से इंकार नहीं किया जा सकता कि ऑनलाइन डेटिंग के बारे में थोड़ी-सी भी लापरवाही आपके लिए खतरा बन सकती है।
- भले ही विदेशों में यह सब काफी कॉमन हो परंतु अब अपने देश में भी ऑनलाइन डेटिंग का क्रेज कम नहीं है। बेशक ऑनलाइन डेटिंग से मनचाहा साथी भी मिल जाता है लेकिन इस आभासी दुनिया में छल करने वालों की भी कमी नहीं है।

## साइट्स की पहचान

कुछ साइट्स हैं जो यह निर्णय करती हैं कि आप किससे मिलें जबकि कुछ साइट्स आपको आवश्यक डेट के बारे में सलाह देती हैं। सबसे जरूरी बात आप इन साइट्स की कीमत को जरूर जांच लें, छोटी और क्षेत्रीय साइट्स को भी नजरअंदाज न करें।

## ईमानदारी से बनाएं प्रोफाइल

यह सही है कि ऑनलाइन प्रोफाइल बनाते समय अपनी उम्र, बैकग्राऊंड या आदतों के बारे में झूठी जानकारी देने से बचना चाहिए। इस बात का विशेष ध्यान रखें कि अपने बारे में बहुत अधिक जानकारी भी न दें और सीक्रेट्स तो बिल्कुल भी शेयर न करें, भले ही आप सामने वाले व्यक्ति को पहचानती ही क्यों न हों।

## थोड़ी बेईमानी की उम्मीद

- विशेषज्ञ मानते हैं कि ऑन लाइन डेटिंग रिलेशन बनाने की अपेक्षा एक तरह से विज्ञापन होता है। यह ऐसा विज्ञापन है जो अतिश्योक्तिपूर्ण कथन और झूठ से भरा होता है।
- दोस्ती करने वाले को यह उम्मीद होती है कि सामने वाला व्यक्ति अपनी बैस्ट फोटो अपलोड करेगा जबकि वह अपनी कम उम्र की फोटो के साथ ही अपने वजन को भी कई किलो छिपा जाता है।
- ये बातें भले ही बहुत छोटी-छोटी नजर आती हैं, फिर भी इसी बात से अंदाजा लगा कर चलें कि वह और भी कई बातों में झूठ बोल रहा होगा, अत- हर बात को स्वयं परखना बहुत जरूरी है।

## फॉड से बचें

किसी भी नई तकनीक के समान ही ऑनलाइन डेटिंग के भी कुछ नकारात्मक पहलू हैं। इनमें से सबसे बड़ी बात फॉड की है। बड़ी संख्या में अंतर्राष्ट्रीय सहायता संघ भी वजूद में हैं जो ऑनलाइन डेटिंग साइट्स पर भी मौजूद हैं और अक्सर इस तरह के मैसेज भेज कर दावा करते हैं कि कुछ लोग हैं जो मुसीबत में हैं और उनके पास पैसे नहीं हैं। अगर कोई व्यक्ति विशेषत- जो दूसरे देश से हो तो उससे तुरंत नाता तोड़ लें।

## जासूस बनना बुरा नहीं

- जिससे ऑनलाइन मिली हैं और फिर उस व्यक्ति से वास्तव में मिलने जा रही हैं तो उनके बारे में थोड़ी जांच-पड़ताल भी करें।
- इसके लिए मल्टीपल सर्च इंजन का सहारा लें। आपराधिक बैकग्राऊंड की भी जांच करें। इस बात को सुनिश्चित कर लें कि उसके अनुसार जो वह है वह सच है।

# बच्चों की शिक्षा में
## माँ-बाप की भागीदारी जरूरी

**बच्चे के सहज और स्वाभाविक विकास के लिए स्कूल एक महत्वपूर्ण स्थान है। बच्चा स्कूल के माहौल में ही अपने दूसरे साथियों के साथ तालमेल बिठाना सीखता है। उसकी स्वयं की छवि भी स्कूल में जाकर ही बनती है। वहीं पर उसे अपनी कार्यक्षमता का अहसास भी होता है। बच्चे के लिए घर से बाहर की पहली दुनिया स्कूल ही होती है।**





आमतौर पर होता यह है कि बच्चे को स्कूल भेजने के बाद कई बच्चों के माता-पिता स्वयं को तमाम जिम्मेदारियों से मुक्त मान लेते हैं। उन्हें लगता है कि बच्चा अब सिर्फ स्कूल की जिम्मेदारी बन गया है। कई बार देखने में आता है कि बच्चों की शिक्षा में माता-पिता जितनी रूचि लेते हैं उसका खासा असर बच्चों की शिक्षा पर पड़ता है। जिन बच्चों के माता-पिता बच्चों के स्कूल से लौट कर आने के बाद उनकी डायरी देखते हैं, समय-समय पर उनका होमवर्क करवाते हैं वे बच्चे पढ़ाई में अपेक्षाकृत ज्यादा अच्छे निकलते हैं।

बच्चे के स्कूल से लौट कर घर आने के बाद मां की जिम्मेदारी बनती है कि वह बच्चे के गुजरे छोटे से छोटे अनुभव के साथ अपनी साझेदारी करे ताकि बच्चा उस माहौल में ढल सके। आमतौर पर देखने में आता है कि बच्चा स्कूल से घर लौट कर आने के बाद गंदे हाथों से ही कुछ भी खा पी कर अपने दूसरे भाई-बहनों के साथ खेलने में लग जाता है और दूसरे दिन जब स्कूल जाने का समय होता है तो उसे अपने अधूरे होमवर्क और गंदी यूनीफार्म में ही बेमन से स्कूल जाना पड़ता है।

बच्चा जब स्कूल से लौट कर आए तो मां को इसके लिए पहले से ही पूरी तैयारी रखनी चाहिए। बच्चे के आने के बाद उसके हाथ-मुंह धुला कर, उसकी यूनीफार्म बदल कर उसे दोपहर का खाना खिलाना चाहिए। बच्चा स्कूल से लौट कर आने के बाद सबसे महत्वपूर्ण स्वयं को ही समझता है। बच्चे के खाना खाने के दौरान ही उसके स्कूल में उसके साथ क्या कुछ गुजरा, विषय पर उससे पूछा जा सकता है।

कामकाजी माता-पिता के बच्चे अकसर स्कूल से लौटने के बाद या तो क्रेच में जाते हैं या फिर घर में आने के बाद घरेलू नौकरों या दादा-दादी के संरक्षण में रहते हैं। ऐसे बच्चों के माता-पिता भले ही दोपहर में न सही लेकिन शाम को आफिस से लौटने के बाद या फिर रात के खाने के समय उसके स्कूल के अनुभवों के बारे में पूछ सकते हैं।

अकसर स्कूल में शिक्षकों की शिकायत रहती कि कामकाजी महिलाएं अपने बच्चों का पूरा ध्यान नहीं रखतीं जिससे ऐसी माताओं को अपराधबोध महसूस होता है। उन्हें इस अपराधबोध से थोड़ा उबरना पड़ेगा। ऐसी महिलाओं को चाहिए कि वह चाहे जहां कहीं भी हों लेकिन बच्चे के स्कूल से आते ही कम से कम उससे फोन पर तो बात कर ही लें।

ध्यान रखें कि आप जो भी समय बच्चे को दे रहे हैं उसकी उपयोगिता हो। यह जरूरी नहीं है कि बच्चे के सामने हर समय मौजूद रहें। लेकिन आपके बच्चे के मन में आपकी मौजूदगी सदा बनी रहे, इसके लिए प्रयास जरूर करें।